RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित



नवरात्रि के छठें दिन
मां कात्यायनी की पूजा पेज-8

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 33 ■ अंक 252 ■ मुंबई, शुक्रवार 4 अप्रैल 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह



ट्रंप टैरिफ का भारत पर क्या होगा असर? पेज-4



गोरखपुर में देश का बड़ा एथेनॉल प्लांट तैयार पेज-6



घरेलू टीमों को पिच की स्थिति चुनने का अधिकार होना चाहिए : आकाश चोपड़ा पेज-9



करीना कपूर की बोटॉक्स से तौबा पेज-10

## Short News एक नजर

### LOC पर फिर मिला PIA लिखा प्लेन वाला गुब्बारा

**पूंछ।** जम्मू-कश्मीर के पूंछ जिले में गुरुवार दोपहर एक अनोखी घटना सामने आई। स्थानीय ग्रामीणों ने एक हवाई जहाज के आकार का गुब्बारा देखा, जिस पर पाकिस्तान से जुड़े निशान थे। वहीं, उस प्लेन पर PIA लिखा था। यह घटना जिले के किरनी गांव में हुई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, ग्रामीणों ने जब इस संदिग्ध गुब्बारे को देखा तो तुरंत इसकी सूचना प्रशासन को दी। सुरक्षा बलों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और गुब्बारे को अपने कब्जे में ले लिया। शुरुआती जांच में गुब्बारे पर कुछ चिह्न और प्रतीक मिले हैं, जो पाकिस्तान की ओर इशारा कर रहे हैं। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां अब इस बात की जांच कर रही हैं कि यह गुब्बारा किसलिए भेजा गया था और इसका सोर्स क्या हो सकता है।

### कुएं में डूबने से आठ लोगों की मौत

**खंडवा।** मध्य प्रदेश के खंडवा जिले के छैगांवमाखन क्षेत्र के कोंडावत गांव में गुरुवार शाम एक दुखद घटना घटी, जहां गणगौर विसर्जन के लिए कुएं की सफाई करते समय आठ लोग डूब गए। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस व प्रशासन ने रेस्क्यू टीम को मौके पर भेजा। फिलहाल, डूबने वालों की पहचान नहीं हो पाई है। गांव के चौक में स्थित कुएं में दलदल और कचरा होने से जहरीली गैस से यह हादसा होने की बात कही जा रही है। कुएं में अंदर कितने व्यक्ति है, इसकी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है।

### मणिपुर में राष्ट्रपति शासन पर संसद में मंजूरी का प्रस्ताव पेश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वक्फ संसोधन विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद करीब दो बजे मणिपुर में राष्ट्रपति शासन के संबंध में लोकसभा में वैधानिक प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने कहा कि पिछले चार महीनों से मणिपुर में हिंसा नहीं हुई है। मैं यह नहीं कहता कि स्थिति संतोषजनक है, लेकिन यह नियंत्रण में है। मैं राष्ट्रपति शासन का अनुमोदन लेने आया हूं। कांग्रेस के पास इतने सांसद नहीं हैं कि वे अविश्वास प्रस्ताव ला सकें।

### दो साल की बच्ची ने बर्ड फ्लू से गंवाई जान

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश में 2 साल की बच्ची ने बर्ड फ्लू से संक्रमित होने के बाद दम तोड़ दिया है। यह देश में इस बीमारी से इंसान की मौत का दूसरा मामला है। इससे पहले साल 2021 में एक मौत हुई थी। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, इस बच्ची ने कच्चा चिकन खा लिया है। इस वजह से उसमें बर्ड फ्लू का संक्रमण हो गया था। बच्ची को पहले हल्का बुखार आया था। उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कुछ दिन के इलाज के बाद उसका निधन हो गया।

# मोदी हैं तो मुमकिन है...

## लोकसभा में पास हुआ वक्फ संशोधन बिल | राज्यसभा में भी मैराथन बहस

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

वक्फ संशोधन बिल बुधवार को लोकसभा में पास होने के बाद गुरुवार को राज्यसभा में पेश किया गया। दोपहर 1 बजे से चर्चा शुरू हुई और खबर लिखे जाने तक जारी रही। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने वक्फ बिल पर विपक्ष के रुख को लेकर निशाना साधा। नड्डा ने कहा- हमने कांग्रेस नेतृत्व वाली UPA सरकार की तुलना में वक्फ बिल को लेकर कहीं ज्यादा गंभीरता दिखाई। यह बिल पार्टी इंट्रेस्ट का नहीं है,यह नेशनल इंट्रेस्ट का विषय है। इसलिए मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए। विषय को डिरेल नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा- बिल में कहीं राम मंदिर आ रहा है। कहीं कुंभ मेला दिख रहा है। बिहार का इलेक्शन दिख रहा। कहीं एअर इंडिया बिक गया। कहीं केरला का सिनेमा आ गया। ये सब चर्चा को डिरेल करने की कोशिश है।




### कानून में ट्रांसपैरेंसी, अकाउंटेबिलिटी, एक्यूरेसी केंद्रित बदलाव : रिजिजू

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि व्यापक चर्चा के बाद तैयार किए गए बिल को जेपीसी के पास भेज दिया गया था। वक्फ को लेकर जेपीसी ने जितना काम किया, उतना काम किसी कमेटी ने न हीं किया। इससे पहले बुधवार देर रात तक चर्चा के बाद इस बिल को लोकसभा से पारित कर दिया गया। रिजिजू ने राज्यसभा में कहा- संशोधित बिल में मुसलमानों के धार्मिक क्रियाकलापों में किसी तरह का हस्तक्षेप कोई गैर मुस्लिम नहीं करेगा। हमने ट्रांसपैरेंसी, अकाउंटेबिलिटी, एक्यूरेसी पर केंद्रित बदलाव किए हैं।

### वोटिंग के लिए कोई व्हिप जारी नहीं किया : बीजेडी

ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की पार्टी बीजू जनता दल ने विपक्ष की उम्मीदों को बड़ा झटका दे दिया है। नवीन पटनायक की पार्टी की ओर से बयान जारी कर कहा गया है कि आज राज्यसभा में वोटिंग के लिए कोई व्हिप जारी नहीं किया है। बीजू जनता दल की ओर से जारी बयान के मुताबिक पार्टी ने अपने सांसदों से कहा है कि वह अपने हिसाब से मतदान कर सकते हैं। पार्टी की कोई लाइन नहीं है,जिसका पालन करना जरूरी है। हालांकि कुछ देर पहले बीजेडी के सांसद ने राज्यसभा में चली चर्चा के दौरान वक्फ संशोधन बिल का विरोध किया था। राज्यसभा में बीजू जनता दल के 7 सांसद हैं। बीजेडी के इस स्टैंड से एनडीए की राह आसान हो गई है। वहीं, विपक्ष की मुश्किलें में इजाफा हो सकता है।

शेष पेज 7 पर

# मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठा बैंकॉक का आसमान

● पीएम ने जीता थाईलैंड के लोगों का दिल

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज छठें बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर थाईलैंड पहुंचे,जहां उपप्रधानमंत्री सूर्या जुंगरुंगरींगकिट ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। बैंकॉक के डॉन मुआंग हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री के आगमन पर सिख समुदाय के लोगों ने भांगड़ा किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने सभी का अभिवादन स्वीकार किया। बाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बैंकॉक के गवर्नमेंट हाउस में थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगटार्न शिनवात्रा ने स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यहां औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैंकॉक में थाई प्रधानमंत्री शिनावात्रा के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और थाईलैंड की प्रधानमंत्री की मौजूदगी में भारत और थाईलैंड ने MoUs का आदान-प्रदान किया।

शेष पेज 7 पर



### सदियों पुराने संबंध को प्रगाढ़ करते PM मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और थाईलैंड के सदियों पुराने संबंध हमारे गहरे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सूत्रों से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्म के प्रसार ने हमारे जन-जन को जोड़ा है। अयुत्थया से नालंदा तक विद्वानों का आदान-प्रदान हुआ है। रामायण की कथा थाई लोक-जीवन में रची-बसी है और, संस्कृत-पाली के प्रभाव आज भी भाषाओं और परंपराओं में झलकते हैं।

# वक्फ बिल जेडीयू में बगावत की पहली चिंगारी

## सीनियर नेता कासिम अंसारी का इस्तीफा

**महानगर नेटवर्क**
**पटना**

वक्फ संशोधन बिल को लोकसभा में देर रात पारित किया गया। कई मंचों पर विरोध के बावजूद एनडीए में शामिल जेडीयू ने समर्थन दिया। इस फैसले के बाद जेडीयू के नेताओं ने बागी तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। जेडीयू के सीनियर नेता डॉ.मोहम्मद कासिम अंसारी ने लोकसभा में वक्फ बिल का समर्थन करने पर पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। जेडीयू के वरिष्ठ नेता डॉ मोहम्मद कासिम अंसारी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अपना त्याग पत्र भेज दिया है,उन्होंने अपने त्याग पत्र में लिखा, 'उन्हें और लाखों करोड़ों भारतीय मुसलमानों को विश्वास था कि नीतीश कुमार विशुद्ध रूप से सेक्युलर विचारधारा के ध्वजवाहक हैं, लेकिन अब यह विश्वास टूट गया है।'



**पत्र में मोहम्मद कासिम ने क्या लिखा?**

मोहम्मद कासिम जिला (पूर्वी चंपारण) प्रवक्ता भी थे,उन्होंने त्यागपत्र की जानकारी पत्र के जरिए जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा और जिलाध्यक्ष मंजू देवी को भी दे दी है। नीतीश कुमार को लिखे गए पत्र में कासिम ने कहा है,हम जैसे लाखों-करोड़ों भारतीय मुसलमानों का अटूट विश्वास था कि आप विशुद्ध रूप से सेक्युलर विचारधारा के ध्वजवाहक हैं, लेकिन अब यह यकीन टूट गया है।

# सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला | 25 हजार शिक्षकों और स्कूल स्टाफ की नौकरी रद्द

## अब तक का वेतन भी लौटाना होगा, ममता बोली फैसला मान्य नहीं

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल में शिक्षा व्यवस्था को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 3 अप्रैल को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए लगभग 25,000 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को रद्द कर दिया। ये नियुक्तियां 2016 में वेस्ट बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन (WBSSC) के माध्यम से की गई थीं,जिनके चयन में धोखाधड़ी पाई गई। कलकत्ता हाई कोर्ट ने पहले ही इस भर्ती को रद्द कर दिया था और अब सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले को सही ठहराते हुए इसे पूरी तरह से निष्क्रिय घोषित कर दिया। कोर्ट ने कहा कि जिन उम्मीदवारों को गलत तरीके से नौकरी मिली उन्हें अब तक का वेतन भी लौटाना होगा। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने कहा,हमारी राय में,पूरी चयन प्रक्रिया धोखाधड़ी से दूषित हो चुकी है और इसे ठीक नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन उम्मीदवारों को नियुक्ति मिली थी, उन्हें अब तक प्राप्त वेतन वापस नहीं करना होगा,लेकिन उनकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी। इस फैसले से न केवल नियुक्ति प्राप्त करने वाले शिक्षकों के भविष्य पर संकट गहरा हो गया है, बल्कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था को भी गंभीर धक्का लगा है। कोर्ट ने नए चयन के लिए तीन महीने के भीतर भर्ती प्रक्रिया पूरी करने का आदेश दिया है। इस मामले में सीबीआई जांच का महत्वपूर्ण रोल रहा है। CBI ने खुलासा किया कि OMR शीट्स में भारी हेरफेर किया गया था, जिससे कई अयोग्य उम्मीदवारों को भर्ती में शामिल किया गया। इन असमानताओं ने इस चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। CBI ने पाया कि SSC के सर्वर और NYSA के पूर्व कर्मचारी पंकज बंसल के सर्वर के डेटा में असमानताएं थीं, जिससे चयन में गड़बड़ी का पता चला।



### विभिन्न पक्षों की तर्क और चुनौती

इस मामले में कई पक्षों ने कोर्ट में अपनी दलीलें दीं। गैर-चयनित उम्मीदवारों ने पूरी प्रक्रिया को रद्द करने के बजाय, दोषी उम्मीदवारों को हटाकर नए लोगों को मौका देने की मांग की। वहीं, चयनित उम्मीदवारों ने भी अपनी नियुक्ति को बचाने के लिए कोर्ट में याचिकाएं दायर कीं। CBI जांच के खिलाफ राज्य सरकार ने याचिका दायर की है, जिसकी सुनवाई 4 अप्रैल को होगी।

### 'SC का सम्मान, नहीं मान सकती फैसला' : सीएम

पश्चिम बंगाल में 26 हजार शिक्षकों और अन्य कर्मचारी भर्ती को सुप्रीम कोर्ट ने अवैध घोषित किया, जिसके बाद राजनीति गरमा गई है। इसे लेकर भाजपा ने सीएम ममता बनर्जी से इस्तीफे की मांगी की है तो वहीं सीपीएमन ने तुरंत इस पद को भरने की बात कही है। इस मामले में बंगाल की सीएम ममता बनर्जी कोर्ट के फैसले से खुश नहीं हैं, उन्होंने कहा कि न्यायपालिका का बेहद सम्मान करती हूं, लेकिन फैसले को स्वीकार नहीं कर सकती।

# मुंबई में हथियारों की खेप बरामद

## सात पिस्टल और 21 जिंदा कारतूस के साथ पांच गिरफ्तार

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

हफ्ता निरोधी शाखा (एईसी) ने अंधेरी इलाके में बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के पास से एईसी के अधिकारियों ने सात अलग-अलग हथियार बरामद किए हैं। आरोपी एक होटल में रुके हुए थे। अबतक की जांच में आरोपियों के बिश्नोई गैंग से लिंक नहीं मिला है। लेकिन पुलिस सारे एंगल खंगालने में जुटी हुई है।

मामले में जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है,उनके नाम विकास दिनेश ठाकुर (24,गोरखपुर), सुमित कुमार दिलावर (26 सोनीपत),देवेंद्र सक्सेना(24, इंदौर), श्रेयस यादव(27, गोपालगंज) और विवेक कुमार गुप्ता(22,राजस्थान) के रहने वाले हैं। आरोपियों के पास से पुलिस ने सात पिस्टल और 21 जिंदा कारतूस बरामद किया है। अपराध शाखा द्वारा की गई अबतक की जांच में पता चला है कि आरोपी हथियार की सप्लाई करने मुंबई आये हुए थे। एक अधिकारी ने बताया कि इन अथियारों को मध्य प्रदेश से मुंबई लाया गया था। लेकिन मुंबई में हथियार किसे सप्लाई किया जाना था इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। अपराध शाखा के डीसीपी दत्ता नालावाड़े ने बताया कि जांच में अबतक किसी भी गैंग का नाम सामने नहीं आया है। लेकिन यह किसे और किस मकसद से दिया जाना था इसकी जांच जारी है।



पुलिस ने अंधेरी इलाके के प्लेटिनम होटल के पास से आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी अलग - अलग ट्रेनों से मुंबई पहुंचे थे और विकाश ठाकुर नामक आरोपी पहले से ही मुंबई में था, जिसने आरोपियों को रिसीव किया था और होटल में कमरा भी बुक किया था। आरोपियों में से सुमित के खिलाफ हरियाणा में कई मामले दर्ज हैं।

# अमेरिकी कंपनियों को लगा मोटा चूना

**नई दिल्ली।** जिस टैरिफ प्लान पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दंभ रहे थे। उसी टैरिफ को अमेरिकी शेयर बाजार ने पूरी तरह से नकार दिया। डाव जोंस से लेकर नैस्डैक और एसएंडपी 500 सब धराशाई हो गए। डाव जोंस में 3.50 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं दूसरी ओर नैस्डैक करीब करीब 5 फीसदी की गिरावट रही। वहीं दूसरी ओर एसएंडपी 500 में 4 फीसदी की गिरावट देखने को मिली। मतलब साफ है कि ट्रंप का टैरिफ प्लान अमेरिकी शेयर बाजार को हजम होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। उसका कारण भी रेसिप्रोकल टैक्स से अमेरिकी कंपनियों को बड़ा नुकसान होता हुआ दिखाई दे रहा है।


# डोनाल्ड ट्रंप ने फोड़ा 'टैरिफ बम'

▸▸ भारत से इम्पोर्ट पर 26% टैक्स

▸▸ चीन पर 34% का चाबुक!

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 26% 'रेसिप्रोकल टैरिफ' लगाने का ऐलान किया है,उन्होंने वाइट हाउस में इससे जुड़े एक एक्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए। ट्रंप ने अन्य देशों पर 10% 'न्यूनतम बेसलाइन टैरिफ'लगाने की घोषणा की ताकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था को 'फिर से मजबूत' किया जा सके। 'रोज गार्डन' में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान, ट्रंप ने ऐलान किया कि सभी विदेशी निर्मित ऑटोमोबाइल्स पर 25% टैरिफ लगाया जाएगा,जो आधी रात से प्रभावी होगा। ट्रंप ने यूरोपीय संघ (EU) और एशियाई देशों पर अमेरिकी कारों के खिलाफ भारी टैरिफ लगाने का आरोप लगाया,उन्होंने कहा कि अमेरिका केवल 2.4% टैरिफ लगाता है,जबकि थाईलैंड 60%, भारत 70% तक शुल्क वसूलता है।



**सबसे ज्यादा टैरिफ वाले देश**

| देश | टैरिफ (%) |
|---|---|
| भारत | 26% |
| चीन | 34% |
| यूरोपीय संघ | (EU)20% |
| वियतनाम | 46% |
| ताइवान | 32% |
| जापान | 24% |
| थाईलैंड | 36% |
| स्विट्जरलैंड | 31% |
| इंडोनेशिया | 32% |
| मलेशिया | 24% |
| कंबोडिया | 49% |
| यूनाइटेड किंगडम | 10% |

# मुंबई के उपनगर में पाए गए 16,343 कुपोषित बच्चे

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

देश का सबसे धनी शहर में कुपोषित बच्चा पाया जाना बड़ा दुर्भाग्य है। मुंबई के उपनगर में प्रारंभिक जांच में 16,343 कुपोषित बच्चे कुपोषित पाए गए हैं। जिसको लेकर चिंता जाहिर की जा रही है। भाजपा मुंबई अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री जिन पर उपनगर के पालक मंत्री की जवाबदारी है,उन्होंने प्रशासन को तत्काल उपाय योजना तय कर अगले 10 दिनों में लिखित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के स्पष्ट निर्देश दिया है।

बता दें कि आंगनबाड़ी सेविकाओं की प्रारंभिक जांच में मुंबई के उपनगर इलाकों में 16,343 कुपोषित बच्चे पाए गए हैं। मुंबई में कुपोषित बच्चे पाए जाने पर मुंबई



उपनगर के पालक मंत्री आशीष शेलार ने उपनगर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में विशेष बैठक आयोजित की। इस बैठक में जिलाधिकारी राजेंद्र क्षीरसागर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी और मुंबई महानगर पालिका के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि मुंबई उपनगर की एकीकृत बाल विकास सेवा योजना के पोषण ट्रैकर ऐप पर फरवरी में कुल 2,38,094 बच्चों का पंजीकरण किया गया था। इनमें से 2,34,896 बच्चों का वजन और लंबाई मापा गया। इसके अनुसार,आंगनबाड़ी सेविकाओं ने 2,887 बच्चों को अत्यंत गंभीर कुपोषित और 13,457 को मध्यम गंभीर कुपोषित के रूप में दर्ज किया। इन गंभीर और मध्यम गंभीर कुपोषित बच्चों की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत अक्टूबर 2024 से फरवरी 2025 तक स्वास्थ्य जांच की गई। इस जांच में 1,159 बच्चे अत्यंत गंभीर और 3,096 मध्यम गंभीर कुपोषित पाए गए। वहीं,फरवरी 2025 में किए गए नए सर्वे में 450 अत्यंत गंभीर और 407 मध्यम गंभीर कुपोषित बच्चे मिले हैं। इन आंकड़ों का आधिकारिक प्रमाणन किया जा रहा है और मनपा के चिकित्सा अधिकारियों द्वारा जांच जारी है।


# LoC पर 20 मिनट तक चली गोलियां

**जम्मू।** पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के कृष्णा घाटी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया, जो तीन दिनों में इस तरह की दूसरी घटना है। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा बिना उकसावे के की गई गोलीबारी का भारतीय सेना ने कड़ा जवाब दिया। मंगलवार को,पाकिस्तान ने पुंछ में नियंत्रण रेखा पर बारूदी सुरंग विस्फोट के बाद एक और संघर्ष विराम उल्लंघन किया। पाकिस्तानी सेना ने कथित तौर पर उन्हें कवर फायर प्रदान करते हुए सीमा पार घुसपैठियों को धकेलने का प्रयास किया।

# साझेदारी का सही समय | ट्रंप के टैरिफ के बाद जिनपिंग ने पीएम मोदी को भेजा खत

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

अमेरिका की तरफ से जहां दुनियाभर के देशों पर टैरिफ का ऐलान किया गया है। इसका असर भारत, चीन समेत कई यूरोपीय देशों पर सीधा पड़ेगा। वहीं अब ट्रंप के इस कदम के बाद बारी उनके कट्टर दुश्मन शी जिनपिंग की थी। चीन ने एक बड़ा दांव खेला है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा है कि ये चीन और भारत दोनों के साझेदार बनने का सही समय है। शी जिनपिंग ने कहा है कि दोनों देशों को अपनी दोस्ती को औ मजबूत करना चाहिए। चीन के राष्ट्रपति ने कहा है कि दोनों पड़ोसी देशों के बीच सहयोग की बहुत बड़ी क्षमता है। सवाल ये है कि चीन का इरादा क्या है और इस बाबत भारत को क्या रुख अपनाना चाहिए? चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भारत को पत्र लिखा है। चीन की तरफ से भारत को कूटनीतिक संबंध के 75 वर्ष होने पर पत्र लिखा गया है। कई बार ये कहा जाता है कि चीन की कथनी और करनी में अंतर होता है। चीन की बातें मत सुनो चीन जमीन पर क्या कर रहा है,उस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। दरअसल,भारत डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ से निपटने के लिए एक के बाद एक कई कूटनीतिक कदम उठा रहा है। दूसरी तरफ चीन चाश्नी में भरे शब्दों का इस्तेमाल कर भारत को अपनी ओर खींचने की कोशिश कर रहा है। लेकिन आपको याद रहे कि भारत ने ये साफ कर दिया है कि जब तक सीमाएं शांत नहीं होती, तब तक ये रिश्ता आगे नहीं बढ़ सकता। भारत अमेरिका और चीन के बीच तनाव में कोई जल्दबाजी बिल्कुल नहीं दिखा रहा है। भारत वेट एंड वॉच की नीति अपना रहा है। भारत जापान,ऑस्ट्रेलिया, यूरोपीय देशों के साथ रिश्तों को और मजबूत कर रहा है। चीन पर निर्भरता को कम कर अपनी आत्मनिर्भरता को और बढ़ा रहा है।






# सिंगापुर के तर्ज पर महाराष्ट्र में बनेगा ग्लोबल स्किल सेंटर

## मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा की सिंगापुर के वाणिज्य दूत के साथ चर्चा

महानगर संवाददाता

मुंबई



महाराष्ट्र के युवाओं को विश्वस्तरीय कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें वैश्विक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कौशल विकास विभाग कार्य कर रहा है। इसी दिशा में महाराष्ट्र में भी सिंगापुर के तर्ज पर एक ग्लोबल स्किल सेंटर स्थापित करने के प्रयास जारी हैं। इसी संदर्भ में गुरुवार को कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने सिंगापुर के वाणिज्य दूत ओंग मिंग फुंग से मंत्रालय में मुलाकात कर चर्चा की। मंत्री लोढ़ा ने बताया कि कानूनी प्रक्रियाएं पूरी होते ही महाराष्ट्र के युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के ट्रेड में प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा। बैठक के दौरान सिंगापुर के वाणिज्य दूत ओंग मिंग फुंग ने महाराष्ट्र राज्य के विभिन्न हिस्सों में चल रहे व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी ली। कौशल विकास विभाग द्वारा संचालित केंद्रों पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया और महाराष्ट्र के विद्यार्थियों को विश्व स्तरीय कौशल प्रशिक्षण देने पर सहमति जताई। सिंगापुर के इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन सर्विसेज में वैश्विक उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुसार कौशल पाठ्यक्रम शामिल किए जाते हैं। इस पहल के माध्यम से महाराष्ट्र के युवाओं को बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रोजेक्ट्स में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा, वे आधुनिक तकनीक, रोबोटिक्स, एआई टेक्नोलॉजी, औद्योगिक प्रणाली और सेवाओं से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।सिंगापुर के ग्लोबल स्किल सेंटर के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे छात्रों को वैश्विक रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं।

### अब गरीबों की जमीन सुरक्षित रहेगी : लोढ़ा

वक्फ (संशोधन) विधेयक को लोकसभा में 288 मतों से मंजूरी मिल गई है, जिससे पारदर्शिता, प्रशासनिक सुधार और समावेशिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने देश के नागरिकों को न्याय दिलाने के लिए यह विधेयक पेश किया है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री गृहमंत्री अमित शाह जी और सभी को हार्दिक बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल का यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण विधेयक है। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा होगी। इस विधेयक के कारण अब गरीबों की जमीन हड़पी नहीं जाएंगी। फर्जी लेन-देन से कोई नुकसान नहीं होगा और वक्फ संपत्तियों में होने वाले घोटालों पर रोक लगेगी।

### मुख्यमंत्री ने की 100 दिवसीय योजना की समीक्षा

# स्कूलों में सभी सुविधाओं के साथ जियो टैगिंग का निर्देश



**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने निर्देश दिया है कि राज्य के सभी स्कूलों में पीने के पानी, शौचालय सहित अन्य भौतिक सुविधाओं के साथ जियो टैगिंग की जानी चाहिए। साथ ही विभाग को प्रतिष्ठित स्कूलों की वर्तमान स्थिति की जांच करने का निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने जिला योजना समिति से निधि प्राप्त करने वाले प्रत्येक सरकारी कार्यालयों को अपने भवनों पर सौर पैनल लगाने के निर्देश दिए हैं। सह्याद्रि अतिथि गृह में मुख्यमंत्री ने गुरुवार को 22 विभागों की 100 दिवसीय योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार, संबंधित विभागों के मंत्री, राज्य मंत्री, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि सभी सरकारी भवनों में सौर ऊर्जा का उपयोग किया जा रहा है, लेकिन अगले पांच वर्षों तक इसका प्रबंधन संबंधित आपूर्तिकर्ता कंपनी को दिया जाना चाहिए। भवन पर लगे सौर पैनलों को साफ रखा जाना चाहिए। सरकार साढ़े सात हॉर्स पावर तक के सौर ऊर्जा आधारित पंपों के लिए सब्सिडी दे रही है, जहां बूस्टर पंप की आवश्यकता होगी, वहां बूस्टर पंप भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

### महाराष्ट्र की जेलों में गूंज रहे गीता के श्लोक

मुंबई। राज्य की छत्रपति संभाजी नगर, कोल्हापुर, नाशिक, ठाणे और तलोजा जेल में इन दिनों गीता के श्लोक गूंज रहे हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पहल पर शुरू इस अभियान में 190 कैदी भगवद गीता के श्लोकों का पाठ कर रहे हैं। पिछले एक साल से गीता परिवार संगठन के माध्यम से महाराष्ट्र की केंद्रीय जेलों में ऑनलाइन भगवद गीता कक्षाएं चलाई जा रही हैं। स्वामी गोविंद देव गिरी महाराज द्वारा स्थापित गीता परिवार के स्वयंसेवक इस पहल में प्रशिक्षक की भूमिका निभा रहे हैं। अब तक, गीता परिवार द्वारा 12 लाख साधकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जा चुका है। यह पूरी तरह से नि:शुल्क कक्षाएं 13 भाषाओं में और 21 टाइम स्लॉट्स में सोमवार से शुक्रवार तक संचालित की जाती हैं। हर सत्र 40 मिनट का होता है, जिसमें गीता के श्लोकों का शुद्ध उच्चारण सिखाया जाता है। इस पहल को पूरे राज्य में व्यापक रूप से विस्तारित करने का प्रयास किया जा रहा है।

इन ऑनलाइन कक्षाओं के लिए तकनीकी आवश्यकताओं को पूरा करने में जेल प्रशासन और कर्मचारी सहयोग कर रहे हैं। पहली कक्षा दिसंबर 2023 में छत्रपति संभाजीनगर जेल में शुरू हुई थी। इसके बाद यह पहल धीरे-धीरे कोल्हापुर, नाशिक, ठाणे और तलोजा की केंद्रीय जेलों तक पहुंची। इस पहल में छत्रपति संभाजीनगर की जेल से 25, ठाणे से 35, कोल्हापुर से 45, नाशिक से 40, तलोजा से 35 और येरवडा से 10 कैदी शामिल हैं, यानी कुल लगभग 190 कैदी गीता के श्लोकों का पाठ कर रहे हैं।

प्रत्येक अध्याय के अर्थ का ऑनलाइन माध्यम से भी व्याख्या की जाती है। वर्तमान में, ठाणे, नाशिक, कोल्हापुर और तलोजा जेलों में तीसरे चरण का प्रशिक्षण पूरा होने वाला है, जिसमें कुल 12 अध्यायों का अध्ययन किया जा चुका है। गीता परिवार की ओर से सभी साधकों को पठनीय गीता पुस्तकें भी उपलब्ध कराई गई हैं। जेल अधिकारी और कैदी इस पहल से संतुष्ट हैं। इसके अलावा, येरवडा महिला जेल में सीधे कक्षाएं आयोजित की गयी, और पुरुष कैदियों के लिए प्रत्येक रविवार को प्रेरणादायक व्याख्यान दिए जाते हैं। शनिवार और रविवार को, कैदियों द्वारा सीखे गए श्लोकों की व्याख्या की जाती है और उनकी शंकाओं का समाधान किया जाता है। गीता परिवार की कक्षाएं चार चरणों में संचालित होती हैं, जिन्हें स्तर कहा जाता है। पहले स्तर में दो अध्याय, दूसरे में चार अध्याय, और तीसरे व चौथे स्तर में छह-छह अध्याय सिखाए जाते हैं।

## ईमेल आईडी हैक कर निकाल लिए पैसे

**मुंबई।** पवई के एक व्यवसायी का मेल आईडी हैक कर सायबर धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। लेकिन समय पर इसकी शिकायत करने और पुलिस अधिकारियों की सक्रियता से 11 करोड़ 19 लाख रुपये बैंक में जब्त करने में सफल रहे। सायबर अपराध शाखा से मिली जानकारी के मुताबिक घटना 3 अप्रैल के दोपहर लगभग डेढ़ बजे की है। जैसे ही उन्हें उनके अकाउंट से 11 करोड़ 19 लाख रुपये कटने की जानकारी मिली, वैसे ही उन्होंने इसकी शिकायत सायबर पोर्टल और सायबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर की। सायबर के अधिकारी तुरंत हरकत में आये और संबंधित बैंक के नोडल अधिकारी से संपर्क कर 11 करोड़ 19 लाख 50 हजार 501 रुपये सायबर अपराध शाखा के अधिकारियों की मेहनत से बचा लिए गए। एक अधिकारी ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने एक कंपनी के बैंक खाते से जुड़ी ईमेल आईडी को हैक कर लिया है। फिर जालसाज ने कंपनी के नाम से कोटक महिंद्रा बैंक को एक ईमेल भेजा, जिसमें बैंक को गुमराह करते हुए व्यवसाय संचालन के झूठे बहाने से दो अलग-अलग खातों में 11, 34, 85, 258 रुपये का लेनदेन किया, जिससे साइबर धोखाधड़ी हुई।

### सैकड़ों लोगों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

# स्व. दुर्गेश सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि

**मुंबई।** उत्तर भारतीय संघ भवन, बांद्रा (पूर्व) में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सैकड़ों लोगों ने स्वर्गीय दुर्गेश सिंह को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। दुर्गेश सिंह, जो डॉ. हरिवंश सिंह के छोटे पुत्र थे, का 15 मार्च को निधन हो गया था। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों के गणमान्य व्यक्तियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और श्रद्धासुमन अर्पित किए।



सभा में पूर्व मंत्री सचिन अहिर, विधायक राज हंस सिंह, पूर्व विधायक रमेश सिंह, पूर्व मंत्री चंद्रकांत त्रिपाठी, वरिष्ठ नेता रामबक्स सिंह, उत्तर भारतीय संघ के अध्यक्ष संतोष आरएन सिंह, उद्योगपति शारदा प्रसाद सिंह, रत्नेश सिंह, जय प्रकाश सिंह, बाल्मीकि समाज के नेता सतपाल सिंह पिहवाल, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मुंबई के अध्यक्ष अमर बहादुर सिंह, उदय प्रताप सिंह और दयाशंकर सिंह सहित कई प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं। सभा में मौजूद सभी गणमान्य व्यक्तियों ने स्व. दुर्गेश सिंह के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। रमेश सिंह, जो शाहगंज के विधायक और दुर्गेश सिंह के बड़े भाई हैं, ने इस क्षति को अपूरणीय बताते हुए कहा कि, "दुर्गेश हमारे परिवार का ही नहीं, बल्कि समाज का भी अभिन्न हिस्सा थे। उनके जाने से जो खालीपन आया है, उसे भरना असंभव है।" श्रद्धांजलि सभा के दौरान भजन संध्या का भी आयोजन किया गया, जिसमें सुप्रसिद्ध गायक सुरेश शुक्ला ने अपने मधुर भजनों से माहौल को भावनात्मक बना दिया। उपस्थित लोगों ने भजन-कीर्तन के माध्यम से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। डॉ. हरिवंश सिंह ने श्रद्धांजलि सभा में शामिल सभी गणमान्य व्यक्तियों और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी शुभचिंतकों और समर्थकों का धन्यवाद देते हुए कहा कि समाज द्वारा व्यक्त की गई संवेदनाएं उनके परिवार के लिए संबल का कार्य करेंगी।

## मुंबई में एक महीने तक ड्रोन, एयर बैलून, एयरक्राफ्ट उड़ाने पर रोक

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर बड़ा फैसला लिया है। पुलिस ने एक महीने की अवधि के लिए ड्रोन, रिमोट-कंट्रोल माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट, पैरा ग्लाइडर और हॉट एयर बैलून उड़ाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार (03 अप्रैल) को इस संबंध में जानकारी दी है। ये प्रतिबंध 4 अप्रैल से प्रभावी हो जाएगा। एक अधिकारी ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत जारी निषेधाज्ञा 4 अप्रैल से 5 मई तक लागू रहेगी। आतंकियों और असामाजिक तत्वों से लोगों की सुरक्षा को लेकर खतरे की आशंका है। फ्लाइंग ऑब्जेक्ट पर बैन को लेकर आदेश को न मानने पर सख्त कार्रवाई की बात कही गई है।


**महावितरण** — महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित

**ई-निविदा सुचना**

महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित कंपनीच्या ग्रामीण विभाग, नाशिक कार्यालयाअंतर्गत रोहित्र वाहतूक व इतर सामग्री वाहतूक कामासाठी परवानाधारक विद्युत ठेकेदारांकडून ई-निविदा क्रमांक EE/NSKR/T-01/2025-26 महावितरण कंपनीच्या http://works.mahadiscom.in/eTender/etender संकेतस्थळावर उपलब्ध करण्यात आल्या आहेत. सदर निविदा विक्रीसाठी दि. ०४.०४.२०२५ ते १४.०४.२०२५ (रात्री ११.५५ वा.) पर्यंत उपलब्ध राहतील. निविदा भरण्याची अंतिम तारीख दि. १५.०४.२०२५ ला सकाळी ११.०० वाजेपर्यंत आहे. (कुठल्याही परिस्थितीत वेळ वाढवून दिली जाणार नाही, याची इच्छुक परवानाधारक ठेकेदारांनी नोंद घ्यावी). निविदेच्या आवृत्तीत/शुद्धीपत्रातील कोणताही बदल यापुढे आमच्या वेबसाईटवर प्रकाशित केला जाईल.

निम्न स्वाक्षरीकार निविदेबाबत कोणतेही कारण न देता कोणतीही किंवा सर्व ऑफर नाकारण्याचा अधिकार राखून ठेवत आहेत.

कार्यकारी अभियंता,
म रा वि वि कं मर्या.
नाशिक ग्रामीण विभाग, नाशिक.

(PRO No.:-109/2025)


### ओशिवरा के लोगों में मनपा के खिलाफ नाराजगी

# सीमेंट कंक्रीट की बनी सड़क दुबारा खोदी गई

**मुंबई।** अंधेरी के ओशिवारा इलाके में हाल ही में बनाई गई सीमेंट कंक्रीट सड़क को बुधवार को फिर से खोद दिया गया। सड़क के दोबारा खोदे जाने से स्थानीय निवासी नाराज हो गए। कुछ महीने पहले ही इस सड़क का निर्माण कार्य पूरा हुआ था। सड़क निर्माण के दौरान लोगों को धूल और मिटटी की परेशानी झेलनी पड़ी थी। स्थानीय लोगों की परेशानी अभी जाकर खत्म हुई थी कि अब दोबारा धूल मिटटी से परेशानी झेलनी पड़ेगी। बुधवार को सड़क फिर से खुदी देख सभी हैरान रह गए। मिली जानकारी के अनुसार लगभग तीन महीने पहले अंधेरी के ओशिवारा स्थित इंद्र दर्शन रोड पर कंक्रीट सड़क का काम पूरा हुआ था। मनपा ने इलाके की एक अन्य सड़क पर कांक्रीटीकरण का काम शुरू किया है। बुधवार को जब स्थानीय निवासियों ने देखा कि उनकी हाल ही में बनी सड़क को फिर से खोदा जा रहा है और वहां बड़े-बड़े पत्थर तथा मलबा फैला हुआ है तो वे हैरान रह गए। स्थानीय निवासी सुजॉय घोष जिनकी बिल्डिंग का गेट उसी सड़क पर खुलता है ने कहा हमने जब सड़क को फिर से खुदा हुआ देखा तो बहुत दुख हुआ। उन्होंने कहा कि यहां खुदाई करने वाली एजेंसी द्वारा कोई भी सूचना पट्ट नहीं लगाया गया था जिसमें काम की शुरुआत और समाप्ति की तारीख का उल्लेख हो। मनपा अधिकारियों ने पुष्टि की कि अदानी इलेक्ट्रिसिटी को भूमिगत केबल में खराबी के कारण मरम्मत कार्य करने की अनुमति दी गई थी।

## मुंबई सेंट्रल जीआरपी में होगी मोबाइल की नीलामी

**मुंबई।** जीआरपी मुंबई सेंट्रल ने जिस मोबाइल के वारिसदार नहीं मिले हैं उसके नीलामी का आयोजन किया गया है। यह नीलामी 5 अप्रैल को रेलवे जीआरपी में रखी गई है। 20 से 25 मोबाइल की नीलामी की जानी है, उसमें से अधिक भाव जो मोबाइल का देगा उसे मोबाइल मिलेगा। एक विशेष मुहिम के तहत पुलिस मोबाइल के नीलामी का आयोजन किया गया है। इस नीलामी में 20 से 25 मोबाइल की नीलामी की जानी है। जिसकी खुली नीलामी होगी। जो भी यहां आएगा उसे नीलामी में बोली लगाने का मौका मिलेगा।

# म्हाडा उपाध्यक्ष का चलता-फिरता जनता दरबार

### पांच आवेदकों की समस्याओं का तत्काल समाधान

**मुंबई।** नागरिकों और म्हाडा प्रशासन के बीच संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से म्हाडा के उपाध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव जायसवाल ने गुरुवार को पांच आवेदकों की शिकायतें सुनी। उन्होंने म्हाडा गृहनिर्माण भवन के विभिन्न कार्यालयों का दौरा कर नागरिकों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को समझा। बांद्रा स्थित म्हाडा मुख्यालय में आयोजित जनता दरबार को इस बार एक नई पद्धति से संपन्न किया गया। जनता दरबार के अंतर्गत प्राप्त पांच आवेदकों की शिकायतों की सुनवाई कर जायसवाल ने उनका त्वरित समाधान किया।


**ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई)**

(भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अधीन एक वैधानिक संस्था)
4थी मंज़िल, सेवा भवन, आर. के. पुरम, नई दिल्ली – 110066
वेबसाइट: www.beeindia.gov.in, फोन: 011-26766700

LiFE Lifestyle For Environment

**जीईएफ-यूएनडीपी परियोजना के अंतर्गत "भवनों में ऊर्जा दक्षता और तापीय सुविधा (ईसीटीबी)" परियोजना के लिए तकनीकी पेशेवरों की नियुक्ति**

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) "भवनों में ऊर्जा दक्षता और तापीय सुविधा (ईसीटीबी)" परियोजना के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करने हेतु परियोजना प्रबंधक, वरिष्ठ क्षेत्र विशेषज्ञ और वित्त सहायक की नियुक्ति विशुद्ध अनुबंध आधार पर करना चाहता है. यह नियुक्ति दो वर्षों की अवधि के लिए होगी, जिसे वार्षिक आधार पर बढ़ाया जा सकता है, बशर्ते परियोजना की आवश्यकता और व्यक्ति के प्रदर्शन के आधार पर संतोषजनक परिणाम मिलें.

इच्छुक उम्मीदवार जो पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, वे अपना जीवनवृत्त (सीवी) निर्धारित प्रारूप में अंतिम तिथि [यहाँ तिथि दर्ज करें] तक निम्नलिखित पते पर भेज सकते हैं:

सचिव, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई), 4थी मंज़िल, सेवा भवन, आर. के. पुरम, सेक्टर-1, नई दिल्ली – 110066.

पदों का विवरण, शैक्षणिक योग्यता, आयु और पेशेवर कार्यानुभव आदि की जानकारी ऊर्जा दक्षता ब्यूरो की वेबसाइट www.beeindia.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है.

निदेशक (भवन), बीईई

सीबीसी 34106/12/0001/2526


### उद्धव ठाकरे का भाजपा पर पलटवार

# भाजपा की नीति पटाखे जलाओ भाग जाओ : उद्धव ठाकरे



महानगर संवाददाता

मुंबई

देश में वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक को लेकर देश और राज्य में सियासत गर्म है। सत्ता पक्ष समर्थन तो विरोधी पार्टियां सदन के भीतर और बाहर विधेयक का जमकर विरोध कर रही है। सदन में संशोधन विधेयक का विरोध करने वाली उद्धव सेना की पार्टी यूबीटी पर चौतरफा हमला बोलने वाली भाजपा और शिवसेना पर पूर्व मुख्यमंत्री और यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने पलटवार किया है। लोकसभा में वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक पास होने के बाद गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए उद्धव ठाकरे ने हिंदुत्व के मुद्दे पर भाजपा को जमकर घेरा, भाजपा की दो अलग-अलग धर्मों में झगड़ा लगाने की नीति है। भाजपा पटाखे जलाकर, भाग जाती है, फिर जनता के बीच जाकर ढिंढोरा पीटना शुरु कर देती है कि पटाखे जलाने की योजना हमने बनाई थी। वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक पर उनकी पार्टी ने क्यों विरोध किया। इस सवाल के जवाब में उद्धव ने कहा कि एक तो वक्फ बिल जमीनों पर नजर रखकर लाया गया है। दूसरा वक्फ बोर्ड की जमीन कब्ज़ा कर अपने व्यापारी दोस्तों को देने जा रहे हैं उसका हमने भी विरोध किया है।

### भाजपा किसके विचारों पर चल रही है?

हिंदुत्व मुद्दे पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आरोप का जवाब देते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि भाजपा ने मुस्लिम समाज का ऐसा स्वागत और सम्मान किया है कि जिन्ना को भी शर्म आ गई होगी। फडणवीस को यह बताना चाहिए कि उनकी पार्टी अटल बिहारी बाजपेयी के विचारों पर चल रही है या जिन्ना के विचारों पर। वहीं वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक के यूबीटी के विरोध करने पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उद्धव और उनकी पार्टी पर हमला किया था। फणडवीस ने कहा कि बालासहेब ठाकरे के विचारधारा को त्याग कर उद्धव, राहुल गाँधी के विचार पर चल रहे हैं।

**यूबीटी पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का प्रहार**

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक का विरोध कर उबाठा ने हिंदुत्व और बालासाहेब के विचारों को हमेशा के लिए छोड़ दिया है। विधेयक मुद्दे पर उबाठा गुट के नेतृत्व का वैचारिक रूप से दिवालिया निकल गया है और उनका भविष्य अंधकारमय हो गया है।

**रजा अकादमी और उलेमा बोर्ड ने उद्धव का जताया आभार**

बुधवार रात लोकसभा में पारित हुए वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 के खिलाफ देशभर में तीखी प्रतिक्रिया हो रही है। रजा अकादमी के प्रमुख अल्हाजी मुहम्मद सईद नूरी, उलेमा बोर्ड और अन्य गणमान्यों ने उद्धव ठाकरे और उनकी पार्टी शिवसेना (ठाकरे) का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने इस महत्वपूर्ण समय में यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाया और संभावित नतीजों की परवाह किए बिना सच्चाई का साथ दिया। ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड के राष्ट्रीय महासचिव अल्लामा बुनई हसनी ने भी कहा कि मुसलमानों के हक में उनके द्वारा उठाई गई आवाज को देश हमेशा याद रखेगा।


**पश्चिम रेलवे की ओर से बांद्रा टर्मिनस ⇌ बनारस के बीच ग्रीष्म विशेष गाड़ी का संचालन**

| गाड़ी क्र. | आरंभिक स्टेशन तथा गंतव्य | संचालन की तिथियां | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09029 | बांद्रा टर्मिनस – बनारस (अनारक्षित विशेष) | 10.04.2025 से 26.06.2025 तक | 04.30 बजे (गुरुवार) | 06.30 बजे (अगले दिन) |
| 09030 | बनारस-बांद्रा टर्मिनस (अनारक्षित विशेष) | 11.04.2025 से 27.06.2025 तक | 09.30 बजे (शुक्रवार) | 12.15 बजे (अगले दिन) |

**ठहराव** : बोरीवली, बोईसर, वापी, भेस्तान, चलथाण, नंदूरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल, कटनी, सतना, माणिकपुर, प्रयागराज जं. तथा ज्ञानपुर रोड स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में.

**संयोजन** : सामान्य द्वितीय श्रेणी कोचेस.

ठहराव, संयोजन और समय-सारिणी के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये यात्रीगण कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in का अवलोकन करें.

ठहराव और समय-सारिणी के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये यात्रीगण कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in का अवलोकन करें.

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly
: instagram.com/Westernrly

सभी आरक्षित टिकटों के लिए वैध पहचान पत्र साथ रखें.



**पनवेल महानगरपालिका**
**शहर अभियंता विभाग**
**फेर निविदा सुचना (२nd Call)**

निविदा सुचना क्र.पमपा/बांधकाम/६५२४/प्र.क्र.७७/१३४४/२०२५ दिनांक: ०३/०४/२०२५

आयुक्त, पनवेल महानगरपालिका खालील नमूद कामाकरीता सार्वजनिक बांधकाम विभाग, केंद्रीय सार्वजनिक बांधकाम विभाग, महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण, सिडको इत्यादी शासकीय / निम शासकीय (Central Government / State Government/ Government under taking) विभागात खालील कामासाठी नोंदणीकृत पात्र अनुभवी ठेकेदाराकडून बी-१ शतमान पध्दतीनुसार फेर निविदा (२nd Call) मागवित आहेत.

| अ.क्र. | निविदा क्र. | कामाचे नाव | निविदा रक्कम ₹ (Without GST) |
|---|---|---|---|
| १) | PMC/CE/१५/२०२४-२५ | पनवेल महानगरपालिका हद्दीतील प्रभाग समिती अ, प्रभाग क्र.२ मधील तोंडरे गाव येथे पाण्याच्या टाकीपासून ते हनुमान मंदिरापर्यंत पावसाळी गटार व रस्त्याचे काँक्रीटीकरण करणे. (२nd Call) | १९,६२,६४,७६१/- |

या कामाच्या ई- निविदे बाबतची माहिती शासनाच्या 'http://mahatenders.gov.in' या संकेतस्थळावर दि. ०४/०४/२०२५ रोजी प्रसिध्द करण्यात येईल. संबंधित निविदाधारकांनी याची नोंद घ्यावी.

सही/-
अतिरिक्त आयुक्त
पनवेल महानगरपालिका



**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

| ई-निविदा बोली क्र. 2025_एमसीजीएम_1167013_1 | |
|---|---|
| विभाग | सहायक आयुक्त के/डब्ल्यू, अंधेरी (प), मुंबई – 400 058 का कार्यालय |
| अनुभाग | सहायक अभियंता (अनु.) के/डब्ल्यू |
| विषय | |
| बृहन्मुंबई महानगरपालिका के/पश्चिम वार्ड द्वारा 11 माह के लीव एंड लाइसेंस आधार पर निर्दिष्ट दर सूची पर आधारित उच्चतम उद्धृत मासिक रॉयल्टी राशि पर के/पश्चिम वार्ड कार्यालय भवन, पालीराम पाथ, बेस्ट बस डिपो के सामने, अंधेरी (पश्चिम), मुंबई – 400 058 में कैंटीन के संचालन हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है. | |
| ई-स्पॉट उद्धरण तारीख | 05.04.2025, सुबह 11.00 बजे से 15.04.2025, सायं. 04.00 बजे तक |
| वेबसाइट | http://portal.mcgm.gov.in |
| संपर्क व्यक्ति : | |
| ए) नाम :<br>बी) कार्यालय क्र. :<br>सी) ई-मेल आईडी : | श्री संदीप के. सालुंखे<br>सहायक अभियंता (अनु.) के/डब्ल्यू<br>(022) 26239190/(022) 26239202<br>Ae01maint.kw@mcgm.gov.in |

हस्ता./-
पीआरओ/34/विज्ञा./2025-26 सहायक आयुक्त के/डब्ल्यू

बुखार है ? जल्दी करें, अपने डॉक्टर से मिलकर सही और सम्पूर्ण उपचार करायें

# ट्रंप टैरिफ का भारत पर क्या होगा असर?

ट्रंप ने टैरिफ की घोषणा करते हुए कहा यह मुक्ति दिवस है, एक ऐसा दिन जिसका हम लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। 2 अप्रैल 2025 को हमेशा उस दिन के रूप में याद किया जाएगा जिस दिन अमेरिकी इंडस्ट्री का पुनर्जन्म हुआ था, जिस दिन अमेरिका की नियति को फिर से प्राप्त किया गया था, और जिस दिन हमने अमेरिका को फिर से अमीर बनाना शुरू किया था, हम इसे अमीर, अच्छा और अमीर बनाने जा रहे थे।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को वह कर दिया है, जिसकी धमकी वह वॉइट हाउस में वापसी के बाद से दे रहे थे। उन्होंने बुधवार को दुनियाभर के देशों के खिलाफ व्यापक टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी, जिसमें भारत भी शामिल है। ट्रंप ने जवाबी टैरिफ लगाने का ऐलान करते हुए इसे अमेरिका का स्वतंत्रता दिवस बताया। वॉइट हाउस के रोज गार्डन में बोलते हुए ट्रंप ने कहा, 'यह हमारी स्वतंत्रता की घोषणा है। डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 26 फीसदी टैरिफ लगाया है। ट्रंप ने टैरिफ की घोषणा करते हुए कहा यह मुक्ति दिवस है, एक ऐसा दिन जिसका हम लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। 2 अप्रैल 2025 को हमेशा उस दिन के रूप में याद किया जाएगा जिस दिन अमेरिकी इंडस्ट्री का पुनर्जन्म हुआ था, जिस दिन अमेरिका की नियति को फिर से प्राप्त किया गया था, और जिस दिन हमने अमेरिका को फिर से अमीर बनाना शुरू किया था, हम इसे अमीर, अच्छा और अमीर बनाने जा रहे थे। ट्रंप के भारत सहित दुनिया के कई देशों पर लगाए गए टैरिफ ने चौतरफा ट्रेड वॉर की आशंका को बढ़ा दिया है। ट्रंप ने कहा कि हमारे देश को अन्य देशों द्वारा लूटा गया है। साथ ही ट्रंप ने कहा कि करदाताओं को 50 से अधिक वर्षों से लूटा जा रहा है, लेकिन अब ऐसा नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा, "मैं दुनिया भर के देशों पर पारस्परिक (रेसिप्रोकल) टैरिफ लगाने वाले एक ऐतिहासिक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर रहा हूं। रेसिप्रोकल, इसका मतलब है कि वे हमारे साथ जैसा कर रहे हैं, वैसा ही हम उनके साथ करेंगे।" ट्रंप ने विदेश से आने वाली सभी वस्तुओं पर 10% से लेकर 49% तक टैरिफ लगाने की घोषणा की। इनमें भारत से आने वाले सामानों पर 26% टैरिफ के अलावा चीन से आने वाले सामानों पर 34% टैरिफ, यूरोपीय संघ से आने वाले सामानों पर 20% टैरिफ और यूनाइटेड



किंगडम से आने वाले सामानों पर 10% टैरिफ शामिल है। साथ ही वियतनाम पर 46% टैरिफ, ताइवान पर 32%, जापान पर 24%, दक्षिण कोरिया पर 25%, थाईलैंड पर 36% और कंबोडिया पर 49%। अगर रेंज देखें तो तमाम देशों पर 10% से लेकर 49% तक के व्यापक टैरिफ लागू किए हैं। ज्ञात हो कि पिछले कुछ हफ्तों में भारत ने भी अपने टैरिफ़ सिस्टम में बदलाव किया है। भारत ने 8,500 औद्योगिक वस्तुओं पर आयात शुल्क कम कर दिया है। इनमें अमेरिकी सामान जैसे कि बर्बन व्हिस्की और हार्ले-डेविडसन की महंगी मोटरसाइकिलें शामिल हैं। इससे अमेरिकी राष्ट्रपति की एक पुरानी शिकायत दूर हो गई है। भारत ने यह भी संकेत दिया है कि वह अमेरिका से ज़्यादा तेल, LNG और रक्षा उपकरण खरीदेगा। अधिकारियों ने यह भी संकेत दिया है कि आगे और भी टैरिफ़ में कटौती की जाएगी। ट्रंप के ताजा टैरिफ से भारत पर अपने टैरिफ सिस्टम में और भी ज़्यादा कटौती करने का दबाव बढ़ेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबक भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों पर शुल्क में कटौती की अमेरिकी मांगों पर विचार कर रहा है। नए टैरिफ से भारत पर गैर-टैरिफ व्यापार बाधाओं को हटाने का भी दबाव बढ़ सकता है। इनमें कुछ आयातों पर अपारदर्शी आयात प्रतिबंध और लाइसेंसिंग आवश्यकताएं शामिल हैं। अपारदर्शी का मतलब है कि ये नियम और प्रतिबंध स्पष्ट नहीं हैं और आसानी से समझ में नहीं आते हैं। मौजूदा तथ्यों के बावजूद कि भारत और अमेरिका को किसी भी आर्थिक मानदंड पर समान नहीं किया जा सकता है, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की 2 अप्रैल से अमेरिका की यात्रा के दौरान घोषणा की कि भारतीय उत्पादों पर समान आयात शुल्क लगाया जाएगा। वास्तव में, ट्रम्प के दूसरी बार पद संभालने के बाद मोदी की यह पहली अमेरिका यात्रा थी। लेकिन फिर भी, ट्रम्प ने सभी राजनयिक प्रोटोकॉल को एक तरफ रख दिया और भारत पर एक समान आयात शुल्क की घोषणा की। यह भारत की दूसरी उपमा है। इससे पहले, ट्रम्प प्रशासन ने उन्हें हाथों-हाथ सैन्य विमान पर घर भेजकर हमारा अपमान किया था। उस समय, हमने वास्तव में अमेरिकी कार्रवाई का विरोध किया, लेकिन यह नहीं मिला, क्योंकि जब मोदी अमेरिका में थे, तब भी अमेरिका भारतीय शरणार्थियों पर यही कर भेजता रहा। ऐसा लगता है कि यह वास्तव में आ जाएगा।

दरअसल, भारतीय उद्यमी इस उम्मीद में जी रहे थे कि मोदी और ट्रंप की दोस्ती उन्हें बचा लेगी। लेकिन ऐसा होने के कोई संकेत नहीं हैं। ऐसा नहीं है कि अंतिम समय में "ट्रम्पोजी के दिमाग में आओ" कहकर भारत के बैग में कुछ रियायतें नहीं डाली जाएंगी। लेकिन यह संभावना धूमिल लगती है। ऐसी स्थिति में, हमें यह अनुमान लगाने की आवश्यकता है कि यदि यह आयात कर समानता वास्तविकता बन जाती है तो क्या होगा। यह इस समय सीमा की पूर्व संध्या पर संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा जारी एक रिपोर्ट में परिलक्षित होता है, देश का व्यापार विभाग, जिसका शीर्षक 'विदेश व्यापार बाधाओं पर राष्ट्रीय व्यापार अनुमान' है, जो भारत द्वारा लगाए गए आयात करों का विवरण देता है। कृषि उत्पाद, मोटर और संबंधित उद्योग, दवाएं और शराब चार कारक हैं जो संयुक्त राज्य अमेरिका के गुस्से का कारण बने हैं। यह अमेरिका की शिकायत है। ट्रम्प ने पहले अल्ट्रा-रिच हार्ले-डेविडसन पर भारत में लगाए गए कर पर टिप्पणी की थी। शुरू में, उन्होंने इसे नजरअंदाज कर दिया। लेकिन जब उन्हें एहसास हुआ कि मामला गंभीर है, तो ट्रम्प संतुष्ट नहीं दिखे। वह संतुष्ट नहीं लग रहे हैं। वह चाहते हैं कि भारत मोटर उद्योग से संबंधित सभी करों में कटौती करे। दूसरा मुद्दा दवाओं का है। हम चीन के बाद सबसे बड़े थोक दवा निर्माता हैं। हम इससे रसायन बनाते हैं। उन्हें अमेरिकी कंपनियों द्वारा खरीदा जाता है। अमरीका उन पर लगाए गए आयात शुल्क को स्वीकार नहीं करता है जब उन्हें अंतिम रूप से भेषज उत्पादों में परिवतत किया जाता है और वे भारतीय बाजार में आते हैं। हम स्थानीय उत्पादों को आकर्षक बनाने के लिए विदेशी आयातित वस्तुओं/उत्पादों पर आयात कर लगाते हैं। ट्रंप चाहते हैं कि रेट कम किया जाए। वही विदेशी शराब के लिए जाता है।

**– अशोक भाटिया**

# स्कूलों में बच्चों को बंट रहे खाने में न्यूट्रिएंट की कमी

यूनेस्को ने विद्यार्थियों को परोसे जाने वाले भोजन यानि मिड-डे-मील में न्यूट्रिएंट की कमी पर चिंता जताते हुए स्वस्थ और अधिक पौष्टिक खाद्य पदार्थों के उपयोग और स्कूली पाठ्यक्रम में खाद्य शिक्षा को शामिल करने की वकालत की है। यूनेस्को की रिपोर्ट बच्चों के स्वास्थ्य और सीखने में स्कूली भोजन के महत्व को रेखांकित करती है। 27 और 28 मार्च को फ्रांस द्वारा आयोजित 'पोषण के लिए विकास' सेमिनार के अवसर पर यूनेस्को ने परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक नई रिपोर्ट प्रकाशित की। रिपोर्ट से पता चलता है कि 2022 में दुनिया भर में लगभग करीब 27 फीसदी स्कूली भोजन पोषण विशेषज्ञों के परामर्श से तैयार नहीं किए गए थे। मूल्यांकन किए गए 187 देशों में से केवल 93 देशों में स्कूल के भोजन और पेय पर कानून, मानक या दिशा-निर्देश थे और इन 93 देशों में से केवल 65 फीसदी में स्कूल कैफेटेरिया, खाद्य दुकानों और वेंडिंग मशीनों में भोजन और पेय की बिक्री को नियंत्रित करने वाले मानक थे। यूनेस्को महानिदेशक ऑड्रे अज़ोले के अनुसार हाल के वर्षों में किए गए निवेशों की बदौलत दुनिया के लगभग आधे प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को अब स्कूली भोजन उपलब्ध है लेकिन हमें और आगे जाकर यह देखने की ज़रूरत है कि उनकी थाली में क्या है। हमें संतुलित भोजन और बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए अच्छी खाने की आदतें सिखाने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। यह स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए एक बड़ा मुद्दा है। खाद्य शिक्षा के लिए यूनेस्को के सद्भावना राजदूत डेमियन हम्म के अनुसार स्कूल एक ऐसा स्थान होना चाहिए जहां स्वस्थ आदतें विकसित की जाएं न कि उन्हें कमतर आंका जाए। स्थानीय रूप से उत्पादित, ताज़ा स्कूली भोजन खाना, पोषण विशेषज्ञों द्वारा दिया जाना बच्चे की शिक्षा का हिस्सा है। अपनी रिपोर्ट में यूनेस्को ने स्कूल में पोषण में सुधार के लिए कई सकारात्मक पहलों पर प्रकाश डाला है। ब्राज़ील ने हाल ही में अल्ट्रा.प्रोसेस्ड उत्पादों पर प्रतिबंध लगाए हैं। चीन में ग्रामीण स्कूलों में सब्जियां, दूध और अंडे शुरू करने वाले सुधारों ने बच्चों के पोषक तत्वों के सेवन में वृद्धि की है और स्कूल में उपस्थिति बढ़ाने में मदद की है। नाइजीरिया में 2014 में शुरू किए गए होम-ग्रोन स्कूल फीडिंग प्रोग्राम ने प्राथमिक स्कूल में नामांकन दर में 20 फीसदी की वृद्धि की है। भारत में महाराष्ट्र राज्य में स्कूल के भोजन में आयरन से भरपूर फोर्टिफाइड ऑर्गेनिक मोती बाजरा की शुरूआत ने किशोरों की ध्यान अवधि और याददाश्त में सुधार किया है। यूनेस्को की मंशा है कि सरकारों और शिक्षा हितधारकों को ताजा, स्थानीय उपज पर आधारित स्कूल भोजन प्रदान करने और शर्करायुक्त और अति प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की उपस्थिति को कम करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। स्कूल पाठ्यक्रम में खाद्य शिक्षा को शामिल किया जाना चाहिए। इस वर्षए यूनेस्को सरकारों और शिक्षा पेशेवरों के लिए इन स्वास्थ्य और पोषण मुद्दों को बेहतर ढंग से एकीकृत करने के उद्देश्य से उपकरणों की एक श्रृंखला विकसित करेगा जिसमें एक व्यावहारिक मैनुअल और एक प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक खाद्य असुरक्षा एक बढ़ता हुआ जोखिम है जो जलवायु परिवर्तनए संघर्ष और आर्थिक अस्थिरता से और भी बढ़ गया है। इस बीच खाद्य उत्पादन प्रथाओंए अस्वास्थ्यकर आहार पैटर्न के विपणन और गतिहीन जीवन शैली के कारण मोटापे की दर में वृद्धि हुई है। खाद्य सुरक्षा बेहतर पोषण शैक्षिक उपलब्धि को बढ़ाता है। पर्याप्त प्रारंभिक बचपन का पोषण विकास, शैक्षिक प्राप्ति और समग्र कल्याण के लिए मौलिक है। पौष्टिक स्कूली भोजन और अनुभवात्मक सीखने के अवसर प्रदान करने वाली शैक्षिक व्यवस्थाएँ व्यक्तियों को ऐसे आहार विकल्पों को अपनाने में मदद करती हैं जो व्यक्तिगत स्वास्थ्य और ग्रहीय स्थिरता दोनों के लिए लाभकारी हों। स्पष्ट अंतरनिर्भरता के बावजूद शिक्षा और पोषण के बीच संबंधों पर अभी भी कम शोध किया गया है। भोजन और शिक्षा भारत की गरीब आबादी के बीच चिंता के दो सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं। सीमित साधनों के साथ रहने वाले लोगों के पास खाद्य संसाधनों तक सीमित पहुंच होती है और वे शायद ही कभी औपचारिक शिक्षा में दाखिला लेते हैं। बच्चे जो भारत का भविष्य हैं, निम्न आय वर्ग से संबंधित हैं, उन्हें ये दो बुनियादी ज़रूरतें नहीं मिलती हैं। इसलिए शिक्षा को बढ़ावा देने और बच्चों को बुनियादी पोषण प्रदान करने के लिएए भारत सरकार द्वारा मध्याह्न भोजन योजना शुरू की गई थी। इस योजना को आधिकारिक तौर पर प्राथमिक शिक्षा के लिए पोषण सहायता का राष्ट्रीय कार्यक्रम कहा जाता था। सितंबर 2021 में कार्यक्रम का नाम बदलकर पीएम पोषण कर दिया गया। यूं तो मध्याह्न भोजन योजना आधिकारिक तौर पर 15 अगस्तए 1995 को शुरू की गई थी, लेकिन इसका इतिहास स्वतंत्रता पूर्व काल से जुड़ा हुआ है। मद्रास नगर निगम में वर्ष 1925 में वंचित बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन कार्यक्रम शुरू किया गया था। 1980 के दशक के मध्य तक मध्याह्न भोजन कार्यक्रम केरल, गुजरात, तमिलनाडु और पांडिचेरी के स्कूलों में एक आम बात बन गई। इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था करने के लिए अपने स्वयं के संसाधनों का उपयोग किया। वर्ष 1990-91 तक मध्याह्न भोजन कार्यक्रम अपनी लोकप्रियता और सार्वभौमिक प्रासंगिकता के कारण भारत के 12 राज्यों में लागू किया गया था। अगस्त 1995 में इस योजना को प्राथमिक शिक्षा के लिए पोषण सहायता के राष्ट्रीय कार्यक्रम के नाम से आधिकारिक तौर पर शुरू किया गया। 1995 में यह योजना भारत में केवल 2048 ब्लॉकों में शुरू की गई थी। वर्ष 1997-98 तकए यह योजना देश के सभी भागों में लागू हो गई। शुरू में इस योजना में सरकारी स्कूलों, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों या स्थानीय स्कूलों में कक्षा 1 से 5 में पढ़ने वाले बच्चे शामिल थे। 2002 मेंए इस योजना को शिक्षा गारंटी योजना और वैकल्पिक और अभिनव शिक्षा केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चों को शामिल करने के लिए विस्तारित किया गया था।

**कटाक्ष** | सुरेश मिश्र

*चीख चीखकर कर रहे, संसद में बकवास*
*वक्फ बोर्ड की आड़ में, हिंदू का परिहास*
*हिंदू का परिहास, गजब है इनकी माया*
*फिर भी हिंदू इनको मत देता है भाया*
*कह सुरेश कविराय करो कुछ काम सीखकर*
*कल ये मत मांगेंगे तुमसे चीख चीखकर*

# अंग्रेज़ी माध्यम शिक्षा की बढ़ती मांग

आज़ाद तो हम 1947 में हो गए थे और 26 जनवरी 1950 को एक गणतांत्रिक राष्ट्र भी बन गए लेकिन शैक्षिक दृष्टि से देखें तो अगले 18 साल तक हम बिना किसी शिक्षा नीति के ही चलते रहे यानी लॉर्ड मैकाले के नियम कानून ही 1968 तक ढोते रहे। पहली राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1968 में डॉ. के. नागराजा समिति की सिफारिशों के आधार पर आई। फिर 18 साल यही नीति चलती रही और 1986 में राजीव गांधी सरकार नई शिक्षा नीति लेकर आई 1992 में नरसिम्हा राव सरकार ने इसमें संशोधन किए। 34 वर्षों के बाद नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 29 जुलाई 2020 को नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा शिक्षा प्रणाली में बड़े बदलाव के लक्ष्य के साथ लाई गई। वैसे 1986 के शिक्षा नीति के प्रपत्रों को देखा जाए तो नई नीति उनसे बहुत ज़्यादा अलग नहीं है, फिर भी बदलती हुई आवश्यकताओं एवं परिवेश के अनुसार कई नए विचार इसमें दिखाई दिए। तत्कालीन शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक के नेतृत्व में बनी शिक्षा नीति की जहां सरकारी तंत्र ने भरपूर प्रशंसा की, वहीं विपक्ष ने इसमें छेद ही छेद ढूंढने का काम किया हालांकि दोनों ही पक्ष अतिवाद के शिकार रहे। एन सी एफ 2020 पुस्तकीय ज्ञान की अपेक्षा हस्त कौशल एवं दक्षता को अधिक महत्व देता है, साथ ही साथ बच्चों के विद्यालय में ही तकनीकी प्रशिक्षण पर भी जोर है। इसमें सरकारी स्तर पर पहली बार पूर्व प्राथमिक स्तर की शिक्षा की भी व्यवस्था की गई है हालांकि यह व्यवस्था निजी क्षेत्र में बहुत पहले से चल रही है। इस शिक्षा नीति पर को लेकर कई बिंदुओं पर विवाद पहले से ही मौजूद हैं जिनमें मुख्य रूप से भाषा नीति मुख्य है। इस नीति में त्रिभाषा फार्मूला लागू करने की बात कही गई है जिसमें हिंदी, अंग्रेज़ी और एक क्षेत्रीय भाषा को पढ़ाना शामिल है। दक्षिण भारत और गैर-हिंदी भाषी राज्यों ने इसे हिंदी थोपने का प्रयास बताया है हालांकि सरकार ने स्पष्ट किया है कि किसी भाषा को अनिवार्य नहीं बनाया जाएगा और राज्यों को भाषा चयन की स्वतंत्रता होगी। मातृभाषा में प्रारंभिक शिक्षा भी विवाद का विषय है। नई नीति के अनुसार कक्षा 5 (या यथासंभव कक्षा 8)



तक मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषा में शिक्षा का प्रावधान है। यह ग्रामीण क्षेत्रों के लिए लाभकारी हो सकता है लेकिन अंग्रेज़ी माध्यम की बढ़ती माँग के कारण यह गैर-व्यावहारिक भी है। इस बारे में मुख्य चिंता यह है कि इससे निजी विद्यालयों और उच्च शिक्षा में अंग्रेज़ी की तैयारी प्रभावित हो सकती है। शिक्षा नीति 2020 में पुरानी 10+2 शिक्षा प्रणाली को बदल कर 5+3+3+4 संरचना लागू करने का निर्णय लिया गया जिसमें फाउंडेशनल स्टेज (3-8 वर्ष), प्रिपरेटरी स्टेज (8-11 वर्ष), मिडिल स्टेज (11-14 वर्ष), और सेकेंडरी स्टेज (14-18 वर्ष) शामिल है। इस नीति के आलोचकों का मानना है कि इससे स्कूलों में अतिरिक्त संरचनात्मक बदलाव की आवश्यकता होगी जो बहुत चुनौतीपूर्ण है। इस शिक्षा नीति में बोर्ड परीक्षाओं को कम महत्वपूर्ण बनाने और "हाई-स्टेक" परीक्षा न रहने देने की बात कही गई जिससे कुछ विशेषज्ञों ने चिंता जताई कि इससे छात्रों की प्रतिस्पर्धात्मकता और उच्च शिक्षा में चयन प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। उच्च शिक्षा में विदेशी विश्वविद्यालयों को अनुमति देने पर भी कुछ लोगों को आशंका है कि इससे भारतीय संस्थानों को नुकसान होगा और शिक्षा का व्यवसायीकरण बढ़ेगा। नई नीति में छात्रों को किसी भी समय कोर्स छोड़ने और बाद में फिर से जॉइन करने की सुविधा दी गई है। शिक्षाविदों का मानना है कि इससे शिक्षा के प्रति गंभीरता कम होगी और ड्रॉपआउट रेट बढ़ सकता है। उच्च शिक्षा संस्थानों को अधिक स्वायत्तता देने और निजी भागीदारी बढ़ाने पर भी आशंका उठी है कि इससे शिक्षा का निजीकरण बढ़ेगा और उच्च शिक्षा और भी महंगी हो जाएगी। हालांकि शिक्षा नीति 2020 में कई सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश भी की गई है लेकिन इसके कुछ प्रावधानों को लेकर विरोध अब भी जारी है और अब तो यह विरोध राजनीतिक शीर्ष पर पहुंच गया है. इसी विरोधाभास को रेखांकित करने के लिए कांग्रेस की शीर्ष नेता सोनिया गांधी ने दैनिक हिंदू में अपने लेख में शिक्षा नीति को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सोनिया गांधी ने अपने लेख में इसे ज़मीनी हकीकत से दूर बताते हुए इस नीति में सार्वजनिक परामर्श और व्यापक विचार-विमर्श का अभाव भी बताया है। सोनिया नई शिक्षा नीति में वंचित और हाशिए पर खड़े वर्गों की शिक्षा को लेकर ठोस योजना और सामाजिक न्याय और समानता के मूल्यों की अवहेलना का आरोप भी लग रही हैं। उन के अनुसार यह नीति निजीकरण को बढ़ावा देगी जिससे आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होगी। शिक्षा नीति 2020 में प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में देने पर सोनिया गांधी का कहना है कि मातृभाषा में शिक्षा देना महत्वपूर्ण तो है लेकिन यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि सभी भाषाओं के छात्रों को समान अवसर मिलें और वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हों। शिक्षा नीति के तहत विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों को दी जाने वाली स्वायत्तता के संदर्भ में भी सोनिया की चिंता है कि इससे शिक्षा का केंद्रीकरण हो सकता है, जिससे राज्यों की भूमिका सीमित हो जाएगी। सोनिया गांधी ने शिक्षा के क्षेत्र में बजट के समुचित आवंटन और शिक्षकों की स्थिति को मजबूत करने की मांग के साथ शिक्षकों की भर्ती, प्रशिक्षण और वेतनमान पर विशेष ध्यान की जरूरत भी बताई है। उन्होंने इस नीति को अधिक समावेशी, न्यायसंगत और जनहितैषी बनाने की अपील की है ताकि सभी वर्गों के छात्रों को समान अवसर मिल सके। एक नज़र से देखने पर सोनिया गांधी की कुछ चिंताएं जायज नजर आती हैं है लेकिन दूसरा यथार्थ यह भी है कि उनकी मंशा साफ तौर पर शिक्षा के मुद्दे पर मोदी सरकार को घेरने की है।

**– डॉ घनश्याम बादल**

# न्यायपालिका को चेक एवं बैलेंस सिस्टम की जरूरत

न्याय में अत्यधिक देरी, न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति में गोपनीयता और न्यायिक अधिकारियों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपो के कारण न्यायिक सुधारो की मांग देश में पिछले कई वर्षों से की जा रही है लेकिन अब जस्टिस यशवंत वर्मा के प्रकरण के चलते यह एक राष्ट्रव्यापी ज्वलंत मुद्दा बन गया है. इस संबंध में बहुत पहले जस्टिस ब्यकंट चलैया समिति जजों की नियुक्ति में पारदर्शिता, न्यायिक जवाबदेही और अनुशासन की बात पर जोर दे चुकी है. देश में इसके लिए एक राष्ट्रीय न्यायिक आयोग की जरूरत सतत महसूस की जाती रही. इस संबंध में 2014 में सत्ता में आने पर मोदी सरकार ने न्यायपालिका में सुधारो के लिए राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग का गठन किया लेकिन अक्टूबर 2015 में सर्वोच्च न्यायालय ने उसे यह कहते हुए निरस्त कर दिया की संविधान द्वारा न्यायपालिका की स्वतंत्रता का अधिकार है और राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्त आयोग से इस अधिकार में हस्तक्षेप का डर होगा. यद्यपि 1030 पेज के फैसले में सर्वोच्च न्यायालय ने यह स्वीकार किया कि कॉलेजियम प्रणाली में कुछ खामियां हैं जैसे पारदर्शिता की कमी. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस संबंध में सरकार और याचिकाकर्ता से मदद भी चाही गई. इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सरकार से एमओपी जिसे मेमोरेंडम ऑफ प्रोसीजर कहते हैं वह बनाने को कहा गया जिसे मोदी सरकार ने जुलाई 2015 में ही प्रस्तुत कर दिया. इसमें यह लेख किया गया कि कॉलेजियम जिन नामों पर विचार करें, उन नामों की योग्यता और पात्रता साफ-साफ दिखने चाहिए. कॉलेजियम द्वारा प्रस्तावित नाम की ईमानदारी और निष्ठा पूरी तरह असंदिग्ध होनी चाहिए. किसी सेशन जज को हाई कोर्ट का जज बनते समय उसके पूर्व के 15 वर्ष का पूरे कामकाज का ब्योरा संलग्न किया जाना चाहिए. एक स्थाई पारदर्शी और एक समान सचिवालय बनना चाहिए. उसका मुखिया और प्रक्रिया भी तय होना चाहिए लेकिन बड़े दुर्भाग्य का विषय है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सरकार की इस पहल को भी गंभीरता से नहीं लिया गया और मामला जहां का तहा अटका पड़ा है। जस्टिस ब्यकट चलैया ने भी एक न्यायिक आयोग जैसी संस्था के गठन की जरूरत महसूस की थी और कमोबेश उसी तर्ज पर मोदी सरकार द्वारा न्यायिक नियुक्त आयोग का गठन किया गया था पर सर्वोच्च न्यायालय ने इस आपत्ति के साथ इसे खारिज कर दिया कि विधि मंत्री और दो विधि विशेषज्ञ जो इस कमेटी के सदस्य होंगे, उससे न्यायिक आजादी में दखल होगा पर लोगों को यह समझ में नहीं आया कि उक्त आयोग में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के साथ दो वरिष्ठतम जज तो होते ही, इसके साथ ही दोनों विधि विशेषज्ञों के चुनाव में प्रधानमंत्री और विपक्ष के नेता के साथ मुख्य न्यायाधीश को भी उनके चयन का अधिकार होता पर सर्वोच्च न्यायालय न्यायालय की आजादी के नाम पर भारतीय संविधान की मूल अवधारणा चेक एंड बैलेंस सिस्टम से ऊपर खड़ा होना चाहती है। 2011 में जब लोकपाल को लेकर अन्ना हजारे द्वारा आंदोलन किया जा रहा था और इसके समर्थन में पूरा देश सड़कों पर आ गया था।

**– वीरेंद्र सिंह परिहार**

आज का कार्टून




साभार

# यहां गिरी थी सती की बांयीं आंख

देश में 52 शक्तिपीठ हैं, सभी शक्तिपीठों में देवी मां के शरीर का एक हिस्सा गिरा था। जिसके कारण यहां मंदिर स्थापित हुए। ऐसा ही एक शक्तिपीठ बिहार के मुंगेर जिले से करीब चार किलोमीटर दूर है। यहां देवी सती की बाईं आंख गिरी थी यह मंदिर को चंडिका स्थान और श्मशान चंडी के नाम से जाना जाता है। मान्यताओं के अनुसार मंदिर में आने वाले श्रृद्धालुओं की हर मुराद पूरी होती है। इस स्थान को लेकर लोगों का कहना है कि यहां आंखो से संबंधित हर रोग का इलाज होता है। जी हां, यहां खास काजल मिलता है जिसे आंखों में लगाने से व्यक्ति के आंख से संबंधित रोग दूर हो जाते हैं। वैसे तो यहां भारी संख्या में श्रृद्धालुओं का तांता लगा रहता है लेकिन नवरात्रि में यहां भक्तों का सैलाब आ पड़ता है। चूंकि मंदिर के पूर्व और पश्चिम में श्मशान है और मंदिर गंगा किनारे स्थित है। जिसके कारण यहां तांत्रिक तंत्र सिद्धियों के लिए आते हैं। नवरात्र को समय मंदिर का महत्व और भी अधिक हो जाता है। सुबह के समय मंदिर में तीन बजे देवी का पूजन शुरु होता है और शाम के समय भी श्रृंगार पूजन किया जाता है। इस कारण नवरात्र के दौरान कई विभिन्न जगहों से साधक तंत्र सिद्धि के लिए भी जमा होते हैं। चंडिका स्थान में नवरात्र के अष्टमी के दिन विशेष पूजा का आयोजन होता है। इस दिन सबसे अधिक संख्या में भक्तों का यहां जमावड़ा होता है।सिद्धि-पीठ होने के कारण, चंडिका स्थान को सबसे पवित्र और पवित्र मंदिरों में से एक माना जाता है। यह गुवाहाटी स्थित कामाख्या मंदिर जैसा ही महत्वपूर्ण है। चंडिका स्थान के मुख्य पुजारी नंदन बाबा बताते हैं कि चंडिका स्थान एक प्रसिद्ध शक्ति पीठ है। नवरात्र के दौरान सुबह तीन बजे से माता की पूजा शुरू हो जाती है। संध्या में श्रृंगार पूजन होता है। अष्टमी के दिन यहां विशेष पूजा होती है। इस दिन माता का भव्य श्रृंगार होता है। यहां आने वाले लोगों की सभी मनोकामना पूर्ण होती है। श्रृद्धालुओं का मानना है कि यहां देवी के दरबार में हाजिरी लगाने से हर मनोकामना पूरी हो जाती है। मंदिर प्रांगण में काल भैरव, शिव परिवार और बहुत सारे हिंदू देवी- देवताओं के मंदिर हैं। भगवान शिव जब राजा दक्ष की पुत्री सती के जलते हुए शरीर को लेकर जब भ्रमण कर रहे थे, तब सती की बाईं आंख यहां गिरी थी। इस कारण यह 52 शक्तिपीठों में एक माना जाता है। इसके अलावा इस मंदिर को महाभारत काल से जोड़ा जाता है। कर्ण मां चंडिका के परम भक्त थे। वह हर रोज़ मां के सामने खौलते हुए तेल की कड़ाही में कूदकर अपनी जान देते थे और मां प्रसन्न होकर उन्हें जीवनदान दे देती थी और उसके साथ सवा मन सोना भी देती थी। कर्ण सारा सोना मुंगेर के कर्ण चौरा पर ले जाकर बांट देते। इस बात का पता जब उज्जैन के राजा विक्रमादित्य के पड़ा तब वे वहां पहुंचे और उन्होंने अपनी आंखों से पूरा दृश्य देखा। एक दिन वह कर्ण से पहले मंदिर गए ब्रह्म मुहूर्त में गंगा स्नान कर स्वयं खौलते हुए तेल की कड़ाही में कूद गए। मां ने उन्हें जीवित कर दिया। वह तीन बार कड़ाही में कूदे और तीन बार मां ने उन्हें जीवनदान दिया। जब वह चौथी बार कूदने लगे तो मां ने उन्हें रोक दिया और मनचाहा वरदान मांगने को कहा। राजा विक्रमादित्य ने मां से सोना देने वाला थैला और अमृत कलश मांग लिया। मां ने भक्त की इच्छा पूरी करने के बाद कड़ाही को उलटा दिया और स्वयं उसके अंदर अंतर्ध्यान हो गई। आज भी मंदिर में कड़ाही उलटी हुई है। उसके अंदर मां की उपासना होती है। मंदिर में पूजन से पहले विक्रमादित्य का नाम लिया जाता है, फिर मां चंडिका का। नवरात्र में श्रद्धालुओं की भीड़ अन्य दिनों की तुलना में कई गुना ज्यादा होता है।नवरात्र अष्टमी के दिन यहां खास पूजा होती है।यहां के पुजारी ने बताया कि मुंगेर-खगड़िया जिला का एप्रोच पथ जब से बना है तब से नवरात्र में गंगा पार खगड़िया, बेगूसराय जिला के श्रद्धालु भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं ने बताया कि मां शक्तिपीठ चंडिका स्थान का बहुत बड़ा महत्व है और कई साल से मां की पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। मां से जो भी मांगते हैं मां पूरी करती है। तंत्र साधना में इसका स्थान असम के कामाख्या मंदिर के जैसा है। पहले इसे एक बहुत छोटा प्रवेश द्वार था लेकिन 20 वीं शताब्दी में, इसका प्रवेश द्वार बड़े में बदल दिया गया था। चंडिका स्थान का विकास 40-50 साल पहले राय बहादुर केदार नाथ गोयनका ने किया था, फिर से वर्ष 1991 में श्याम सुंदर भंगड़ ने किया था। आईटीसी ने भी सामाजिक दायित्व के तहत मंदिर परिसर को विकसित किया।

**–कुमार कृष्णन**

# लालू यादव की दिल्ली एम्स में हुई सर्जरी

## तबीयत खराब होने के बाद हुए थे भर्ती

**विशेषज्ञों की टीम उनका इलाज कर रही है**

**शाम की फ्लाइट से दिल्ली पहुंचे**



**महानगर नेटवर्क**

**पटना**

राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की गुरुवार को दिल्ली एम्स में सर्जरी हुई। शरीर पर घाव होने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। पटना के पारस अस्पताल में इलाज कराने के बाद उन्हें बुधवार शाम दिल्ली लाया गया था। दिल्ली एम्स में एडमिट होने के बाद विशेषज्ञों की एक टीम उनका इलाज कर रही है। एम्स के डॉक्टरों ने लालू के घावों का ऑपरेशन किया है। फिलहाल उन्हें अस्पताल में ही रखा गया है।

बताया जा रहा है कि आरजेडी सुप्रीमो के पीठ और हाथ पर घाव हो गए। इस वजह से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। बुधवार को उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। पहले तो राबड़ी आवास में ही डॉक्टर की देखरेख में इलाज कराया गया। बुधवार शाम को लालू यादव ने पटना से दिल्ली जाकर एम्स में इलाज कराने की बात कही।

बुधवार शाम को 4 बजे लालू यादव को एयर इंडिया की फ्लाइट से दिल्ली आना था।

### डायबिटीज और ब्लड प्रेशर की भी समस्या

लेकिन, फ्लाइट में सवार होने से पहले ही उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। वहां से उन्हें पटना के पारस अस्पताल ले जाया गया। पारस अस्पताल के डॉक्टरों ने उनका इलाज किया। सेहत में सुधार होने के बाद लालू यादव देर शाम की फ्लाइट से दिल्ली पहुंचे। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव बुधवार रात को अपनी पत्नी राबड़ी देवी एवं दो डॉक्टरों के साथ दिल्ली पहुंचे। एयरपोर्ट से सीधे वे एम्स गए। लालू को दिल्ली एम्स में एडमिट कर इलाज शुरू किया गया। लालू यादव डायबिटीज और ब्लड प्रेशर की भी समस्या है। वहीं, उनकी हार्ट सर्जरी और किडनी ट्रांसप्लांट भी हो चुका है। शरीर में घाव होने से उन्हें इंफेक्शन हो गया, डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर इसका इलाज किया है।

# गांव-गांव जाएंगे भाजपा के सांसद-विधायक

**पटना।** भाजपा के 75वें स्थापना दिवस पर कई चुनावी अभियान का भी आगाज होगा। स्थापना दिवस पर छह अप्रैल से बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक भाजपा पखवारा मनाएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने पार्टी प्रदेश मुख्यालय में गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पार्टी के विधायक, सांसद सहित सभी सीनियर नेता 10 से 12 अप्रैल तक गांव गांव जायेंगे। 'चलो गांव की ओर' अभियान चलेगा। प्रदेश संगठन से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि जल्द प्रदेश कार्यसमिति बनेगी। हालांकि उन्होंने कोई समय सीमा नहीं बतायी। इस दौरान दिलीप जायसवाल ने वक्फ पर विपक्ष को घेरा। उन्होने कहा कि लालू के बगैर तेजस्वी की कोई पहचान नहीं है। चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए हैं। मेरे पिता कुछ नहीं थे, इसके बाद भी बीजेपी ने मुझे प्रदेश अध्यक्ष बनाया।

# वक्फ संशोधन बिल के पास होते ही अलर्ट हुई बिहार पुलिस

## ADG लॉ एंड ऑर्डर ने सभी जिलों के SPको दिया आदेश

**महानगर नेटवर्क**

**पटना**

वक्फ संशोधन बिल को लेकर देशभर में चल रहे विवाद के बीच बिहार में भी इसका असर देखा जा रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए बिहार पुलिस मुख्यालय ने प्रदेशभर में हाई अलर्ट जारी किया है। पुलिस मुख्यालय के ADG लॉ एंड ऑर्डर पंकज दराद ने सभी जिलों के SSP और SP को विशेष अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं।

**वक्फ बिल को लेकर क्यों डरा हुआ है मुसलमान? उनके मन में हैं ये शंकाएं :** वक्फ बिल पास हुआ तो मुसलमानों के जीवन में क्या होगा बदलाव? सरकार की नीयत पर क्यों उठ रहे सवाल हिंदू और मुसलमान के बीच भारत में नफरत की मूल वजह क्या है?



### संवेदनशील इलाकों में पुलिस की चौकसी बढ़ी

राज्य के कई जिलों में इस मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया है। पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि किसी भी हाल में शांति व्यवस्था भंग न होने पाए और यदि कोई कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करता है तो तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए।

### अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

वक्फ संशोधन बिल को लेकर सोशल मीडिया पर भी काफी चर्चा हो रही है। पुलिस मुख्यालय ने फेक न्यूज और भ्रामक सूचनाओं को रोकने के लिए साइबर सेल को अलर्ट कर दिया है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर आईटी एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस बिल को लेकर मुस्लिम समुदाय में नाराजगी देखी जा रही है। कई संगठनों ने इसे मुसलमान विरोधी करार दिया है और इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। लोकसभा में पारित होने के बाद अब यह बिल राज्यसभा में पेश किया गया है, जिस पर बहस जारी है।

# मियां-बीवी में हुई लड़ाई, बेटी की ससुराल पहुंचकर बाप ने कर दी समधन की पिटाई

**पटना।** प्रेम विवाह के बाद पति-पत्नी में तकरार के बीच बेटी की ससुराल पहुंचकर पिता ने समधन की ही पिटाई कर दी। बेटी-दामाद की लड़ाई में समधन की पिटाई का यह अनोखा मामला अब पुलिस तक पहुंच गया है। पीड़िता समधन ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। मुफस्सिल थाना के अध्यक्ष अभिराम सिंह ने बताया कि आईटीआई जयप्रकाश नगर वार्ड 31 निवासी मधुरमाला देवी ने थाना क्षेत्र के गनौली निवासी देवेंद्र राय, अभयानंद राय के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। अभिराम ने कहा कि जांच में दोषी पाए गए लोगों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। मधुरमाला देवी ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया है कि उनके बेटे हिमांशु कुमार सिंह का प्रेम विवाह वर्ष 2020 में देवेंद्र राय की पुत्री अमृता कुमारी के साथ हुआ था। शादी के कुछ महीने बाद से ही बेटा और बहू आपस में लड़ाई-झगड़ा करने लगे। पिछले आठ महीने से दोनों अच्छे ढंग से रह रहे थे। 22 फरवरी को दोनों के बीच किसी बात को लेकर फिर झगड़ा-झंझट हो गया। तब उन्होंने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया था। उसके बाद बहू मायके चली गई थी। मधुरमाला देवी के ने आरोप लगाया है कि कुछ समय बाद बहू पिता देवेंद्र राय और भाई अभयानंद राय के साथ वापस आई। उन लोगों ने अलमारी की चाबी मांगी और गाली-गलौज करने लगे।

# वक्फ संशोधन बिल के पास होने पर JDU ने जताई खुशी

## संजय झा ने जताया पीएम मोदी का आभार

**लालू यादव ने वक्फ बिल को बताया था जरूरी : संजय झा**

**महानगर नेटवर्क**

**पटना**

वक्फ संशोधन बिल के लोकसभा से पारित होने के बाद अब जेडीयू की भी प्रतिक्रिया इस मुद्दे पर सामने आ गई है। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने गुरुवार को इस मुद्दे

पर कहा कि यह वक्फ बिल अच्छे काम के लिए जाना जाएगा।



उन्होंने इस बिल को लाने के लिए पीएम मोदी का आभार जताया। इस दौरान झा ने बिल पर हो रहे विपक्ष के विरोध पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि आरजेडी के प्रमुख लालू प्रसाद यादव भी वक्फ बिल को जरूरी बता चुके हैं। साल 2010 में लालू प्रसाद यादव ने सदन में कहा था कि पटना के डाक बंगला की सारी प्रॉपर्टी पर कब्जा कर लिया गया है और मैं सरकार द्वारा वक्फ को लेकर लाए संशोधन का समर्थन करता हूं। झा ने दावा किया कि इस वक्फ बिल के आने से गरीब मुसलमानों का फायदा होगा।

### वक्फ बिल से होगा गरीब मुसलमानों को फायदा

बातचीत के दौरान जेडीयू सांसद संजय कुमार झा ने कहा, "मोदी सरकार 3.0 एक मजबूत सरकार है और इसे लेकर किसी को मन में कोई शंका नहीं पालनी चाहिए। देश की जनता ने तीसरी बार नरेंद्र मोदी के चेहरे पर वोट किया है। यह सरकार मजबूत है और इस सरकार में लोकसभा में लाया गया वक्फ बिल अच्छे कामों के लिए याद किया जाएगा। क्योंकि, अब तक जो लोग जिस मकसद के साथ वक्फ को दान देते हैं, उसकी सुविधा गरीबों को नहीं मिलती थी। वक्फ बिल से गरीब मुसलमानों को फायदा होगा।"

# सिवान जंक्शन पर घूम रहे थे 15 युवक

## अचानक RPF की कार्रवाई से मची अफरातफरी

**सिवान।** जंक्शन पर आरपीएफ द्वारा रात्रि गश्त, जहरखुरानी और टीओपीबी के निगरानी के दौरान प्लेटफॉर्म पर अनावश्यक रुप से घूम रहे 15 युवकों को पकड़ा गया। इन सभी 15 युवकों के विरुद्ध कार्रवाई भी की गई। इस मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि उनके नेतृत्व में एएसआई राजेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल डीपी मिश्रा, कांस्टेबल जगतपाल यादव, कांस्टेबल अनिल कुमार, कांस्टेबल राजकुमार यादव द्वारा रात्रि गश्त किया जा रहा था। इसी के दौरान जहरखुरानी और टीओपीबी की निगरानी के क्रम में जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर फुट ओवरब्रिज के पास और प्लेटफॉर्म संख्या एक और चार के पश्चिमी छोर पर कुछ संदिग्ध व्यक्ति मिले।

### इन युवकों को आरपीएफ ने पकड़ा

पकड़े गए युवकों में जनता बाजार थाना क्षेत्र के बसही निवासी नौशाद हुसैन, महाराजगंज थाना क्षेत्र के पोखरा निवासी हरेंद्र कुशवाहा, हुसैनगंज थाना क्षेत्र के पकवालिया निवासी रूपक कुमार, छपरा डोरीगंज निवासी कुंदन कुमार, रसूलपुर थाना क्षेत्र के चपरैठी निवासी सुदीप कुमार बिन हैं। वहीं, आंदर थाना क्षेत्र के बथवालिया निवासी छोटे सिंह, बेतिया के नरकटियागंज निवासी चंदन साह, सिसवन थाना क्षेत्र के बघौनी निवासी हरिकृष्ण यादव, विजय कुमार राम, छपरा निवासी अमित पासवान, संतोष साह, फिरोज अंसारी, राजेश प्रसाद, हरिहर महतो व आकाश कुमार गुजराती को भी पुलिस ने पकड़ा है।

# इंस्टाग्राम पर रील बनाती थी पत्नी, नाराज पति ने हत्या कर शव ठिकाने लगाया

**रोहतास।** रोहतास जिले के बिक्रमगंज में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक पति पर आरोप लगा है कि उसने अपनी पत्नी की इंस्टाग्राम पर रील्स बनाने की आदत से खफा होकर उसकी हत्या कर दी और शव को ठिकाने लगा दिया। नवविवाहिता की संदिग्ध मौत के बाद इलाके में तनाव फैल गया और जमकर बवाल हुआ। मृतक ममता देवी बिक्रमगंज निवासी टीपू साह की पत्नी थी। घटना मंगलवार की रात की बताई जा रही है। हत्या के बाद शव को गायब करने की कोशिश की गई, जिससे मामले ने और तूल पकड़ लिया। बुधवार सुबह जैसे ही मृतिका के मायके वालों को घटना की सूचना मिली, वे पूरे परिवार के




साथ बिक्रमगंज पहुंचे।

**सड़क जाम और पुलिस प्रशासन पर आरोप :** परिजनों ने पुलिस प्रशासन पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए बिक्रमगंज थाना के मुख्य गेट के पास आरा-सासाराम मुख्य सड़क को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे और आरोप लगा रहे थे कि पुलिस हत्यारे से मिली हुई है, जिसके चलते शव को गायब कर दिया गया। करीब दो घंटे तक चले इस सड़क जाम के कारण मुख्य सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। कई यात्री वाहन और लंबी दूरी के वाहन जाम में फंस गए, जिससे लोगों को भारी परेशानी हुई। कुछ वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से निकालना पड़ा।

# दो बेटों का झगड़ा सुलझा रहे पिता की हत्या

**खगड़िया।** खगड़िया जिले में दो बेटों का झगड़ा सुलझाने में एक पिता की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। यह सनसनीखेज मामला गोगरी थाना क्षेत्र के उसरी गांव का है। पुलिस ने पिता की हत्या के आरोप में एक पुत्र को गिरफ्तार किया है। मृतक की पहचान 55 वर्षीय पारो यादव के रूप में हुई है। उसके दो बेटे श्रवण और सार्जन यादव किसी बात पर बुधवार को झगड़ रहे थे। जब पिता पारो यादव उनके विवाद को सुलझाने गए तो सार्जन ने उनके पेट में चाकू घुसेड़ दिया। आरोपी सार्जन यादव ने बीच बचाव करने आए श्रवण और मामा विमल यादव को भी चाकू मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। इस खूनी खेल से घर में कोहराम मच गया। आनन-फानन में परिजन तीनों घायलों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल ले गए। नाजुक हालत में पिता पारो यादव को भागलपुर रेफर कर दिया गया। भागलपुर के अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार देर रात पारो यादव ने दम तोड़ दिया।

गोगरी थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर अभिरक्षा में रखा है। उससे पूछताछ की जा रही है। मृतक के परिजनों की ओर से फिलहाल लिखित आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने पर एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# भूत लेने आता है राशन, मशीन में लगाता है अंगूठा

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां मरे हुए व्यक्ति का आत्मा डीलर के पास राशन लेने आता था। इतना ही नहीं वह पीडीएस की मशीन पर अंगूठा भी लगाता था। इस खबर ने सब को हैरान कर दिया है। राहुल कुमार नाम के एक व्यक्ति ने दावा किया है कि उनके पिता शंकर साह की मृत्यु 16 जून 2023 को हो चुकी है, लेकिन फिर भी उनके नाम पर राशन का उठाव जारी है। राहुल ने डीलर से जब संपर्क किया, तो उन्होंने बताया कि उनके पिता नियमित रूप से आधार कार्ड लेकर आते हैं और अंगूठा लगाकर राशन ले जाते हैं। यह सुनकर राहुल हैरान रह गए, क्योंकि वह अपने पिता का अंतिम संस्कार कर चुके हैं। पूरा मामला जिले के मिठनपुरा थाना क्षेत्र के कालीबाड़ी रोड, सुन्दर बाग का है।



### पिताजी ले जाते हैं राशन

राहुल ने डीलरों पर फर्जीवाड़े का आरोप लगाया है। उन्होंने इसके खिलाफ राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। मानवाधिकार अधिवक्ता एस। के। झा ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। राहुल का कहना है कि उनके पिता शंकर साह की मृत्यु 16 जून, 2023 को और उनकी मां की मृत्यु 19 जुलाई, 2023 को हो चुकी है। बावजूद इसके, उनके पिताजी के नाम से राशन का उठाव बराबर हो रहा है। उन्होंने बताया कि मेरे पास राशन कार्ड नहीं है, सिर्फ राशन कार्ड का नंबर है, जिस नंबर से जानकारी लेने पर मुझे पता चला कि मेरे पिताजी के नाम से कोई फर्जी तरीके से राशन उठा रहा है। साथ ही यह बात भी सामने आई है कि राशन का उठाव अलग-अलग जगहों से हो रहा है।

**व्यापार**

# सरकार ने PPF नियमों में किया बदलाव




**नई दिल्ली।** अब पीपीएफ खाताधारक बिना किसी शुल्क के अपने नॉमिनी में बदलाव कर सकते हैं। पहले इसके लिए 50 का शुल्क देना पड़ता था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि सरकारी बचत संवर्धन सामान्य नियम 2018 में गजट अधिसूचना 02/4/25 के तहत यह बदलाव किया गया है, ताकि नामांकन अपडेट पर लगने वाला शुल्क हटाया जा सके। इसके अलावा, हाल ही में संसद में पारित बैंकिंग संशोधन विधेयक 2025 के तहत ग्राहकों को अपने बैंक खातों और लॉकर के लिए चार नॉमिनी नामित करने की अनुमति दी गई है।

**सरकार की तरफ से किए गए कई बदलाव :** बता दें, कि नए बैंकिंग संशोधन विधेयक 2025 में सरकार की तरफ से कई सारे जरूरी बदलाव किए गए हैं। इसमें से एक बड़ा बदलाव महत्वपूर्ण हित की परिभाषा को लेकर भी किया गया है। पहले अगर किसी व्यक्ति का किसी बैंक में 5 लाख रुपए का निवेश होता था तो उसे महत्वपूर्ण हित माना जाता था लेकिन अब यह सीमा बढ़ाकर 2 करोड़ रुपए कर दिया गया है। इस बदलाव को करने का कारण यह था कि यह पुरानी सीमा लगभग 60 साल पहले तय की गई थी। सरकार के इस फैसले से पीपीएफ, सुकन्या समृद्धि योजना, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना सहित अन्य छोटी बचत योजनाओं के खाताधारकों को राहत मिलेगी।

# शेयर बाजार में गिरावट



**मुंबई।** शेयर बाजार में आज यानी 3 अप्रैल को गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 322 अंक की गिरावट के साथ 76,295 के स्तर पर और निफ्टी में 82 अंक की गिरावट रही, ये 23,250 के स्तर पर बंद हुआ। गुरुवार को IT, ऑटो और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा गिरावट रही। एशियाई बाजारों में जापान के निक्केई में 2.95%, चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.50% और हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग इंडेक्स में 1.77% की गिरावट है। दो अप्रैल को अमेरिका का डाओ जोंस 0.56% बढ़कर 42,225 पर बंद हुआ। नैस्डेक कंपोजिट में 0.87% की तेजी रही, जबकि S&P 500 इंडेक्स 0.67% चढ़कर बंद हुआ। 2 अप्रैल को विदेशी निवेशकों ने 1,538 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। वहीं, घरेलू निवेशकों ने 2,808 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

## FIEO का बयान- भारत की स्थिति अब भी बेहतर

# अमेरिका द्वारा भारत पर 26% टैरिफ

**नई दिल्ली।** भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (FIEO) ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर लगाया गया 26% टैरिफ घरेलू निर्यातकों के लिए एक चुनौती जरूर है लेकिन अन्य प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में भारत की स्थिति अब भी बेहतर बनी हुई है। फियो के अध्यक्ष एस. सी. रल्हन के अनुसार, इस टैरिफ के बावजूद भारत के कुछ प्रमुख निर्यात क्षेत्रों जैसे परिधान, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, रसायन, प्लास्टिक और फर्नीचर में निर्यात को मजबूती मिल सकती है।

उन्होंने कहा, "हालांकि ये शुल्क निर्यातकों के लिए चुनौतियां पेश करते हैं लेकिन भारत वियतनाम, चीन, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, श्रीलंका और म्यांमार जैसे देशों की तुलना में तुलनात्मक रूप से बेहतर स्थिति में है।"




**उदाहरण के तौर पर:**

वियतनाम पर 46%

चीन पर 34%

इंडोनेशिया पर 32%

**भारत-अमेरिका व्यापार समझौता (BTA) महत्वपूर्ण**

फियो ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (BTA) पर तेजी से काम किया जाना चाहिए। यह समझौता इन टैरिफ को कम करने में मदद करेगा और भारतीय निर्यातकों को राहत देगा।

# मोटोरोला ने edge 60 सीरीज़ का पहला स्मार्टफोन लांच किया

**मुंबई।** मोबाइल टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में एक वैश्विक अग्रणी कंपनी और भारत का प्रमुख एआई स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने गुरुवार को अपनी नई और बहुप्रतीक्षित edge 60 सीरीज़ का पहला स्मार्टफोन motorola edge 60 FUSION लॉन्च किया। यह नया स्मार्टफोन अपनी बेहद लोकप्रिय जनरेशन Motorola edge 50 fusion की तुलना में लगभग हर पहलू में एक महत्वपूर्ण अपग्रेड है। इसे उन उपभोक्ताओं के लिए डिज़ाइन किया गया है जो एक प्रीमियम स्मार्टफोन



की तलाश में हैं, जिसमें शानदार डिज़ाइन और अत्याधुनिक फीचर्स का अनूठा संयोजन हो। शक्तिशाली AI-ड्रिवन अनुभवों के साथ, motorola edge 60 FUSION उपयोगकर्ता के दैनिक कार्यों को अधिक सरल और सहज बनाता है।

# मोटान ने भारत में विस्तार किया

**चेन्नई।** प्लास्टिक प्रोसेसिंग उद्योग के लिए नए और बेहतर समाधान देने वाली दुनिया की एक बड़ी कंपनी, मोटान ग्रुप ने भारत के चेन्नई शहर में एक नई और आधुनिक फैक्ट्री खोली है। यह फैक्ट्री भारत में प्लास्टिक उद्योग की बढ़ती ज़रूरतों को पूरा करने के इरादे से खोली गई है। इस नई फैक्ट्री में 2 मिलियन यूरो (लगभग 17 करोड़ रुपये) का महत्वपूर्ण निवेश किया गया है, जो भारतीय बाजार की क्षमता में मोटान के विश्वास को दिखाता है। तीन एकड़ में फैली, 20,000 वर्ग फुट की यह फैक्ट्री अनुसंधान, विकास और वितरण के लिए एक सेंट्रल हब के रूप में काम करने के लिए तैयार है। यह पहल भारतीय ग्राहकों की जरूरतों के मुताबिक उच्च-गुणवत्ता वाले उत्पादों और सेवाओं को वितरित करने की मोटान की क्षमता को बढ़ाएगी। मोटान ग्रुप की चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफीसर फुलसक सैंड्रा ने कंपनी के वैश्विक नजरिये पर जोर देते हुए कहा, ''लेक कॉन्स्टैंस में 1947 में स्थापित, मोटान प्लास्टिक उद्योग में प्रोसेस पेरिफेरल्स के लिए एक अग्रणी भागीदार के रूप में उभरी है, जिसका दुनिया भर के 80 से अधिक देशों में प्रतिनिधित्व है।''

मोटान ग्रुप के चीफ मार्केटिंग ऑफीसर कार्ल लिथरलैंड ने भारतीय बाजार के महत्व के बारे में कहा, ''भारत हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है, और हम लंबे समय से भारतीय पार्टनर्स के साथ सहयोग कर रहे हैं। इस फैक्ट्री का उद्घाटन देश में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण क्षण है।'' मोटान इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर आनंदकुमार रामचंद्रन ने कंपनी के विस्तार के बारे में उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ''यह फैक्ट्री हमारी विकास यात्रा में एक प्रमुख उपलब्धि है और यह भारतीय बाजार को लेकर हमारी प्रतिबद्धता दर्शाती है।''

### हेल एनर्जी ड्रिंक का टैब दिलाएगा धमाकेदार इनाम !

**मुंबई।** इस अप्रैल, हेल एनर्जी ड्रिंक का "टैब" आपके लिए बन सकता है मस्ती और इनामों की चाबी। जब भी आप हेल एनर्जी ड्रिंक की कैन खोलते हैं, क्या आपने उस छोटे-से पुल टैब पर ध्यान दिया है? वही एल्यूमीनियम का टुकड़ा, जो दिखने में मामूली लगता है लेकिन इस बार वही बन सकता है आपके लिए एक बड़ा सरप्राइज। यह ओपेनर देखने में छोटा जरूर है, लेकिन अब ये सिर्फ कैन को खोलने में मददगार छोटा अल्युमिनियम का टुकड़ा नहीं, बल्कि कुछ रोमांचक है। इस बार यह इस लिहाज से अलग और विशेष है क्योंकि यह किसी बड़े चीज की कुंजी है, कुछ ऐसा आकर्षक जिसे आप मिस नहीं करना चाहेंगे।

# पीएनबी और महिंद्रा एंड महिंद्रा ने कृषि को बढ़ावा देने के लिए सहयोग किया




**मुंबई।** देश के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) और भारत में ट्रैक्टर और कृषि उपकरणों के अंतर्गत सबसे बड़े ट्रैक्टर निर्माता और सबसे बड़े व्यावसायिक शेयरधारक महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने नई दिल्ली में पीएनबी के मुख्यालय में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौता ज्ञापन पर पीएनबी के कृषि महाप्रबंधक के.एस. राणा और महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के उपाध्यक्ष (बिक्री चैनल और ग्राहक सेवा) परीक्षित घोष ने पीएनबी के वरिष्ठ अधिकारियों और एमएंडएम के अन्य प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। हस्ताक्षर समारोह में परीक्षित घोष ने महिंद्रा एंड महिंद्रा के विशाल उत्पाद पोर्टफोलियो पर प्रकाश डाला, जिसमें मिनी (15 एचपी से) से लेकर भारी शुल्क (75 एचपी तक) ट्रैक्टर, भूमि तैयारी, कटाई और कटाई के बाद के उपकरण शामिल हैं।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबर: 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com

● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# गोरखपुर में देश का बड़ा एथेनॉल प्लांट तैयार



## 6 अप्रैल को सीएम योगी करेंगे उद्घाटन



महानगर संवाददाता
गोरखपुर

उत्तर प्रदेश देश में एथेनॉल उत्पादन में नंबर-1 राज्य बन चुका है और अब गोरखपुर को इसका बड़ा केंद्र बनाने की तैयारी है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में जिले में तीन बड़े एथेनॉल प्लांट स्थापित किए जा रहे हैं. इनमें से पहला गीडा (गोरखपुर इंडस्ट्रियल डेवेलपमेंट अथॉरिटी) में बनकर तैयार हो चुका है, जिसका उद्घाटन 6 अप्रैल को मुख्यमंत्री के हाथों होगा.

गीडा के सेक्टर-26 में 1200 करोड़ रुपये की लागत से बना एथेनॉल प्लांट पूरी तरह तैयार है. यह प्लांट मेसर्स केयान डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड का है. इसका शिलान्यास 12 अगस्त 2023 को सीएम योगी ने किया था और अब यह उत्पादन के लिए तैयार है. केयान डिस्टिलरी के प्रबंध निदेशक विनय सिंह के अनुसार, इस प्लांट में चावल और मक्का से एथेनॉल बनाया जा रहा है. पहले चरण में 3 लाख लीटर प्रतिदिन की उत्पादन क्षमता शुरू हो गई है.

तीन चरणों में विस्तार के बाद यह क्षमता बढ़कर 10 लाख लीटर प्रतिदिन तक पहुंच जाएगी. इस प्लांट में बनने वाले एथेनॉल की बिक्री के लिए इंडियन ऑयल के साथ पहले ही करार हो चुका है. इस प्लांट से 4,000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा. इसके अलावा, यह ग्रीन एनर्जी के रूप में प्रदेश की पहचान के साथ गोरखपुर को नई पहचान देने वाला प्रोजेक्ट साबित होगा।

### पिपराइच चीनी मिल में भी होगा एथेनॉल उत्पादन

योगी सरकार ने पिपराइच चीनी मिल में भी एथेनॉल उत्पादन शुरू करने की योजना बनाई है. वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में इसके लिए 90 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं. इस मिल में गन्ने के रस से सीधे एथेनॉल बनाने का प्लांट लगाया जाएगा, जिसकी उत्पादन क्षमता 60,000 लीटर प्रतिदिन होगी. इससे गन्ना किसानों को गन्ने का त्वरित भुगतान मिलने में मदद मिलेगी और गन्ने की बर्बादी भी रुकेगी. गोरखपुर जिले के धुरियापार में भी एथेनॉल उत्पादन की तैयारी चल रही है. यहां इंडियन ऑयल का बायो फ्यूल कॉम्प्लेक्स बन रहा है, जहां पहले चरण में 165 करोड़ रुपये की लागत से कम्प्रेस्ड बायो गैस (CBG) प्लांट शुरू हो चुका है. अब इसके दूसरे चरण में एथेनॉल उत्पादन प्लांट लगाया जाएगा.

### गोरखपुर बनेगा ग्रीन एनर्जी का केंद्र

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि गोरखपुर को ग्रीन एनर्जी का हब बनाया जाए. इसी दिशा में एथेनॉल उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है. यह जैव ईंधन न केवल पर्यावरण को बचाने में मदद करेगा, बल्कि पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता भी कम करेगा. योगी सरकार के इन प्रयासों से गोरखपुर जल्द ही पूर्वी उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा एथेनॉल उत्पादक क्षेत्र बन जाएगा. इससे स्थानीय किसानों, उद्यमियों और बेरोजगारों को बड़ा लाभ मिलेगा।

## यूपी में माफियागिरी नहीं चलेगी : योगी

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को श्रृंगवेरपुर धाम पहुंचे। यहां पर उन्होंने करोड़ों की परियोजनाओं का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 579 करोड़ रुपये की 181 परियोजनाओं की सौगात दी। इसके पूर्व उन्होंने विधि विधान से पूजन अर्चन कर निषादराज और भगवान राम के मिलन की पावन धरती को प्रणाम किया। सीएम ने निषाद राज उद्यान में अयोध्या शोध संस्थान द्वारा राजा निषाद व श्रीराम से जुड़ी कथाओं पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। ग्रामीण पर्यटन के अंतर्गत प्रशिक्षित समूह की महिलाओं द्वारा मूंज से उत्पादों ओडीओपी की प्रदर्शनी को भी देखा।

## जीपीएस युक्त वाहनों से ही होगा शराब का परिवहन

### बोतलों पर होगा हाई सिक्योरिटी बार कोड



महानगर संवाददाता
लखनऊ

यूपी सरकार के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में अब जीपीएस युक्त वाहनों से ही मदिरा का परिवहन होगा और आबकरी लाइसेंस्ड परिसरों की जियो फेसिंग की जाएगी साथ ही बोतलों एवं पेटियों पर हाई सिक्योरिटी बार कोड और क्यूआर कोड होगा। मंत्री नितिन अग्रवाल बृहस्पतिवार को मीडिया को संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि विभाग की कार्य प्रणाली में सुधार एवं कर चोरी रोकने हेतु कार्रवाई की गई है। विभाग में कार्रवाई के लिए सीसीटीवी कैमरा एवं इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल से इंटीग्रेशन किया गया है। मदिरा एवं स्प्रिट टैंकरों में डिजिटल लॉकिंग की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि मास फ्लो मीटर, रडार बेस्ड लेवल सेंटर एवं बॉटलिंग सेंटर बनाए जाएंगे। डिस्टलरीज में डिजिटल अल्कोहल मीटर का उपयोग किया जाएगा और प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाई जाएगी।

# धन वर्षा के नाम पर 200 लड़कियों के साथ गंदा खेल



महानगर संवाददाता
संभल

यूपी के संभल में गिरफ्तार अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्य धन वर्षा के नाम पर लड़कियों से गंदा खेल करते थे। इसके पास 200 लड़कियों के अश्लील वीडियो मिले हैं। दरअसल, यह गिरोह लोगों को धन वर्षा कराने के नाम पर फंसाकर ठगी करते थे। धनवर्षा गिरोह गरीब लड़कियों के परिवारों को झांसे में लेकर तंत्र क्रिया करता था। तंत्र क्रिया के दौरान परिवार के लोगों को बाहर कर दिया जाता था और तंत्र क्रिया के दौरान लड़कियों के प्राइवेट पार्ट की पहले पूजा कर, फिर तंत्र क्रिया शुरू होती थी। तंत्र क्रिया के बाद लड़कियों के साथ क्या होता था, उन्हें खुद भी जानकारी नहीं है।

बताया जा रहा है कि उनका वीडियो बना लिया जाता था। इन वीडियो को पोर्न साइट को बेचने का भी शक है। गिरोह का खुलासा तब हुआ जब राजपाल नामक युवक के अपहरण और तंत्र क्रिया कर उसे मारने के प्रयास की सूचना थाना धनारी पुलिस को मिली। गिरोह लोगों को नकदी की बारिश कराने का लालच देता है। गरीब परिवार को शिकार बनाते थे। वे किसी दुर्लभ वस्तु (जैसे- 20 नख का कछुआ, दो मुंहा सांप, उल्लू, विशेष नंबर के नोट) पर तांत्रिक क्रिया की बात करते थे। युवतियों को टीटी (कोड भाषा) कहा जाता था और इन्हें तांत्रिक क्रिया के लिए तैयार किया जाता था। गिरोह के सदस्य गरीब परिवारों को यह कहकर फंसाते थे कि उनकी लड़की विशेष गुणों वाली है और उसके ऊपर तांत्रिक क्रिया करने से धन की बारिश होगी। इसके बाद लड़कियों के साथ गंदा खेल करते थे।

गिरोह तंत्र क्रिया से धनवर्षा का झांसा देकर गरीब लड़के-लड़कियों की तस्करी कर यौन शोषण करता था और दुर्लभ वन्य जीवों की अवैध तस्करी में भी शामिल था। गिरोह का नेटवर्क दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान में फैला हुआ था। यह लोग किसी विशेष वस्तु (जिसे आर्टिकल कहा जाता था) पर तंत्र क्रिया के नाम पर लोगों को ठगते थे। वर्तमान में आगरा में गिरोह का नेटवर्क तेजी से फल फूल रहा था। जहां से पुलिस ने इन सभी आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों को भी पकड़ने में जुटी है। गिरोह सात से आठ साल से सक्रिय हैं और सैकड़ों लोगों को शिकार बना चुके हैं।

# आठ साल में यूपी को विनाश प्रदेश बना दिया : अजय राय

महानगर संवाददाता
लखनऊ



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने केंद्र सरकार से लेकर प्रदेश सरकार पर जमकर जुबानी हमला बोला. राय ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल पूरी तरह से अपूर्ण है. विपक्ष द्वारा दिए गए सलाह और किन्हीं महत्वपूर्ण बातों को इसमें शामिल नहीं किया गया है. हिंदू मुसलमान विषयों को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा यह बिल देश के समक्ष लाया गया है. हम जनता से जुड़े मुद्दों के समर्थन में हैं. ऐसे विषयों के नहीं.गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर कहा - यह सीधे-सीधे गुंडई है.. उनकी मंशा हैं की हमारे पास सत्ता है बहुमत है हम करेंगे. लेकिन जो जनता से वादा किया गया था उसको कहां पूरा किया गया.


बीमारू राज्य से दूर कर उत्तर प्रदेश को उन्नति के मार्ग पर अग्रसर करने वाले सीएम योगी के दावे पर पलटवार करते हुए अजय राय ने कहा की - अगर सीएम योगी आदित्यनाथ इस प्रकार का दावा कर रहे हैं तो उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार अपराध बेरोजगारी महिलाओं पर अत्याचार चरम पर क्यों है. पुलिस रक्षक नहीं भक्षक हो चुकी है. पुलिस मारकर टांग दे रही है. हत्या को सुसाइड बोला जा रहा है. यह प्रदेश विनाश वाला प्रदेश बना दिया गया हैं. 8 साल में उत्तर प्रदेश को योगी जी ने विनाश प्रदेश बना दिया है. लखनऊ से लेकर बलिया तक जो कुछ भी हुआ है वह स्पष्ट बताता है कि प्रदेश की क्या स्थिति है। आजमगढ़ से लौटने के बाद बयान जारी कर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वह बलिया, बस्ती के बाद आजमगढ़ गए थे। वहां दलित युवक के परिजनों से बताया कि पुलिस पूछताछ के लिए ले गई थी। अगले दिन मौत की खबर दी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अंबेडकरनगर और प्रतापगढ़ में भी इस तरह की घटनाएं हुई हैं। वहां भी जाकर परिजनों से जानकारी ली जाएगी। राष्ट्रीय नेतृत्व को उत्तर प्रदेश की हर घटना की जानकारी दी जा रही है। जल्द ही राज्यपाल को भी विभिन्न घटनाओं का ब्यौरा सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह घटनाएं पुलिस की निरंकुशता की कहानी बयां कर रही है। किसी को भी यह अधिकार नहीं है।

### चुने हुए जनप्रतिनिधि पुतला फूंक रहे हैं

उन्होंने कहा कि गौ हमारी माता है, वह हमेशा से ही हमारे लिए पूजनीय रही है. वह राजनीतिक विषय नहीं है. लेकिन हकीकत यह है कि बीते वर्षों में उनकी क्या स्थिति रही है यह काफी चिंताजनक है. सिर्फ 3 महीने का अगर आंकड़ा उठा लिया जाए तो वाराणसी के गौशालाओं की क्या स्थिति रही है यह सब कुछ प्रमाणित कर देगा और दुर्भाग्य की बात है कि भाजपा के विधायक मंत्री और जनप्रतिनिधि पुतला फूकने और प्रदर्शन करने में जुटे हुए हैं. ऐसा इसलिए क्योंकि वह अपनी नाकामी छुपाना चाहते हैं।

## पंडित गुरु प्रसाद मिश्र का निधन

**मुंबई/प्रतापगढ़।** हास्य कवि सुरेश मिश्र के बड़े भाई,पूर्व प्रधानाध्यापक व समाजसेवी पं. गुरु प्रसाद मिश्र का 30 मार्च, 2025 को उनके गृहनगर व जन्मभूमि ग्राम धनऊपुर,पोस्ट बीरापुर,जिला प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश में संक्षिप्त बीमारी के बाद 76 वर्ष की उम्र में निधन हो गया



। गुरु प्रसाद मिश्र अपने तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। वह अपने पीछे भजन गायक राजेश मिश्र (नन्हे) एक बेटी,दो पोते,एक पोती सहित भरा-पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। नौ अप्रैल 2025 को शुद्ध और 11 अप्रैल को तेरहवीं का कार्यक्रम संपन्न होगा। उनके निधन पर मिथिलेश मिश्र, प्रमोद उपाध्याय, पत्रकार शिवपूजन पांडेय, रमेश मिश्र, संतोष तिवारी, जालेंद्र प्रताप सिंह, कृपाशंकर मिश्र, सहित समाज के तमाम प्रतिष्ठित लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

# घर के बाहर खेल रहे मासूम को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने रौंदा

महानगर संवाददाता
बुलंदशहर



चोला थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर रिठौरी निवासी करीब ढाई वर्षीय बालक लड्डू उर्फ ऋषि को घर के बाहर खेलते समय गांव निवासी ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक ने रौंद दिया। हादसे में बालक की मौत हो गई। परिजनों ने शव को गांव ले जाकर हंगामा किया और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने गांव से ट्रैक्टर-ट्रॉली को तो कब्जे में ले लिया है, लेकिन आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से दूर है।

थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर रिठौरी निवासी कर्मवीर सिंह दिल्ली में नौकरी करते हैं। वह प्रतिदिन गांव से ही दिल्ली आना जाना करते हैं। घर में उनकी पत्नी, बच्चे व अन्य लोग साथ में ही रहते हैं। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे उनका करीब ढाई वर्षीय पुत्र लड्डू उर्फ ऋषि घर के बाहर खेल रहा था। तभी गांव निवासी नरेंद्र सिंह वहां से ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर निकल रहा था। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी ट्रैक्टर चालक उस समय फोन पर बातचीत कर रहा था। तभी उसने घर के बाहर खेल रहे लड्डू को कुचल दिया। इसके बाद आरोपी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर मौके से भाग निकला।

शोर शराबा होने पर ग्रामीण व परिजन मौके पर दौड़े और लहुलुहान हालत में लड्डू को बुलंदशहर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां, चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत के बाद गुस्साए परिजन व ग्रामीण शव को गांव लेकर पहुंचे। जहां, उन्होंने आरोपी चालक की गिरफ्तारी के लिए हंगामा करना शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पर थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने तत्काल आरोपी को पकड़ कर सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने उन्हें समझा बुझाकर शांत किया और ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके से बरामद कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

## स्कूलों के पाठ्यक्रम में ट्रैफिक नियमों का पाठ

**लखनऊ।** बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों के पाठ्यक्रम में ट्रैफिक नियम का पाठ शामिल किया जाएगा। बेसिक स्कूलों में कक्षा आठ तक और माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा नौ से 12 तक की पढ़ाई होती है। छोटी उम्र से ही छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी के उद्देश्य से यह फैसला लिया गया है। इसके लिए शासन की ओर से निर्देश भी जारी हो गए हैं। अभी तक विभिन्न जागरूकता रैलियों और कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी जाती रही है। यातायात नियमों की पढ़ाई को अनिवार्य पहली बार किया गया है। शासन की ओर से नए शिक्षण सत्र में इसका पाठ्यक्रम जोड़ने के निर्देश के बाद जिला प्रशासन ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।

# बदायूं में दर्दनाक घटना: दो की जिंदा जलकर मौत

**बदायूं।** बदायूं के कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव जिंसी नगला में बृहस्पतिवार दोपहर करीब दो बजे झोपड़ीनुमा घर में आग लग गई। आग की लपटें उठीं तो चीख-पुकार मच गई। सैकड़ों लोग मौके पर आ गए और आग को बुझाने लगे। बमुश्किल आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक झोपड़ी में सो रहे ममेरे-फुफेरे दो भाई जिंदा जल गए। सूचना पाकर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा।

गांव जिंसी नगला निवासी अलखराम परिवार के साथ गेहूं की कटाई करके बृहस्पतिवार को करीब एक बजे खेत से घर लौटे थे। महिलाएं घर में खाना बनाने लगी थीं। खाना बनाते समय सिलिंडर लीकेज होने से घर में आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें विकराल हो गईं। तेज धमाके के साथ सिलिंडर भी फट गया। घर में से महिलाएं व बड़े ने तो भागकर जान बचा ली, लेकिन अलखराम का नाती छह वर्षीय सुमित व उसका फुफेरा भाई दीपक आग में फंस गया। जब तक परिवार के लोगों ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया, तब तक दोनों ममेरे-फुफेरे भाई जिंदा जल गए। साथ ही एक मवेशी भी जलकर मर गई।

# जय भवानी, जय राणा सांगा के नारों से गूंजा जौनपुर

### रामजीलाल सुमन के खिलाफ क्षत्रियों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

महानगर संवाददाता
जौनपुर



समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा संसद में दिए गए वक्तव्य के विरोध में आक्रोशित क्षत्रिय समाज का गुस्सा आज शहर की सड़कों पर दिखाई दिया। जय भवानी, जय राणा सांगा के नारे लगाते हुए राजपूत सेवा समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी दिनेश चंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपकर वीर शिरोमणि राणा सांगा का अपमान करने वाले सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। विरोध मोर्चा का नेतृत्व कर रहे ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि मुगलों के खिलाफ बहादुरी से लड़ने वाले वीर शिरोमणि राणा सांगा का अपमान क्षत्रिय समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने राष्ट्रपति से रामजीलाल सुमन की संसद सदस्यता को रद्द करने के साथ-साथ उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इस अवसर पर राजपूत सेवा समिति के सदस्य वशिष्ठ नारायण सिंह वीरेंद्र प्रताप सिंह रत्नाकर सिंह डॉक्टर नवाब सर्वेश सिंह शरद सिंह के अलावा शशि मोहन सिंह क्षेम, प्रदीप सिंह सफायर, अजीत सिंह ,शशि प्रकाश सिंह, अमर बहादुर सिंह, मुन्ना सिंह, विनोद कुमार सिंह ,रजनीश कुमार सिंह, राजेंद्र प्रसाद सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह, संजय सिंह बिसेन, सिद्धार्थ सिंह, धर्मेंद्र सिंह ,रविंद्र नारायण सिंह, डॉ राजेश सिंह, रुद्र प्रताप सिंह ,उमेश सिंह ,डॉ सौरभ सिंह, बृजेश कुमार सिंह, आनंद सिंह, देवी सिंह, राघवेंद्र कुमार सिंह, भूपेश कुमार सिंह समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सूर्य कुमार यादव ने पत्नी संग रामलला के किए दर्शन



**अयोध्या।** इंडियन प्रीमियर लीग की पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के कुछ खिलाड़ी गुरुवार को अयोध्या में रामलला के दर्शन किए। खिलाड़ियों ने सोशल मीडिया पर मंदिर में दर्शन करने के बाद की तस्वीरें शेयर की हैं। आईपीएल 2025 में शुक्रवार (4 अप्रैल) को लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई इकाना क्रिकेट स्टेडियम में मुकाबला खेला जाएगा। मुकाबले से पहले कुछ खिलाड़ियों ने अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन किए। मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच आईपीएल में ये चौथा मुकाबला खेला जाएगा। इस मुकाबले के लिए टीम बुधवार को लखनऊ पहुंच गई थी। तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव, दीपक चाहर और कर्ण शर्मा जैसे मुंबई इंडियंस के खिलाड़ियों ने शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ आईपीएल 2025 के मुकाबले से पहले अयोध्या राम मंदिर का दौरा किया। सूर्या की पत्नी देविशा और चाहर की पत्नी जया भी थीं। मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी ने एक्स पर खिलाड़ियों और उनके परिवार की तस्वीरें शेयर की है।

# रामनवमी के लिए लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे अयोध्या

महानगर संवाददाता
अयोध्या



रामनवमी पर अयोध्या में सुरक्षा और भी ज्यादा कड़ी कर दी गई है। लाखों श्रद्धालु रोज अयोध्या पहुंच रहे हैं। अयोध्या में श्रद्धालुओं के लिए धूप से बचाव के लिए टेंट लगाए गए हैं। साथ ही हनुमान मंदिर जाने वाले मार्ग पर विशेष व्यवस्था की जा रही है। श्री राम जन्मोत्सव 6 अप्रैल को मनाया जाएगा। रामनवमी की तैयारियों का जायजा लेने सीएम योगी आदित्यनाथ भी अयोध्या आ सकते हैं। चैत्र रामनवमी मेला के पांचवें यहां श्रद्धालुओं की भीड़ धीरे-धीरे बढ़ने लगी है।

श्रीराम जन्मभूमि की तर्ज पर पर हनुमानगढ़ी में भी श्रद्धालुओं को धूप से बचाने के लिए टेंट लगाने का प्रबंध जिला प्रशासन की ओर से किया जा रहा है। हरिद्वारी बाजार में दर्शन की लेन के बाहर टेंट की साइड वाल के पाइपों के फ्रेम लगा दी गयी है। इसके ऊपर शामियाना लगाया जाना बाकी है। पिछले साल भी रामनवमी मेला के दौरान जिला प्रशासन के निर्देश पर अयोध्या विकास प्राधिकरण की ओर से छाजन की व्यवस्था कराई गयी थी। आस्था की डगर पर श्रद्धा निवेदन करने के लिए चैत्र रामनवमी मेले में अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े, इसके लिए नगर निगम ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। अयोध्या धाम स्थित जोनल कार्यालय में महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने बुधवार को कार्यालय में नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान तय किया गया कि सर्वाधिक भीड़ वाले क्षेत्र में श्रृंगारहाट से हनुमानगढ़ी तक श्रद्धालुओं को गर्मी से बचाने के लिए टेंट लगाया जाएगा। तैयारी बैठक की अध्यक्षता कर रहे महापौर ने कहा कि पूरी दुनिया की नजर राममंदिर के कारण अयोध्या पर है। लास लाखों श्रद्धालु रामलला का प्रकटोत्सव देखने के लिए यहां आएंगेद, इन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न हो। नगर आयुक्त ने रामपथ, धर्म पथ पर लगाए गए स्मार्ट वॉटर कियाक्स की मरम्मत एवं सफाई कल तक कर लेने तथा वहां साइनेज बोर्ड लगाने का निर्देश दिया।

# एसडीएम के सरकारी आवास पर तैनात होमगार्ड का मिला शव, मचा हड़कंप



**अमेठी।** अमेठी के नवीन कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एसडीएम के सरकारी आवास पर तैनात होमगार्ड का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल के साक्ष्यों को इकट्ठा किया है। मृतक पिछले दो दिनों से गौरीगंज तहसील के न्यायिक एसडीएम मो असलम के आवास पर तैनात था। होमगार्ड की मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित कलेक्ट्रेट परिसर एसडीएम के आवास बने हुए है। इसी में गौरीगंज के न्यायिक एसडीएम मो असलम का आवास भी है। एसडीएम के आवास पर गौरीगंज थाना क्षेत्र के पनियार के रहने वाले राज किशोर (56) एक तरीख से तैनात थे। रोज की तरह देर रात करीब 9 बजे राज किशोर ड्यूटी पर पहुंचे। बृहस्पतिवार सुबह एसडीएम के साथ रहने वाला व्यक्ति कमरे में पहुंचा तो वहां का नजारा देखकर दंग रह गया। होमगार्ड राजकिशोर का शव एक तख्ते पर पड़ा हुआ था जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही गौरीगंज थाना प्रभारी श्याम नारायण पांडेय मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्यों को इकठ्ठा किया जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पूरे मामले पर गौरीगंज सीओ अखिलेश वर्मा ने कहा कि देर रात होमगार्ड ड्यूटी पर पहुंचे थे आज सुबह उनका शव मिला है। प्रथमदृष्टया किसी बीमारी से उनकी मौत की वजह सामने आ रही है।

# गोला काला करने से नहीं चलेगा काम, विस्तार से लिखने होंगे जवाब



प्रयागराज। राजकीय महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए आयोजित स्क्रीनिंग परीक्षा में अब ओएमआर शीट पर गोला काला करने से काम नहीं चलेगा। स्क्रीनिंग परीक्षा का पाठ्यक्रम संशोधित किया जा रहा है। अभ्यर्थियों को अब वस्तुनिष्ठ की जगह दीर्घ उत्तरीय सवालों के जवाब देने होंगे।

अभ्यर्थियों के चयन में स्क्रीनिंग परीक्षा के अंक भी जोड़े जाएंगे। उच्च शिक्षा निदेशालय की ओर से राजकीय महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के 562 पदों पर भर्ती के लिए शासन के माध्यम से उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) को अधियाचन भेजा जा चुका है।

अब शासन स्तर से संशोधित पाठ्यक्रम को हरी झंडी मिलने का इंतजार है। असिस्टेंट प्रोफेसर बनने जा रहे अभ्यर्थियों की अपने विषय की कितनी समझ है, इसे गहराई से परखने के लिए ही पाठ्यक्रम संशोधन का निर्णय लिया गया है। पहले स्कीनिंग परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार के सवाल आते थे और प्रत्येक सवाल के चार विकल्प होते थे। अभ्यर्थियों को सही उत्तर के रूप में किसी एक विकल्प को चुनकर ओएमआर शीट के गोले को काला करना होता था। स्क्रीनिंग परीक्षा केवल अभ्यर्थियों की छंटनी के लिए होती थी। मेरिट में इस परीक्षा कोई भूमिका नहीं होती थी। अभ्यर्थियों का चयन केवल इंटरव्यू में मिले अंकों के आधार पर किया जाता था। अब स्क्रीनिंग परीक्षा के 75 फीसदी व इंटरव्यू के 25 फीसदी अंक जोड़कर मेरिट तैयार की जाएगी। साथ ही स्क्रीनिंग परीक्षा में वस्तुनिष्ठ की जगह दीर्घ उत्तरीय सवाल पूछे जाएगा, जिनके जवाब अभ्यर्थियों को विस्तार से लिखने होंगे। यह बदलाव इस उद्देश्य से किया जा रहा है कि जो अभ्यर्थी असिस्टेंट प्रोफेसर बनकर छात्र-छात्राओं को पढ़ाएंगे, उनके असिस्टेंट प्रोफेसर बनने के पहले विषय के प्रति उनकी समझ को गहराई से परखा जा सके। यूपीपीएससी की ओर से इन दोनों बदलावों से संबंधित प्रस्ताव शासन को काफी पहले भेजा जा चुका है। शासन ने परीक्षण के लिए प्रस्ताव उच्च शिक्षा विभाग को भेजा था और उच्च शिक्षा विभाग ने उच्च शिक्षा निदेशालय से टिप्पणी मांगी थी।

# रिटायर जज और पत्नी पर FIR

**लखनऊ।** लखनऊ में लक्ष्मण मेला स्थल के पास कच्ची बस्ती में रहने वाले 42 वर्षीय महेश कुमार निषाद ने बुधवार को फांसी लगा ली। घर के अंदर फंदे पर उनका शव लटका मिला। महेश की पत्नी ने सेवानिवृत्त जज अनिल कुमार श्रीवास्तव और उनकी पत्नी वंदना पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए हजरतगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। महेश ने मोबाइल से मालकिन को संबोधित करते हुए एक वीडियो बनाकर कहा कि वह आत्महत्या करने जा रहा है। प्रताड़ना का आरोप लगाया।




महेश की पत्नी कविता के मुताबिक पति चार साल से सेवानिवृत्त जज के घर पर रसोइया थे। होली के समय जज के यहां साढ़े छह लाख रुपये की चोरी हुई थी। पति ने चोरी नहीं की थी। इसके बावजूद वंदना पति महेश पर चोरी का आरोप मढ़ रही थीं। महेश इससे बेहद परेशान और तनाव में थे। 17 मार्च को उन्होंने अलीगंज थाने में पति के खिलाफ तहरीर दी थी। पति से पूछताछ के बाद पुलिस ने लिखापढ़ी करके छोड़ दिया था। पति पर डेढ़ लाख रुपये देने का दबाव बना रहे थे। एक अप्रैल तक रुपये देने को कहा था। इससे पति परेशान थे। कविता के मुताबिक बुधवार को पति ने मोबाइल से एक वीडियो बनाया। मैसेज के साथ वंदना को भेजा। इसमें कहा कि मेरे पास डेढ़ लाख रुपये नहीं हैं जो आपको दे सकूं।

# दुश्मनों के प्रॉक्सी वॉर से निपटने के लिए रहे तैयार

## राजनाथ सिंह का सेना को साफ संदेश



महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने फिर से पुष्टि की कि भारत का प्रतिद्वंद्वी पश्चिमी सीमाओं पर छद्म युद्ध जारी रखे हुए है, साथ ही उन्होंने सीमा पार आतंकवाद का दृढ़ता से जवाब देने के लिए भारतीय सेना की सराहना की। सेना कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंह ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से निपटने में सेना और अन्य सुरक्षा बलों के बीच समन्वय की सराहना की। न्होंने कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खतरे से निपटने में सीएपीएफ/पुलिस बलों और सेना के बीच उत्कृष्ट तालमेल की सराहना करता हूं। केंद्र शासित प्रदेश में समन्वित अभियान क्षेत्र में स्थिरता बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं और इसे जारी रखना चाहिए।

रक्षा मंत्री ने नई दिल्ली में आयोजित सम्मेलन में वरिष्ठ कमांडरों को संबोधित किया, जो 1 से 4 अप्रैल तक चलेगा। वर्ष में दो बार आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में सुरक्षा चुनौतियों, सीमा की स्थिति, आंतरिक सुरक्षा और संगठनात्मक परिवर्तनों का आकलन करने के लिए शीर्ष सैन्य नेतृत्व एकत्रित होता है। इसमे आधुनिकीकरण, रसद, प्रशासन और वैश्विक सुरक्षा विकास के प्रभाव पर भी चर्चा की गई। ₹सुधारों के वर्ष पर एक ब्रीफिंग के बाद उनका संबोधन तीसरे दिन का मुख्य आकर्षण था। सिंह ने देश के सबसे भरोसेमंद संस्थानों में से एक के रूप में भारतीय सेना की भूमिका पर जोर दिया और सीमाओं की सुरक्षा, आतंकवाद से निपटने और नागरिक अधिकारियों की सहायता करने में इसके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सेना हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है- सुरक्षा और आपदा राहत से लेकर चिकित्सा सहायता और राष्ट्रीय स्थिरता बनाए रखने तक। राष्ट्र निर्माण और समग्र विकास में इसका योगदान अमूल्य है। उन्नत प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने में सेना के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए, उन्होंने भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के लिए इसके नेतृत्व की सराहना की।

# हर कोई नहीं खरीद सकता एयर प्यूरीफायर'

## दिल्ली-NCR में पटाखों से नहीं हटेगा बैन; SC का इंकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर में पटाखों के निर्माण,भंडारण और बिक्री पर लगे प्रतिबंध में ढील देने से इंकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि वायु प्रदूषण का स्तर काफी समय से खतरनाक बना हुआ है,जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि आबादी का एक बड़ा हिस्सा सड़कों पर काम करता है और प्रदूषण से सबसे ज्यादा प्रभावित है। पीठ ने कहा कि हर कोई अपने घर या कार्यस्थल पर प्रदूषण से लड़ने के लिए एयर प्यूरीफायर नहीं खरीद सकता।

### ग्रीन पटाखों पर की टिप्पणी

कोर्ट ने कहा,'पिछले छह महीनों में इस कोर्ट द्वारा पारित कई आदेशों से दिल्ली में वायु प्रदूषण के उच्च स्तर के कारण व्याप्त भयावह स्थिति का पता चलता है। स्वास्थ्य का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 का एक अनिवार्य हिस्सा है, इसलिए प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहने का अधिकार भी संविधान का एक अनिवार्य हिस्सा है।' कोर्ट ने कहा कि जब तक कोर्ट इस बात से संतुष्ट नहीं हो जाता कि तथाकथित ग्रीन पटाखों के कारण होने वाला प्रदूषण न्यूनतम है, तब तक पिछले आदेशों पर पुनर्विचार करने का कोई सवाल ही नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि समय-समय पर पारित आदेशों से यह संकेत मिलता है कि पटाखों के उपयोग पर निर्देश और प्रतिबंध दिल्ली में उत्पन्न असाधारण स्थिति के मद्देनजर आवश्यक थे।

# 'बंगाल की खाड़ी में सबसे लंबी कोस्टल लाइन हमारी...'

## जयशंकर ने थाईलैंड में मोहम्मद यूनुस को दिखाया आईना





महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर इस समय BIMSTEC में हिस्सा लेने के लिए थाईलैंड में हैं। इस दौरान जयशंकर ने राजधानी बैंकॉक में बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के पूर्वोत्तर को भारत से जोड़ने वाले 'चिकन नेक' वाले बयान और खुद को इस क्षेत्र के समंदर का एकमात्र गार्जियन बताने पर मुंहतोड़ जवाब दिया है। जयशंकर ने बांग्लादेश के मोहम्मद यूनुस को आईना दिखाते हुए कहा कि भारत बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए BIMSTEC के संबंध में अपनी जिम्मेदारी से अवगत है। बंगाल की खाड़ी में भारत की सबसे लंबी तटरेखा भी है, जो लगभग 6,500 किलोमीटर है।

उन्होंने कहा कि हमारे पास बंगाल की खाड़ी में लगभग 6500 किलोमीटर की सबसे लंबी तटरेखा है। हमारा पूर्वोत्तर क्षेत्र सड़कों, रेलवे, जलमार्ग, ग्रिड और पाइपलाइनों के नेटवर्क के साथ बिम्सटेक के लिए कनेक्टिविटी केंद्र के रूप में उभर रहा है।

### मोहम्मद यूनुस ने आखिर क्या कहा था?

चीन दौरे पर गए बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने चीन की धरती पर कहा था कि इस क्षेत्र के समंदर का एक मात्र गार्जियन ढाका है। चीन को अपने देश में निवेश करने का न्योता देते हुए यूनुस ने कथित तौर पर भारत की मजबूरियां गिनाई थी और चीन को लुभाते हुए कहा था कि उसके पास बांग्लादेश में बिजनेस का बड़ा मौका है। मोहम्मद यूनुस ने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों का जिक्र करते हुए कहा था कि भारत के पूर्वोत्तर राज्यों, जिन्हें सेवन सिस्टर्स कहा जाता है। वे चारों ओर से भूमि से घिरे हुए देश हैं, भारत का लैंड लॉक्ड क्षेत्र हैं। उनके पास समुद्र तक पहुंचने का कोई रास्ता नहीं है। इस पूरे क्षेत्र में जो समंदर है उसका एक मात्र गार्जियन बांग्लादेश है।

# ओवैसी और मसूद को मानहानि का नोटिस भेंजेंगे नसीरूद्दीन चिशती



महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर बौद्ध, ईसाई और पसमांदा समेत समाज के अन्य वर्गों ने ऐतिहासिक, आपसी भाईचारा को बढ़ाने और लोकतंत्र को मजबूत करने वाला बताया है। भारतीय बौद्ध संघ,द चर्च आफ नार्थ इंडिया व राष्ट्रवादी मुस्लिम पसमांदा महाज जैसे संगठनों ने कहा कि विधेयक से वक्फ के मनमाने असंवैधानिक अधिकारों पर लगाम लगेगी। भारतीय बौद्ध संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंते संघप्रिय राहुल ने कहा कि विधेयक से वक्फ बोर्ड की दादागीरी पर लगाम लगाई जा सकेगी। उसके कब्जे में जा रही बौद्ध संपत्तियों को बचाया जा सकेगा। अहमदाबाद के कालूपुर में बौद्धों के बुद्ध विहार समेत महाराष्ट्र तथा उत्तर प्रदेश में ऐसी कई बौद्ध संपत्तियां हैं, जिसे अपना बताते हुए वक्फ बोर्ड ने कब्जा कर लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकारों ने वोट बैंक के लिए वक्फ को असाधारण शक्तियां दीं। पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने पाकिस्तान जाने वाले मुसलमानों की जमीनों को वक्फ को सौंप दिया, जबकि देश में आए हिंदुओं की जमीनों को पाकिस्तान ने अपने कब्जे में लिया।

# बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेसवे पर बस ने कार को मारी टक्कर

## एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

**मांड्या।** कर्नाटक से एक हादसे की खबर सामने आई है। कर्नाटक पुलिस ने गुरुवार को बताया कि मांड्या जिले के पास बेंगलुरू-मैसूर एक्सप्रेस वे पर एक बस ने एक कार को पीछे से टक्कर मार दी,जिसमें एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। वे पिरियापट्टना जा रहे थे, तभी राज्य परिवहन की बस ने तुबिनाकेरे निकास के पास उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। मांड्या जिले के एसपी मल्लिकार्जुन बलदंडी ने बताया कि एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य तीन को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

# राहुल बोले-चीन ने हमारी 4 हजार वर्ग किमी जमीन कब्जाई

- विदेश सचिव गलवान के जवानों की शहादत पर केक काट रहे
- PM चिट्ठियां लिख रहे

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को भारत-चीन के राजनयिक संबंधों की 75वीं सालगिरह के जश्न को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा- चीन हमारे 4 हजार वर्ग किमी इलाके पर कब्जा करके बैठा है, लेकिन मुझे यह देखकर आश्चर्य हुआ कि हमारे विदेश सचिव (विक्रम मिस्री) चीनी राजदूत के साथ केक काट रहे थे। लोकसभा में शून्यकाल के दौरान राहुल ने कहा- हम सामान्य स्थिति के खिलाफ नहीं हैं,लेकिन उससे पहले हमें अपनी जमीन वापस मिलनी चाहिए। मुझे पता चला कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने चीनी राजदूत को चिट्ठी लिखी है और यह भी हमें दूसरों से पता चल रहा है। चीनी राजदूत भारत के लोगों को बता रहे हैं कि उन्हें चिट्ठी लिखी गई।



### भाजपा की फिलॉस्फी हर विदेशी के सामने सिर झुकाना , राहुल

मोदी सरकार की विदेश नीति पर राहुल गांधी ने कहा- एक तरफ आपने चीन को हमारी जमीन दे दी और दूसरी तरफ अमेरिका ने हम पर टैरिफ (जैसे को तैसा टैक्स) लगा दिया। इससे देश की ऑटो, फार्मास्यूटिकल और एग्रीकल्चर इंडस्ट्री पूरी तरह से तबाह हो जाएगी।

राहुल ने कहा- एक बार किसी ने इंदिरा जी से पूछा कि विदेश नीति के मामले में आप बाएं झुकती हैं या दाएं। इस पर उन्होंने जवाब दिया की मैं बाएं या दाएं नहीं झुकती। मैं भारतीय हूं और सीधी खड़ी हूं। भाजपा और RSS की फिलॉस्फी अलग है। जब उनसे पूछा जाता है तो वे कहते हैं नहीं, नहीं, हम हर विदेशी के सामने अपना सिर झुकाते हैं। यह उनके इतिहास में है, हम जानते हैं। सरकार को जवाब देना चाहिए कि वह अमेरिकी टैरिफ पर क्या कर रही है। बीते दिन अमेरिका ने भारत पर 26 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ (जैसे को तैसा टैक्स) लगाने की घोषणा की है। अमेरिका ने कहा है कि भारत अमेरिकी सामानों पर बहुत ज्यादा इम्पोर्ट ड्यूटी (आयात शुल्क) लगाता है।

# इंसान तो इंसान ट्रंप ने पेंग्विन्स को भी नहीं बख्शा



**नई दिल्ली।** इंसान तो इंसान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने जवाबी टैरिफ का एलान करते हुए पेंग्विन्स को भी नहीं बख्शा। अंटार्कटिका का एक बंजर और निर्जन ज्वालामुखी द्वीपों का एक समूह जो ग्लेशियरों से ढका हुआ है,वह भी ट्रंप के जवाबी टैरिफ के निशाने पर आ गया है। इस आइलैंड पर ट्रंप प्रशासन ने 10% टैरिफ लगाने का एलान किया है। ट्रंप प्रशासन ने जिस पेंग्विन्स के जिस आइलैंड पर टैरिफ लगाया है, उसका का नाम है 'हर्ड आइलैंड और मैकडोनाल्ड आइलैंड', जो ऑस्ट्रेलिया का बाहरी क्षेत्र है। यह पृथ्वी के सबसे दूरस्थ इलाकों में से एक है। यहां ऑस्ट्रेलिया के पश्चिमी तट पर स्थित पर्थ से दो सप्ताह की नाव यात्रा के माध्यम से ही पहुंचा जा सकता है। यह आइलैंड पूरी तरह से निर्जन हैं। माना जाता है कि इंसानों ने इस द्वीप पर आखिरी बार लगभग 10 साल पहले कदम रखा था। फिर भी, हर्ड और मैकडोनाल्ड द्वीपों को व्हाइट हाउस की ओर से जारी उन देशों की सूची में शामिल किया गया है, जिन पर पारस्परिक टैरिफ लगाए गए हैं। आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने गुरुवार को इसे लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति पर चुटकी ली। उन्होंने कहा, ₹पृथ्वी पर कोई भी जगह सुरक्षित नहीं है।₹ हर्ड द्वीप और मैकडोनाल्ड द्वीप ऑस्ट्रेलिया के कई 'बाहरी क्षेत्रों' में से हैं, जिन्हें ऑस्ट्रेलिया की टैरिफ सूची में अलग से सूचीबद्ध किया गया है। वहां के सामानों पर 10% टैरिफ लगाया जाएगा। यह बाहरी क्षेत्र ऑस्ट्रेलिया का हिस्सा हैं और स्वशासित नहीं हैं, लेकिन संघीय सरकार के साथ उनका एक अनूठा संबंध है। व्हाइट हाउस की सूची में यह क्षेत्र कोकोस (कीलिंग) द्वीप , क्रिसमस द्वीप और नॉरफॉक द्वीप के नाम से शामिल है। इसके अलावा अमेरिका ने फल्कलैंड आइलैंड नामक द्वीप पर भी 42% टैरिफ लगाने का एलान किया है। दक्षिण अमेरिका के इस द्वीप का क्षेत्रफल महज 12,173 वर्ग किलोमीटर है और 2021 की जनगणना के अनुसार यहां सिर्फ 3221 लोग रहते हैं।

# बांग्लादेशियों ने BSF पर किया हमला

## एक जवान बुरी तरह घायल, घुसपैठियों को खदेड़ा गया

महानगर नेटवर्क

कोलकाता

बांग्लादेशी लोगों की ओर से भारत में घुसपैठ की कोशिशें लगातार जारी हैं। इनका मनोबल इतना ज्यादा बढ़ता जा रहा है कि ये BSF के जवानों पर हमले भी कर रहे हैं। दरअसल, पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में दक्षिण बंगाल सीमांत में भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बांग्लादेशी घुसपैठियों ने एक बार फिर हिंसक हमला कर सीमा पार करने की कोशिश की है। भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ की 194वीं बटालियन की सीमा चौकी महेंद्र में तैनात बहादुर जवानों ने इस जानलेवा हमले का साहसपूर्वक सामना किया। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद, बहादुर जवानों ने संयम बनाए रखा और घुसपैठियों की योजना विफल कर दिया। अपराधियों द्वारा मजबूर करने पर जवानों ने आत्मरक्षा में फायरिंग कर सभी घुसपैठियों को वापस बांग्लादेश में खदेड़ दिया। जबरन घुसपैठ के इस प्रयास को विफल करने के साहसिक सफल प्रयास में बीएसएफ का एक जवान भी अपराधियों के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया।



### क्या है पूरा मामला?

जानकारी के अनुसार,3अप्रैल की रात करीब 02:15 बजे, भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित बीएसएफ की 194वीं बटालियन की सीमा चौकी महेंद्र में दूसरी शिफ्ट की ड्यूटी के दौरान जवानों ने कुछ संदिग्ध हथियारबंद बांग्लादेशी घुसपैठियों की गतिविधि देखी। ये घुसपैठिए तेज़ी से सीमा की तारबंदी की ओर बढ़ रहे थे। सीमा पर तैनात जवान ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए अपने साथी जवानों को आगाह किया और घुसपैठियों को रुकने की चुनौती दी। इन बांग्लादेशी घुसपैठियों ने चेतावनी को नजरअंदाज कर तेजी से बढ़ना जारी रखा। स्थिति की गंभीरता और अनावश्यक बल प्रयोग से बचते हुए जवान ने उन्हें रोकने और तितर-बितर करने के उद्देश्य से पीएजी का एक राउंड फायर किया। लेकिन अपराधियों पर इसका कोई असर नहीं हुआ और इसके बजाय, घुसपैठियों ने जवान को निष्क्रिय करने की मंशा से उसे घेर लिया और धारदार हथियार से सिर पर विभिन्न दिशाओं से हमला कर दिया।

# जंगल को काटने पर SC ने लिया स्वत: संज्ञान

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

सर्वोच्च न्यायालय ने हैदराबाद विश्वविद्यालय के पास कांचा गाचीबोवली क्षेत्र में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई का स्वतः संज्ञान लिया और तेलंगाना के मुख्य सचिव को सरकार की कार्रवाई के लिए व्यक्तिगत रूप से जवाबदेह बनाया। गहरी चिंता व्यक्त करते हुए, न्यायालय ने मौजूदा पेड़ों की सुरक्षा को छोड़कर, क्षेत्र में सभी गतिविधियों को रोक दिया और चेतावनी दी कि अनुपालन न करने पर सख्त परिणाम भुगतने होंगे।

### सरकार ने मद्रास HC के फैसले को दी चुनौती

तेलंगाना उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) द्वारा प्रस्तुत एक रिपोर्ट में व्यापक वनों की कटाई दिखाई गई। सर्वोच्च न्यायालय ने निष्कर्षों की समीक्षा करने के बाद,पेड़ों को हटाने के पीछे की जल्दबाजी पर सवाल उठाया और राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगा कि क्या उचित

## प्रोटेस्ट पर उतरे हैं छात्र




पर्यावरणीय मंजूरी प्राप्त की गई थी। अदालत ने विशेष रूप से इस बात पर जवाब मांगा कि क्या पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) प्रमाण पत्र जारी किया गया था और क्या इतने बड़े पैमाने पर विनाश करने से पहले वन अधिकारियों से अपेक्षित अनुमति ली गई थी।

अदालत ने पूछा इन गतिविधियों को शुरू करने की क्या मजबूरी थी? इस बात पर जोर देते हुए कि क्षेत्र में मोर और अन्य वन्यजीवों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि यह एक वनाच्छादित आवास है।

पेज एक का शेष...

# मोदी हैं तो मुमकिन है...

**मनोज झा ने प्रेमचंद की कहानी ईदगाह का किया जिक्र**

वक्फ बिल पर चर्चा करते हुए राज्यसभा सांसद मनोज झा ने प्रेमचंद की कहानी ईदगाह का जिक्र करते हुए कहा कि कोई बता सकता है कि दुकानदार हरखू था या हरेंद्र। आज कैसा माहौल है। हमें बचपन से मार्जिन छोड़ने की आदत हो गई है। इस देश के हिंदुओं को मुस्लिमों की, मुस्लिमों को हिंदुओं की आदत है। ये आदतें मत बदलवाइए। लखनऊ के एक मशहूर शायर थे,बंटवारे के बाद पाकिस्तान चले गए। नेहरू से दोस्ती थी, वापस चले आए। लोगों ने पूछा तो कहा कि वहां बहुत मुसलमान थे,मिलाजुला देखने की आदत है। लोकतंत्र में सौगात और तोहफा नहीं होते। कल गृह मंत्री को सुन रहा था। बहुत अच्छे से वक्फ का मतलब बता रहे थे। कुछ तो समान है तैयारी के मामले में। आप पहली बार सुधार नहीं कर रहे हैं, सुधार आगे भी होंगे। बाबा साहब को कोट करते हुए कहा कि आज आइसोलेशन और एक्सक्लूजन, दोनों चीजें बहुतायात में हैं। ये उचित नहीं है।

**गैर संवैधानिक बिल लाकर लोगों का अधिकार छीन रही सरकार : संजय सिंह**

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने उदय प्रताप की पंक्तियों न तेरा है, न मेरा है ये हिंदुस्तान सबका है। जो आकर मिल गई इसमें वो नदियां दिखलाई नहीं देतीं, महासागर बनाने में योगदान सबका है से अपनी बात शुरू की। उन्होंने कहा कि बचपन से ये बात सुनते आए हैं कि सरकार माई बाप। सरकार मां-बाप होती है जो अपने सभी बच्चों का खयाल रखती है। बाबा साहब ने संविधान में अधिकार दिए हैं जिसको आप छीन रहे हैं।

**भाजपा पर गरजे कांग्रेस सांसद नासिर हुसैन**

कांग्रेस सांसद डॉक्टर सैयद नासीर हुसैन ने कहा कि ये बिल पूरी तरह से फेक नैरेटिव पर आधारित है,जिसके लिए पिछले कुछ महीनों से कोशिश की जा रही थी। ये बिल बीजेपी के लिए सिर्फ ध्रुवीकरण का टूल है। ये कह रहे हैं कि हम गरीब को ताकत देंगे, ट्रांसपेरेंसी देंगे। 10 साल से आप सत्ता में हैं, क्या किया?

**अभिषेक मुन सिंघवी बोले ये बिला संशोधन कम और चालाकी ज्यादा**

कांग्रेस सांसद अभिषेक मुन सिंघवी ने कहा कि संविधान ने जो दिया ये बिल वो छीनने की कोशिश कर रहा है। इसमें संशोधन कम और साजिश ज्यादा है। कानून बराबरी का ना हो तो सत्ता की चालाकी बन जाता है। ये कानून नहीं सत्ता की मनमानी है। ये बिल 100 फीसदी संविधान के अनुछेद 25-26 का उल्लंघन करता है।

**पूर्व PM एचडी देवेगौड़ा बोले- हमारी पार्टी वक्फ संसोधन बिल के समर्थन में**

पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने कहा-उनकी पार्टी जनता दल (सेक्युलर) वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 का समर्थन करती है। उन्होंने इस कानून को लाने के लिए मोदी सरकार को बधाई दी।

**संजय राउत ने कहा- मुस्लिमों की इतनी चिंता जिन्ना ने भी नहीं की थी**

शिवसेना (UBT) सांसद संजय राउत ने कहा कि दोनों सदनों में गरीब मुस्लिमों की बहुत चिंता हो रही है। हिंदु और मुस्लिम दोनों इससे डरे हुए हैं। बैरिस्टर जिन्ना ने भी मुस्लिमों की इतनी चिंता नहीं की थी। मुझे लगता है कि जिन्ना की आत्मा कब्र से उठकर रिजिजू जी के शरीर में घुस गया है।

उन्होंने कहा कि जब भी बेरोजगारी, मंहगाई का मुद्दा आता है तो 2-3-5 दिन आप चर्चा कर लेते हो। आपको मुस्लिमों की चिंता कब से होनी लगी। आप लोग उनको चोर बोलते हो, बोलते हो की मुस्लिम आपकी जमीन छीन लेंगे, गले की चेन छीन लेंगे।

**जेएमएम सांसद ने कहा- इतना बुल्डोजर चलाया कि मुस्लिमों का भला नहीं होगा**

जेएमएम सांसद सरफराज अहमद ने कहा कि इस सरकार ने इतना बुल्डोजर चलाया है कि मुस्लिमों का भला नहीं होगा। वक्फ बिल से मुस्लिमों का भला नहीं होगा। उनका भला शिक्षा, रोजगार से होगा। वक्फ किसी की जमीन नहीं हड़पता है। वक्फ की जमीनों पर बहुत कब्जा हुआ है। सरकार नहीं बताती है कि वक्फ की जमीन कहां कहां कब्जा हुआ है। सरकार उसे छुड़ाने की बात नहीं करती है। उन जमीनों पर मॉल, सिनेमा तक बन गए हैं।

## मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठा बैंकॉक का आसमान...

इस दौरान अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि इस खूबसूरत स्वर्ण-भूमि में मेरे और मेरे डेलीगेशन के गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य-सत्कार के लिए मैं प्रधानमंत्री शिनावात्रा का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। उन्होंने कहा कि भारत और थाईलैंड के सदियों पुराने संबंध हमारे गहरे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सूत्रों से जुड़े हैं। मोदी ने कहा कि बौद्ध धर्म के प्रसार ने हमारे जन-जन को जोड़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं थाईलैंड सरकार का आभारी हूँ कि मेरी यात्रा के उप्लक्ष्य में 18वी शताब्दी की 'रामायण' म्यूरल पेंटिंग्स पर आधारित एक विशेष डाक-टिकट जारी किया गया है। हम आपको यह भी बता दें कि आज शाम प्रधानमंत्री की मौजूदगी में थाईलैंड, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, म्यांमा और भूटान के बिम्सटेक नेताओं के साथ समुद्री सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर होंगे। बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में मोदी नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस और म्यांमा के सैन्य नेता मिन आंग हलिंग सहित अन्य लोगों से मुलाकात करेंगे। हम आपको बता दें कि यह 2018 में नेपाल के काठमांडू में चौथे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के बाद बिम्सटेक नेताओं की प्रत्यक्ष रूप से पहली बैठक होगी। पिछला शिखर सम्मेलन मार्च 2022 में कोलंबो में वीडियो कॉन्फ्रेंस प्रारूप में आयोजित किया गया था।

# 'भाजपा सरकार के हटने पर नया संशोधन लाएंगे'

## वक्फ बिल को लेकर बोलीं CM ममता बनर्जी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा पेश किया गया वक्फ संशोधन विधेयक गुरुवार को लोकसभा से पास हो गया है। इस बिल को लेकर बुधवार को पूरे दिन बहस चली और गुरुवार को आधी रात वोटिंग हुई। बिल के पक्ष में 288 और बिल के विपक्ष में 232 वोट पड़े। इसके साथ ही लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पास हो गया है। सत्ताधारी दल इस बिल को अल्पसंख्यकों के लिए लाभकारी बता रहा है तो वहीं, विपक्षी दल बिल की कड़ी आलोचना कर रहे हैं। इन सब के बीच अब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी भाजपा पर निशाना साधा है। ममता बनर्जी ने कहा है कि भाजपा ने देश को बांटने के लिए वक्फ (संशोधन) विधेयक पेश किया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को संवाददाताओं से कहा- ''जब मौजूदा सरकार को हटाकर नई सरकार बनेगी तो हम भाजपा द्वारा लाए गए इस वक्फ विधेयक को निष्प्रभावी करने के लिए एक नया संशोधन लाएंगे।

# 'वक्फ बिल जबरन पारित कराया गया'

## सोनिया गांधी ने विधेयक को लेकर की गई जल्दबाजी के लिए सरकार को घेरा

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने विधेयक और उसे पारित कराने के लिए सरकार की ओर से दिखाई गई जल्दबाजी की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह विधेयक जबरन पास कराया गया है, इसे थोपा गया है। कांग्रेस संसदीय पार्टी (CPP) की आम सभा की बैठक में सोनिया गांधी ने कहा, 'कल लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक,2024 पारित हो गया और आज इसे राज्यसभा में पेश किया जाना है। इस विधेयक



को जबरन पारित किया गया। हमारी पार्टी का रुख स्पष्ट है। यह विधेयक संविधान पर एक हमला है। यह हमारे समाज को स्थायी रूप से ध्रुवीकृत रखने की भाजपा की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है।' लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पारित किए जाने के कुछ घंटों बाद कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में कांग्रेस सांसदों को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार देश को रसातल में धकेल रही है।

### 'सरकार हर चीज पर नजर रखना चाह रही'

बैठक में सांसदों से सोनिया ने कहा, 'हम सभी के लिए यह जरूरी है कि हम सही और न्याय के लिए लड़ते रहें। मोदी सरकार की विफलता को उजागर करें। सरकार हर चीज पर नजर रखना चाह रही है। हमें इसे लोगों के सामने लाना होगा। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत सभी पार्टी सांसद मौजूद थे।

# अमेरिका में तूफान से भयंकर तबाही

महानगर नेटवर्क

वाशिंगटन

अमेरिका के दक्षिण और मध्य पश्चिम क्षेत्र के कई इलाकों में भीषण तूफान के चलते कई घरों की छतें उड़ गईं, बिजली के खंभे और पेड़ गिर गए। इसके चलते लाखों घरों की बिजली गुल हो गई। एक व्यक्ति के मारे जाने और कुछ लोगों के घायल होने की खबर है। इलिनोइस, अरकंसास, इंडियाना, मिसौरी और मिसिसिपी के कुछ हिस्सों में बुधवार शाम भीषण तूफान और बवंडर को लेकर दर्जनों चेतावनियां जारी की गईं। जबकि उत्तर-पूर्व अरकंसास में तूफान के चलते कुछ समय के लिए आपातकाल घोषित किया गया।

### बाढ़ का भी मंडराया खतरा

इलिनोइस, अरकंसास, मिसौरी, मिसिसिपी और टेनेसी में 90 हजार से अधिक घरों की

## लाखों घरों की बिजली गुल और छत उड़े; बाढ़ आने का भी अंदेशा



बिजली गुल हो गई। जबकि इंडियाना में भी बुधवार रात 182,000 घरों में बिजली नहीं रही। आने वाले दिनों में दक्षिण और मध्य पश्चिम में बाढ़ के खतरे का भी अंदेशा जताया गया है, क्योंकि पूर्व की ओर बढ़ रहा तूफान विकराल होता जा रहा है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कहा कि शनिवार तक बाढ़ का खतरा रहेगा। अगले चार दिन में 30 सेंटीमीटर से अधिक वर्षा की संभावना है। तूफान पूर्वानुमान केंद्र के अनुसार, टेक्सास से लेकर मिनेसोटा और मेन तक देश के बड़े हिस्से में रहने वाले करीब नौ करोड़ लोगों को खराब मौसम का सामना करना पड़ सकता है।

### पहले भी तूफानों ने मचाई तबाही

इसके पहले मार्च 2023 में भी अमेरिका में बर्फीले तूफान ने तबाही मचाई थी। इससे न्यू इंग्लैंड के कुछ हिस्से, न्यूयॉर्क, उत्तर पूर्वी पेंसिल्वेनिया और उत्तरी न्यू जर्सी के प्रभावित हुए थे। उस वक्त भी 74,700 से अधिक घरों में बिजली गुल हो गई थी। यह तूफान ऐसे वक्त में आया था, जब कैलिफोर्निया में पजारो नदी का बांध टूट जाने से काफी तबाही हुई थी। कैलिफोर्निया में पजारो नदी के बांध टूटने से 1500 से अधिक लोग फंसे गए थे।

वहीं पिछले साल अक्टूबर में फ्लोरिडा में मिल्टन तूफान से आए बवंडर और बाढ़ ने तबाही मचाई थी। कहा गया था कि तीन महीने में जितनी बारिश होती है, उतनी बारिश सिर्फ 3 घंटों में हो गई। 20 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ की चपेट में आए थे। 32 लाख से ज्यादा घरों और दफ्तरों में बिजली गुल हो गई थी।

# चैत्र नवरात्रि के छठवें दिन **मां कात्यायनी** की पूजा



चैत्र नवरात्रि का छठा दिन मां दुर्गा के छठे स्वरूप, मां कात्यायनी की आराधना के लिए समर्पित होता है। मां कात्यायनी का स्वरूप अत्यंत ही दिव्य, तेजस्वी और अद्भुत माना जाता है। इन्हें ब्रजभूमि की अधिष्ठात्री देवी भी कहा जाता है, क्योंकि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण को प्राप्त करने के लिए इनकी उपासना की थी। पौराणिक कथाओं के अनुसार, महर्षि कात्यायन की कठोर तपस्या के फलस्वरूप मां कात्यायनी प्रकट हुई थीं, इस नाते इन्हें कात्यायनी नाम दिया गया। इनका स्वरूप स्वर्ण के समान चमकता हुआ है और ये चार भुजाओं वाली हैं। इनके एक हाथ में तलवार, दूसरे में कमल पुष्प, तीसरा हाथ अभय मुद्रा में और चौथा वरद मुद्रा में होता है। मां कात्यायनी का वाहन सिंह है, जो साहस का प्रतीक माना जाता है। चैत्र नवरात्रि में माता कात्यायनी की पूजा करने से साधक को आत्मबल और निर्भयता की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि जो लोग विवाह में बाधाओं का सामना कर रहे होते हैं, उन्हें मां कात्यायनी की उपासना अवश्य करनी चाहिए।

## मां कात्यायनी की कथा

पौराणिक कथा के अनुसार, कत नाम के एक प्रसिद्ध महर्षि हुआ करते थे। उनके पुत्र का नाम ऋषि कात्य था। आगे जाकर ऋषि कात्य के गोत्र में महर्षि कात्यायन का जन्म हुआ और ऋषि अपने तप के कारण विश्व प्रसिद्ध हुए। ऋषि कात्यायन की इच्छा थी, कि देवी भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। इसलिए, उन्होंने कई वर्षों तक देवी भगवती की कठोर तपस्या भी की। मान्यता है कि ऋषि कात्यायन की तपस्या से प्रसन्न होकर देवी भगवती ने तब उनकी इच्छा का मान रखते हुए, उनके घर पर जन्म लिया। ऋषि कात्यायन की पुत्री होने के कारण ही देवी भगवती, देवी कात्यायनी कहलाईं। महर्षि कात्यायन ने बड़े प्रेम से देवी कात्यायनी का पालन पोषण किया था। कुछ समय पश्चात, पृथ्वी पर दुराचारी महिषासुर का उपद्रव सारी सीमाएं लांघ रहा था। महिषासुर को ये वरदान मिला हुआ था, कि कोई भी पुरुष कभी उसे पराजित या उसका अंत नहीं कर पाएगा। इसलिए उसे किसी का डर नहीं था और देखते ही देखते उसने देवलोक पर भी अपना अधिकार कर लिया था। तब भगवान विष्णु, प्रजापति ब्रह्मा और देवाधिदेव महादेव ने उसका विनाश करने के लिए, अपने-अपने तेज से मिलित एक देवी को उत्पन्न किया। मान्यता है कि महर्षि कात्यायन ने ही इस देवी की सर्वप्रथम विधिवत पूजा की थी। देवी कात्यायनी के इस स्वरूप ने महिषासुर का वध किया। महिषासुर का अंत करने के कारण देवी को महिषासुर मर्दिनी के नाम से भी जाना गया।

### माता कात्यायनी पूजा विधि

नवरात्रि के छठे दिन, माता कात्यायनी की पूजा करने के लिए, सुबह जल्दी उठकर स्नान करें, साफ वस्त्र पहनें, पूजा स्थल को शुद्ध करें और माता को पीले रंग के वस्त्र, फूल, अक्षत, रोली, कुमकुम आदि अर्पित करें।



### मां कात्यायनी मंत्र

मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा के समय आप इन मंत्रों का जाप कर सकते हैं –
चन्द्रहासोज्जवलकराशार्दुलवरवाहना।
कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानवघातिनी
ॐ देवी कात्यायन्यै नमः

### मां कात्यायनी शुभ रंग

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि के छठे दिन हरा रंग धारण करना बेहद शुभ माना जाता है। इस रंग को प्रकृति, उर्वरता और शांति का प्रतीक माना जाता है, जसिसे व्यक्ति को मां कात्यायनी की कृपा से सुरक्षा, वीरता, समृद्धि की प्राप्ति होती है।

### मां कात्यायनी का भोग

मां कात्यायनी को शहद, शहद से बनी खीर, शहद वाला हलवा, मीठा पान, दूध, फल, और मिठाई का भोग लगाया जाता है। इनके अलावा माता को गुड़ भी अर्पित किया जा सकता है।



सर्दियों के गर्म कपड़ों को पैक करने से पहले अच्छी तरह से क्लीन करें। ऐसा करने से कपड़े खराब नहीं होंगे और बदबू नहीं आएगी। आप कपड़ों को ड्राई क्लीन या मशीन वॉश कर सकते हैं। ब्रश से भी क्लीन कर सकते हैं।

## ऊनी कपड़ों को पैक करते वक्त डाल दें ये चीजें

जिन कपड़ो को वॉश या ड्राई क्लीन नहीं करवा रहे हैं उन्हें एक दिन 2-3 घंटे के लिए धूप में सुखा दें। इससे पकड़ों में आई नमी, बदबू और जर्म्स खत्म हो जाएंगे। इसके बाद आप कपड़ों को बैग में पैक कर सकते हैं।

कपड़ों को खुशबूदार बनाए रखने के लिए और लंबे समय तक खराब होने से बचाने के लिए नेफ्थलीन बॉल्स डाल दें। नेफ्थलीन बॉल्स को किसी पेपर में रैप करके ऊनी कपड़ों के बैग में डालकर पैक कर दें।

आप चाहें तो किसी कॉटन पैड पर थोड़ा नीम का तेल या लेवेंडर ऑयल की कुछ बूंदें डालकर भी रख सकते हैं। ध्यान रहे कि ये कॉटन बॉल्स बैग में डालनी है जिससे कपड़ों पर ऑयल न लगे। अगर कुछ समझ न आए तो ऊनी कपड़ों को पैक करते वक्त नीम की सूखी पत्तियां किसी पेपर में लपेटकर कपड़ों के साथ रख दें। इससे सर्दी के कपड़ों में कीड़े, फंगस और बदबू नहीं आएगी।

## शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए **तरबूज सबसे अच्छा फल**



**गर्मियां आते ही एकदम मीठे और रसीले तरबूज मिलने लगते हैं। शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए तरबूज सबसे अच्छा फल माना जाता है। तरबूज में 90 प्रतिशत से ज्यादा पानी होता है। इससे वजन घटाने में भी मदद मिलती है।**



कुछ लोग तरबूज पर नमक छिड़ककर खाते हैं। लोगों का मानना है कि इससे तरबूज और मीठा लगता है और इसका पानी भी काफी बढ़ जाता है। नमक डालकर खाने से तरबूज की कड़वाहट कम होने का भी दावा किया जाता है।

लेकिन डाइटिशियन स्वाति सिंह की मानें तो तरबूज पर नमक डालकर नहीं खाना चाहिए। इससे तरबूज में पाए जाने वाले पोषक तत्व शरीर में पूरी तरह से अब्जॉर्ब नहीं हो पाते हैं। तरबूज में नमक छिड़ककर नहीं खाना चाहिए।

डाइटिशियन की माने तो आपको किसी भी फल में नमक डालकर नहीं खाना चाहिए। इससे फलों के पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं। वहीं इस तरह ऊपर से नमक डालकर खाना सेहत के लिए भी हानिकारक होता है। ऊपर से कच्चा नमक डालकर खाने से हाई ब्लड प्रेशर की परेशानी पैदा हो सकती है। हार्ट और किडनी के मरीज को नमक की मात्रा का विशेष ख्याल रखना चाहिए। ज्यादा नमक खाना सेहत के लिए हानिकारक है।

## गर्मियां आते ही मच्छरों का आतंक से निजात पाने के उपाय

**गर्मियां आते ही मच्छरों का आतंक बहुत बढ़ जाता है। शाम होते ही मच्छर इस तरह घर में धावा बोल देते हैं कि लाख कोशिशों के बाद भी इनसे बचना मुश्किल हो जाता है। इससे यह बात तो तय है कि मच्छरों से बचने के लिए कोई एक तरीका ही काफी नहीं है। बल्कि इसके लिए आपको ऑल राउंडर अप्रोच अपनाने की जरूरत है। ज्यादा खतरनाक केमिकल वाले प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने के बजाए आप कुछ घरेलू नुस्खे भी आजमा सकते हैं, जो मच्छरों को घर से दूर रखने में मदद करेंगे। आज हम आपको एक ऐसा ही आसान तरीका बता रहे हैं। इसके लिए बस आपको रोजाना पोछा लगाने वाले पानी में कुछ नेचुरल चीजों को मिक्स करना है और पूरे घर में पोछा लगा देना है। घर की सफाई के साथ-साथ इससे कीड़े मकोड़े, मक्खियां और यहां तक कि मच्छर भी आपके घर से कोसों दूर रहेंगे।**

### पानी में मिलाएं थोड़ा सा सिरका

रसोई में भरपूर इस्तेमाल होने वाला सिरका मच्छरों को घर से दूर भगाने में आपकी बड़ी मदद कर सकता है। सके लिए बस पोछे वाले पानी में थोड़ा सा सिरका एड कर दें। अब इस पानी से पूरे घर में पोछा लगाएं। ये छोटे-मोटे कीड़े-मकौड़ों, मक्खियां और यहां तक कि मच्छरों को भी घर से दूर रखने में मदद करेगा। इसके अलावा अपनी क्लीनिंग प्रॉपर्टीज के चलते सिरका घर को साफ-सुथरा और खुशबूदार बनाए रखने में भी काफी कारगर है।

### एसेंशियल ऑयल का करें इस्तेमाल

पोछे वाले पानी में कुछ बूंद एसेंशियल ऑयल मिलाने से भी आपको मच्छरों से राहत मिल सकती है। मच्छरों से छुटकारा पाने के लिए आप लैवेंडर, लेमनग्रास, पेपरमिंट और लौंग के एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इन सभी की खुशबू मच्छरों को जरा भी पसंद नहीं होती। इसके साथ ही मक्खियां और छोटे-मोटे कीड़े-मकोड़े भी घर से दूर ही रहते हैं। बेस्ट बात है कि ये आपके घर को पूरे दिन महका-महका भी बनाए रखेंगे।




### नीम का इस्तेमाल दिलाएगा राहत

पुराने समय में लोग मच्छरों से बचने के लिए नीम का इस्तेमाल ही किया करते थे। वो चाहे हाथों-पैरों पर नीम का तेल लगाना हो या फिर नीम के पत्तों को जलाकर उनकी धूनी देना हो। आप इन घरेलू नुस्खों के अलावा पोछे के पानी में भी नीम को मिक्स कर के मच्छरों से छुटकारा पा सकते हैं। इसके लिए नीम के कुछ पत्ते उबाल कर, उनके पानी को पोछे वे पानी में एड करें और उससे पूरा घर क्लीन करें।



गर्मियों के मौसम में ज्यादातर लोग ठंडा पानी पीना पसंद करते हैं। फ्रिज से निकला ठंडा पानी पीने में काफी अच्छा लगता है लेकिन ये सेहत के लिए उतना ही नुकसानदायक हो सकता है। धूप से आने के बाद फ्रिज का ठंडा पानी पीने से गला खराब होने की दिक्कत हो सकती है। ऐसे में मटके का पानी पीना सबसे अच्छा माना जाता है। मिट्टी का मटका पानी को प्राकृतिक रूप से ठंडा रखने में मदद करता है। हालांकि, कई बार लोग गलत मटका खरीद लेते हैं जो या तो जल्दी टूट जाता है या फिर पानी ठंडा नहीं होता है। ऐसा गलत मटका खरीदने की वजह से होता है। ऐसे में यहां हम मटका खरीदने की कुछ टिप्स बता रहे हैं, जानिए-

## मटका खरीदने के लिए अपनाएं 6 आसान टिप्स



### 1) रंग पर ध्यान दें

मटका खरीदते समय उसके रंग पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। मटके का रंग टेराकोटा लाल होना चाहिए। मिट्टी के बर्तन पर हाथ रगड़कर देखें कि उसका रंग उतरता है या नहीं, अगर उतरता है तो आपको दूसरा मटका लेना होगा। आप ऐसे मिट्टी का बर्तन न खरीदें जिस पर पेंट किया गया हो क्योंकि उसमें केमिकल हो सकते हैं जो पानी में घुल सकते हैं।

### 2) खुशबू देखें

मटके के अंदर की खुशबू चेक करें। इसके लिए थोड़ा पानी डालें और देखें कि मिट्टी जैसी गंध आती है या नहीं।अगर आती है को समझ लें कि ये अच्छी क्वालिटी वाला मिट्टी का बर्तन है। अगर बदबू आती है, तो इसमें केमिकल हो सकते हैं।

### 3) सही साइज चुनें

अगर किचन में गोल मिट्टी का बर्तन रखने के लिए पर्याप्त जगह है, तो आप वह बर्तन खरीद सकते हैं। मटके के साथ स्टैंड भी खरीदें। अगर परिवार में ज्यादा लोग नहीं है तो आप मिट्टी की सुराही भी खरीद सकते हैं।

### 4) रंग पर ध्यान दें

मटका खरीदते समय उसके रंग पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। मटके का रंग टेराकोटा लाल होना चाहिए। मिट्टी के बर्तन पर हाथ रगड़कर देखें कि उसका रंग उतरता है या नहीं, अगर उतरता है तो आपको दूसरा मटका लेना होगा। आप ऐसे मिट्टी का बर्तन न खरीदें जिस पर पेंट किया गया हो क्योंकि उसमें केमिकल हो सकते हैं जो पानी में घुल सकते हैं।

### 5) मोटाई की चेक करें

मिट्टी के बर्तन की मोटाई पानी को ठंडा और फ्रेश रखने में मदद करती है। अगर मटके की मोटाई मोटी हैं, तो यह पानी को लंबे समय तक ठंडा और फ्रेश रखेगा।

### 6) ढक्कन चेक करें

मटके के ढक्कन का आकार जांचना भी जरूरी है। इसी के साथ मिट्टी का ढक्कन पानी को ठंडा रखने और फ्रेश बनाए रखने में मदद करता है। ढक्कन ऊपर से ठीक से फिट होना चाहिए न तो बहुत बाहर और न ही बहुत गहरा। अगर आकार सही नहीं है, तो कीड़ों को पनपने से रोकने या पानी को गंदगी और धूल से दूषित होने से बचाने में मुश्किल होगी।

## सुबह उठते ही चेहरे पर बनी रहती है सूजन

**सुबह उठकर ब्रश करने के दौरान अपने चेहरे को देखकर क्या आप भी अकसर इस सोच में पड़ जाती हैं कि इस पर सूजन क्यों हैं? चेहरे की सूजन अमूमन बेहद आम कारणों जैसे रात में देर से खाने, कम सोने या फिर एलर्जी आदि की वजह से हो सकती है। पर, कई दफा यह सेहत से जुड़ी किसी समस्या का संकेत भी हो सकता है। अगर आप भी अकसर इस समस्या से दो-चार हो रही हैं, तो अपनी जीवनशैली में कुछ मामूली बदलाव जरूरी है।**

**देर रात स्नैक्स खाने से बचें :-** देर रात स्नैक्स खाने का असर अगली सुबह सूजन के रूप में आपके चेहरे पर दिख सकता है। वैसे तो सेहतमंद जीवन के लिए देर रात स्नैक्स आदि खाने की अपनी आदत को पूरी तरह से ही त्याग देना चाहिए । पर, अगर अगली सुबह आपकी कोई जरूरी मीटिंग है या किसी खास व्यक्ति से मिलने के लिए आपको जाना है, तो देर रात प्रोसेस्ड कार्बोहाइड्रेट, प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ या डेयरी प्रोडक्ट्स खाने से बचें।

**नियमित करें व्यायाम :-** हमारे शरीर के किसी भी हिस्से में सूजन तब होती है, जब शरीर में जरूरत से ज्यादा सोडियम और पानी इकट्ठा हो जाता है। शरीर से सोडियम को बाहर निकालने का सबसे प्रभावी रास्ता है, पसीना। और इसके लिए आपको नियमित रूप से किसी-न-किसी रूप में व्यायाम करना होगा।

**नींद लें पूरी :-** रात में कम सोने की चुगली अगली सुबह आंखों के नीचे के काले गड्ढे पूरी दुनिया को करने लगते हैं। वैसे ते हर तरीके से सेहतमंद रहने के लिए सात से आठ घंटे की रोजाना की नींद जरूरी है। पर, अगर आप इन दिनों सुबह उठकर अपने चेहरे के सूजन से परेशान हैं, तो भी अपनी नींद पूरी करने की ओर ध्यान दें। नींद की कमी से शरीर में सूजन बढ़ता है, जो चेहरे पर भी नजर आता है।

**पानी पिएं भरपूर :-** शरीर में पानी की कमी का नतीजा भी चेहरे के सूजन के रूप में नजर आता है। अगर आप लंबे समय से चेहरे के सूजन से परेशान हैं, तो ध्यान दें कि आप हर दिन सात से आठ गिलास पानी तो पी रही हैं ना? पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से शरीर की कोशिकाओं में इकट्ठा पानी बाहर निकलेगा और चेहरे की सूजन से आपको राहत मिलेगी।



## ये कारण हो सकते हैं जिम्मेदार

- डिहाइड्रेशन चेहरे के सूजन के सबसे आम कारणों में से एक है, जिसकी लोग अकसर अनदेखी कर देते हैं। जब शरीर को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिलता है, तो वह भविष्य की जरूरतों के लिए कोशिकाओं में पानी इकट्ठा कर लेता है।
- नमक वाले खाद्य पदार्थों के ज्यादा सेवन से भी चेहरे पर सूजन की समस्या होती है। ज्यादा सोडियम शरीर में तरल पदार्थों के संतुलन को बिगाड़ देता है, जिससे सूजन की समस्या होती है।
- एलर्जी और साइनस की समस्या से भी चेहरे पर सूजन बढ़ जाता है।
- आप रात में किस करवट सोती हैं, इसका असर भी अगली सुबह चेहरे पर नजर आने वाले सूजन पर पड़ता है। जो लोग रात में पेट के बल या फिर सिर्फ एक करवट लेकर सोते हैं, उन्हें सूजन की समस्या ज्यादा होती है।
- पीरियड, प्रेग्नेंसी या फिर मेनोपॉज के दौरान शरीर में होने वाले हार्मोनल बदलाव भी इसके लिए जिम्मेदार हैं।





## साई सुदर्शन ने खोला राज

# टी-20 क्रिकेट में कैसे बने बेहतर बल्लेबाज

**बेंगलुरु।** सलामी बल्लेबाज बी साई सुदर्शन का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में गुजरात टाइटंस की तरफ से मुश्किल परिस्थितियों में बल्लेबाजी करने से उन्हें टी20 क्रिकेट में बेहतर बल्लेबाज बनने में मदद मिली। सुदर्शन में बुधवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 49 रन की महत्वपूर्ण पारी खेल कर अपनी टीम को आठ विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। सुदर्शन ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, 'यह (आईपीएल में) मेरा चौथा साल है,इसलिए मुझे लगता है कि इससे मुझे काफी अनुभव मिला है। मुझे कुछ मुश्किल परिस्थितियों में बल्लेबाजी करने का मौका मिला। गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए नेट्स में मुझे काफी तेज गेंदबाजी का सामना करना पड़ा।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण चीज जिसने मेरे खेल को बेहतर बनाने में मदद की है या जिस तरह से मैंने अपनी टी-20 बल्लेबाजी में सुधार किया है, वह खेल का समय है जो मुझे यहां मिलता है और टाइटंस के साथ मुझे अंतरराष्ट्रीय स्तर के गेंदबाजों के साथ अभ्यास का मौका मिलता है।' आईपीएल के वर्तमान सत्र में अभी तक 186 रन बनाने वाले सुदर्शन ने कहा, 'इन तीन वर्ष में मैंने बहुत कुछ सीखा है। मुझे लगता है कि इससे मुझे खेल को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिली है और खेल की बुनियादी बातों को भी समझने में मदद मिली है।' इस बीच आरसीबी के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कहा कि पहले सात ओवरों में चार विकेट खोने से उनकी टीम के लिए परिस्थितियां मुश्किल हो गई थी। फ्लावर ने कहा, 'हमने पावर प्ले में आक्रामक बल्लेबाजी की लेकिन इस बीच हमने कुछ महत्वपूर्ण विकेट गंवाए। इससे मैच का पासा पलट गया। अगर आप पावर प्ले में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं तो इससे आपके लिए परिस्थितियां मुश्किल हो जाती हैं।'

# आज मुंबई-लखनऊ के बीच भिड़ंत

## ऋषभ पंत और हार्दिक पांड्या आमने-सामने होंगे / दोनों टीमों को जीत की तलाश है

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियन के बीच आईपीएल 2025 का 16वां मैच 4 अप्रैल को यहां इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा. मुकाबले में भाग लेने के लिए हार्दिक पांड्या के नेतृत्व में मुंबई इंडियंस की टीम बुधवार को लखनऊ पहुंच गई। टीम ने शाम को इकाना स्टेडियम में जमकर अभ्यास किया. इस दौरान हार्दिक पांड्या मुख्य रूप से गेंदबाजी और फील्डिंग का अभ्यास करते हुए नजर आए। वहीं दूसरी ओर रोहित शर्मा ने बल्लेबाजी में लंबे हाथ दिखाए। इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम मुंबई इंडियंस पर अब तक भारी पड़ी है। दोनों टीमों के बीच अब तक 6 मैच खेले गए हैं। जिनमें से लखनऊ ने 5 और मुंबई इंडियंस ने केवल एक मुकाबला जीता है। लखनऊ की पंजाब के खिलाफ लखनऊ में खेले गए पहले मुकाबले में हार के बाद उसका अगला मैच मजबूत मुंबई के साथ होगा, जिसने इस टूर्नामेंट में अब तक मिला-जुला प्रदर्शन किया है। ऐसे में मेजबानों के खिलाफ उसका मुकाबला अधिक रोमांचकारी होने की संभावना जताई जा रही है। दोनों ही टीमों ने इकाना स्टेडियम में बुधवार को जमकर अभ्यास किया, जिसमें बैटिंग फील्डिंग बोलिंग के अलावा कंडीशनिंग भी की गई। अगला मैच दोनों टीमों के लिए काफी महत्वपूर्ण होने जा रहा है। सितारों से सजी मुंबई की टीम गेंदबाजी में मजबूत नजर आ रही है। दूसरी ओर कई गेंदबाजों के घायल होने की वजह से कागजों पर मेजबान लखनऊ की टीम कमजोर दिख रही है। एलएसजी और मुंबई इंडियंस (एमआई) के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का इतिहास अभी तक छोटा लेकिन रोमांचक रहा है, क्योंकि एलएसजी ने 2022 में लीग में प्रवेश किया था। तब से दोनों टीमों के बीच कुछ यादगार मुकाबले हुए हैं। इन दोनों टीमों ने कुल 6 आईपीएल मैच खेले हैं, जिसमें एलएसजी का पलड़ा भारी रहा है।




### लखनऊ सुपर जायंट्स

ऋषभ पंत, डेविड मिलर, एडेन मार्कराम, आर्यन जुयाल, हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, निकोलस पूरन, मिशेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, युवराज चौधरी, राजवर्धन हंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, आयुध बडोनी, आवेश खान, आकाश दीप, एम. सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, आकाश सिंह, शमर जोसेफ, प्रिंस यादव, मयंक यादव, मोहसिन खान और रवि बिश्नोई।

### मुंबई इंडियंस

रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज, रयान रिकलटन, श्रीजीत कृष्णन, बेवन जैकब्स, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, नमन धीर, विल जैक, मिशेल सेंटनर, राज अंगद बावा, विग्नेश पुथुर, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, सत्यनारायण पेनमेत्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुबीब-उर-रहमान और जसप्रीत बुमराह।




# विश्व मुक्केबाजी कप में भारतीय खिलाड़ियों का जलवा



**नई दिल्ली।** भारत के मनीष राठौड़, हितेश और अविनाश जामवाल ने बुधवार को अपने-अपने वजन वर्ग में आसान जीत के साथ विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील 2025 में सेमीफाइनल में जगह बनाई। जामवाल ने 65 किग्रा वर्ग में जर्मनी के डेनिस ब्रिल को सर्वसम्मत फैसले से हराया जबकि हितेश ने इटली के गैब्रिएल गुइडी रोनतानी को 70 किग्रा वर्ग में सर्वसम्मत फैसले से शिकस्त दी। मनीष ने 55 किग्रा वर्ग में ऑस्ट्रेलिया के पेरिस ओलंपियन यूसुफ चोटिया को हराया। दोनों मुक्केबाजों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन अंत में भारतीय मुक्केबाज विजयी रहा। तीन जज ने मनीष के पक्ष में फैसला दिया जबकि दो ने दोनों मुक्केबाजों को बराबर अंक दिए सेमीफाइनल में मनीष की भिड़ंत कजाखस्तान के नूरसुल्तान अल्तिनबेक से होगी जबकि हितेश को माकन तराओरे के खिलाफ खेलना है। जामवाल का सामना इटली के जियानलुइगी मलांगा से होगा।

**मनीष-हितेश और अविनाश सेमीफाइनल में पहुंचे**

# एटलेटिको को हराकर बार्सिलोना फाइनल में

## चिर प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड से होगा खिताबी मुकाबला



**मैड्रिड।** स्पेन के दिग्गज फुटबॉल क्लब बार्सिलोना ने बुधवार को एटलेटिको मैड्रिड को कोपा डेल रे टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के दूसरे लेग में 1-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले में अब उसका सामना अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड से होगा। बार्सिलोना की तरफ से फेरान टोरेस ने पहले हाफ में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इससे पहले इन दोनों टीमों के बीच फरवरी में खेला गया सेमीफाइनल के पहले लेग का खेल 4-4 से बराबर रहा था। इस तरह से बार्सिलोना ने कुल मिलाकर 5-4 से जीत दर्ज करके फाइनल में जगह बनाई। यह पिछले चार सत्र में पहला अवसर है जब बार्सिलोना इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। रियल मैड्रिड ने मंगलवार को अतिरिक्त समय तक चले मैच में रियल सोसिदाद को 5-4 के कुल स्कोर से पराजित करके फाइनल में जगह बनाई थी। इन दोनों टीमों के बीच 2013-14 सत्र के बाद पहली बार फाइनल खेला जाएगा।

# भारत में खेलेंगे रिवाल्डो-फिगो और जावी-पेपे

## मैच के लिए रियल मैड्रिड-बार्सिलोना की टीम घोषित

**मुंबई।** दुनियाभर में फुटबॉल का क्रेज है। भारत में भी इसके फैंस कम नहीं हैं। जब फीफा विश्व कप या फिर यूरो कप या फिर कोपा अमेरिका जैसे टूर्नामेंट्स खेले जाते हैं तो भारतीय फैंस में इसकी खूब दिवानगी देखी जाती है। इसके अलावा यूएफा चैंपियंस लीग, बुंदेसलिगा, लीग-1, ला लिगा जैसे कई लीग टूर्नामेंट्स को भी भारतीय फैंस रुचि के साथ देखते हैं। इसी कड़ी में भारतीय फैंस का एक सपना सच होने जा रहा है। वह रविवार को रिवाल्डो, कार्लोस पुयोल, लुई फिगो, पेपे और जावी जैसे फुटबॉल के दिग्गजों को अपने आंखों के सामने खेलते देख पाएंगे। ये सभी रियल मैड्रिड और बार्सिलोना के बीच मुकाबला खेलने भारत आ रहे हैं। यह मैच मुंबई में खेला जाएगा। जी हां, अपनी तरह के इस विशेष मुकाबले में स्पैनिश लीग के दो चिर प्रतिद्वंद्वी एफसी बार्सिलोना और रियाल मैड्रिड डीवाई पाटिल स्टेडियम में आमने-सामने होंगे। कार्लोस पुयोल इस लीजेंड्स फेसऑफ फुटबॉल मैच में लुई फिगो की रियाल मैड्रिड के खिलाफ एफसी बार्सिलोना का नेतृत्व करेंगे। द स्पोर्ट्स फ्रंट इस मैच का आयोजक है। इसके लिए दोनों ही टीमों ने बुधवार को टीम घोषित कर दी। पुयोल ने जारी विज्ञप्ति में कहा, 'लीजेंड्स फेसऑफ अपनी तरह का विशेष मुकाबला होगा। मैं पहली बार भारत में खेलने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। यहां प्रशंसकों का जुनून अविश्वसनीय है, और मैं इसे प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।' वहीं, फिगो ने कहा, 'भारत में फुटबॉल के प्रति लगाव हर दिन बढ़ रहा है और इन दोनों टीम के बीच की प्रतिद्वंद्विता को मुंबई के प्रशंसकों के सामने लाना सौभाग्य की बात है। यह एक यादगार मैच होगा।'



### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**रियल मैड्रिड लीजेंड्स**

लुई फिगो (कप्तान), पेड्रो कॉन्ट्रेरास, किको कैसिला, फ्रांसिस्को पावोन, फर्नांडो सान्ज, अगस्टिन गार्सिया, पेड्रो मुनिटिस, रूबेन डे ला रेड, एंटोनियो करेम्बेउ, फर्नांडो ओरिएंटेस, पेपे, माइकल ओवेन।

**एफसी बार्सिलोना लीजेंड्स**

कार्लोस पुयोल (कप्तान), जेसुस एंगोय, विटोर बाया, जोफ्रे माटेउ, फर्नांडो नवारो, रॉबर्टो ट्रैशोरस, जेवियर सविओला, फिलिप कोकू, फ्रैंक डी बोअर, जियोवानी सिल्वा, रिवाल्डो, मार्क वैलिएंट हर्नांडेज़, लुडोविक गिउली, रिकार्डो क्वारेस्मा, गैज़्का मेंडिएटा, सेर्गी बरजुआन, ज़ावी, जोस एडमिलसन गोम्स डी मोरेस, पैट्रिक क्लुइवर्ट।

## पाकिस्तान में प्रतिभा खत्म हो गई

# बासित अली ने टीम के खराब प्रदर्शन पर जताई चिंता



**इस्लामाबाद (पाकिस्तान)।** पूर्व बल्लेबाज बासित अली का मानना है कि अगर पाकिस्तान अपने मौजूदा प्रदर्शन को जारी रखता है तो उसे अंततः प्रमुख टूर्नामेंट में जगह बनाने के लिए ICC क्वालीफाइंग राउंड में भाग लेना होगा। चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप-स्टेज के बुरे सपने के बाद भी अंतरराष्ट्रीय सर्किट में पाकिस्तान का खराब प्रदर्शन जारी रहा। न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ लगातार हार के साथ 2017 चैंपियंस ट्रॉफी विजेता क्वालीफाई नहीं कर पाया और अब न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 और वनडे सीरीज भी गंवानी पड़ी। हाल ही में न्यूजीलैंड से सीरीज हार के बाद बासित ने पाकिस्तान क्रिकेट के भविष्य को लेकर चिंता जताई। उनका मानना है कि अगर कार्रवाई नहीं की गई, तो पाकिस्तान को जल्द ही क्वालीफाइंग राउंड खेलने की जरूरत पड़ेगी क्योंकि देश से क्रिकेट प्रतिभा गायब हो गई है। उन्होंने कहा, 'अगर हम निर्णय नहीं लेते हैं और सुधार नहीं करते हैं, तो हमें क्वालीफाइंग राउंड खेलना पड़ेगा। हमने तेज गेंदबाजों के सामने सभी 10 विकेट गंवा दिए। हमारे शीर्ष ब्रैडमैन बल्ले बाज जल्दी आउट हो गए। पाकिस्तान में प्रतिभा खत्म हो गई है। पाकिस्तान का क्रिकेट बाबर आजम के नाम से शुरू होता है और उसी पर खत्म होता है।' बासित ने उस पल का पता लगाया जब पाकिस्तान का पतन शुरू हुआ। 2023 तक पाकिस्तान, जो कम से कम सफेद गेंद के प्रारूप में ऊंची उड़ान भर रहा था, को एशिया कप के सुपर फोर चरण में भारतीय टीम ने वास्तविकता का सामना कराया। विराट कोहली और केएल राहुल ने नाबाद शतक लगाए, आर प्रेमदासा स्टेडियम में पाकिस्तान के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाईं और भारत की 228 रनों की सफलता की नींव रखी।

# साल्ट का कैच छोड़ने के बाद शर्मिंदा महसूस कर रहा था

## जोस बटलर ने शानदार पारी के बाद कहा



**बेंगलुरु।** गुजरात टाइटंस के सीनियर बल्लेबाज जोस बटलर ने स्वीकार किया कि यहां खेले गए आईपीएल मैच के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट का कैच छोड़ने के बाद वह शर्मिंदा महसूस कर रहे थे लेकिन इसकी भरपाई बल्लेबाजी से करने को लेकर प्रतिबद्ध थे। बटलर ने 39 गेंद पर नाबाद 73 रन बनाए जिससे गुजरात की टीम ने यह मैच आठ विकेट से जीता। इंग्लैंड के धाकड़ बल्लेबाज बटलर ने मैच के बाद कहा, 'मैं नहीं जानता कि ऐसा कैसे हुआ लेकिन मैं शर्मिंदा महसूस कर रहा था। हम सभी जानते हैं कि साल्ट कितना खतरनाक खिलाड़ी है। इसलिए मैं इसकी भरपाई बल्लेबाजी में करने को लेकर प्रतिबद्ध था।' बटलर ने आरसीबी के पहले ओवर में ही मोहम्मद सिराज की गेंद पर साल्ट का कैच छोड़ दिया था। बटलर ने बाद में स्वीकार किया कि उनकी टीम का क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं था। उन्होंने कहा, 'एक टीम के रूप में पर हमारी फील्डिंग अच्छी नहीं थी। अगर हमने अच्छी फील्डिंग की होती तो हमें छोटे लक्ष्य का पीछा करना पड़ता। यह अच्छा है कि हम जीत हासिल करने में सफल रहे। हमारे गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया।'

# कैरम बॉल पर पिछले 3-4 वर्षों से काम कर रहा था : साई किशोर



**बेंगलुरु।** गुजरात टाइटंस के स्पिनर आर साई किशोर इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के वर्तमान सत्र में अपनी कैरम बॉल से बल्लेबाजों को गच्चा देने के लिए तैयार हैं जिस पर वह पिछले तीन-चार वर्षों से काम कर रहे थे। किशोर ने बुधवार को यहां गुजरात टाइटंस की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आसान जीत के दौरान अपनी कैरम बॉल से क्रुणाल पांड्या को हैरान कर दिया था।

इस 28 वर्षीय स्पिनर ने मैच के बाद खुलासा किया कि वह पिछले कुछ सत्र से कैरम बॉल पर काम कर रहे थे लेकिन उन्होंने किसी भी तरह के मैच में अभी तक इसका उपयोग नहीं किया था। किशोर ने आधिकारिक प्रसारक से कहा, 'टी20 क्रिकेट में प्रासंगिक बने रहने के लिए आपको हमेशा अपने खेल में कुछ नया जोड़ना होगा। मैं पिछले तीन-चार वर्षों से इसका अभ्यास कर रहा था लेकिन मैंने कहीं भी इसका उपयोग नहीं किया था।' उन्होंने कहा, 'मैं आईपीएल में इसका उपयोग करने को लेकर आश्वस्त था और मैंने खुद पर भरोसा बनाए रखा।' गौर हो कि आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन करने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को आखिरकार हार का स्वाद चखना पड़ा है। घरेलू मैदान पर पहला ही मुकाबला खेल रही आरसीबी को गुजरात टाइटंस ने जोस बटलर के 73 रनों की बदौलत 8 विकेट से हरा दिया। गुजरात टाइटंस ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया था। 42 रन पर चार विकेट गिरने के बाद लिविंगस्टन ने 40 गेंदों पर 54, जितेश शर्मा ने 33 तो टिम डेविड ने 18 गेंदों पर 32 रन बनाकर स्कोर 169 तक पहुंचा दिया।

# भुवनेश्वर कुमार ने बेंगलुरु में रचा इतिहास

**बेंगलुरु (कर्नाटक)।** अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने अपना नाम इतिहास की किताब में दर्ज करा लिया है और मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए अपने शानदार स्पेल के बाद तेज गेंदबाजों में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। बेंगलुरु के घरेलू मैदान में रजत पटडियार को आरसीबी कप्तान के रूप में पहली हार का सामना करना पड़ा। टाइटन्स ने 170 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया और 8 विकेट की शानदार जीत के साथ अपना दबदबा कायम रखा। अपने घरेलू मैदान पर हारने के बावजूद वे कुछ सकारात्मक चीजें हासिल करने में सफल रहे जिनमें भुवनेश्वर का शानदार स्पेल भी शामिल था। उन्होंने अपने चार ओवर के स्पेल का पूरा कोटा फेंका, GT के कप्तान शुभमन गिल को आउट करके शुरुआती बढ़त हासिल की और 1/23 के आंकड़े के साथ लौटे। भले ही उनके शुरुआती प्रयास व्यर्थ गए लेकिन भुवनेश्वर ने रिकॉर्ड बुक को फिर से लिखने के लिए पर्याप्त प्रभाव डाला। उन्होंने ड्वेन ब्रावो के 183 स्कैलप के टैली की बराबरी करने के बाद तेज गेंदबाजों में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में स्टेडियम छोड़ा।





**भारतीय एथलेटिक्स महासंघ का निर्देश**

# फेडरेशन कप के लिए खेलना होगा क्षेत्रीय टूर्नामेंट

## क्या नीरज चोपड़ा पर भी लागू होगा नया नियम?

**नई दिल्ली।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) नया नियम लेकर आया है। उसने कहा है कि 2025 सत्र की पहली राष्ट्रीय चैंपियनशिप फेडरेशन कप में भाग लेने के लिए एथलीटों को कम से कम एक क्षेत्रीय प्रतियोगिता या ग्रां प्री जैसी देशव्यापी एकदिवसीय प्रतियोगिता में भाग लेना होगा। एएफआई ने तत्काल प्रभाव से इस नियम को अनिवार्य कर दिया है। ऐसा यह सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है कि एथलीट पूरी तैयारी के साथ टूर्नामेंट में हिस्सा लें ताकि उनके प्रदर्शन में निरंतरता आए। 27-31 मई तक कोरिया में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का चयन फेडरेशन कप में प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। फेडरेशन कप का आयोजन 21-24 अप्रैल तक केरल के कोच्चि में किया जाएगा। हालांकि, एएफआई द्वारा प्रशिक्षण के लिए विदेश भेजे गए दोहरे ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा जैसे खिलाड़ियों को इस नियम से छूट दी जाएगी। एएफआई ने कहा, 'इस प्रतियोगिता (फेडरेशन कप) में भाग लेने के लिए एथलीटों को वर्ष 2025 में एएफआई द्वारा स्वयं आयोजित की जानी वाली प्रतियोगिताओं के क्वालिफिकेशन प्रवेश मानकों को हासिल करना होगा।'

# घरेलू टीमों को पिच की स्थिति चुनने का अधिकार होना चाहिए : आकाश चोपड़ा



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय खिलाड़ी और मौजूदा कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने आईपीएल में पिच की स्थिति तय करने के घरेलू टीमों के अधिकार पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि घरेलू टीमों को अपनी पसंद की पिच की स्थिति तय करने का अधिकार होना चाहिए, उन्होंने तर्क दिया कि यह घरेलू लाभ का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हर घरेलू टीम को यह तय करने का अधिकार होना चाहिए कि वे किस तरह की सतह चाहते हैं, उन्हें सतह की मांग करनी चाहिए, और उन्हें यह मिलना चाहिए, ऐसा मुझे लगता है, क्योंकि घरेलू लाभ वास्तविक है, और यह केवल दो रूपों में आता है। एक वह सतह जिसे आप चुनते हैं और दूसरा वह भीड़ का समर्थन जो वहां होता है। इसके अलावा यह एक दूर का खेल है।' आकाश चोपड़ा ने का यह भी मानना था कि पिच किसी टीम के प्रदर्शन के लिए सबसे महत्वपूर्ण कारक है, यहां तक कि भीड़ के समर्थन से भी ज्यादा। उनका तर्क है कि अगर पिच की स्थिति प्रतिकूल है, तो टीम की पूरी खेल योजना बाधित हो सकती है। उन्होंने कहा, 'सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे किस सतह पर खेलने जा रहे हैं-भीड़ अभी भी गौण हो सकती है। अगर आप पिच को हटा देते हैं, तो मुझे लगता है कि पूरी योजना पूरी तरह से पटरी से उतर जाएगी।'

गौरतलब है कि कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित ने कहा है कि ईडन गार्डन्स में पिच तैयार करने पर उनकी टीम का बहुत कम या कोई प्रभाव नहीं है। चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने इस धारणा को खारिज कर दिया है कि उनकी टीम को चेपक में काफी घरेलू लाभ है, उन्होंने कहा कि उन्हें हाल के सत्रों में अपने घरेलू पिचों की व्याख्या करने में कठिनाई हुई है।

# 52 साल की इस एक्ट्रेस ने दिखाया हुस्न का जलवा



**बॉलीवुड की सबसे स्टाइलिश और फिट एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा एक बार फिर अपने ग्लैमरस लुक से चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं, जो इंटरनेट पर तहलका मचा रहीं हैं।**

इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ग्लैमरस के साथ एलिगेंट दिख जिसे देखकर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे। 52 साल की उम्र में भी उनकी फिटनेस और खूबसूरती आज की यंग एक्ट्रेसेस को टक्कर देती नजर आती है। इस बार मलाइका ने क्लासिक कलर्स को छोड़कर गोल्डन कलर की वन साइड ऑफ शोल्डर ड्रेस को चुना है। इसमें उनका रॉयल अंदाज देखने लायक लग रहा है। उनके इस लुक में और भी ग्लैमर जोड़ दिया, उनके मिनिमल मेकअप और ओपन कर्ल हेयर ने, मलाइका इन फोटोज में एक से बढ़कर एक पोज दे रहीं हैं। तस्वीरों में देख सकते हैं कि मलाइका ने बड़े-बड़े इयररिंग्स और स्टेटमेंट रिंग कैरी किए, जो उनके लुक में चार चांद लगा रहे हैं। मलाइका की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं और फैंस उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं। कोई उन्हें ₹एजलेस ब्यूटी₹ कह रहा है तो कोई ग्लैमर क्वीन।, उनकी फिटनेस और स्टाइल एक बार फिर ये साबित कर रहे हैं कि उम्र महज एक नंबर है।

## बीमार मां से मिलने लीलावती पहुंचीं जैकलीन फर्नांडीज



**अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की मां किम कुछ दिनों पहले मुंबई के अस्पताल में भर्ती थीं। बुधवार को अभिनेत्री को अपनी मां के पास लीलावती अस्पताल पहुंचते देखा गया। उनकी मां को दिल का दौरा पड़ने के बाद आईसीयू में भर्ती कराया गया था। जैकलीन को अस्पताल के एंट्री गेट पर पैपराजी ने परिसर के बाहर देखा।**

### अब कैसी है जैकलीन की मां की सेहत

अस्पताल जाते हुए अभिनेत्री का वीडियो वायरल हो रहा है। इस दौरान जैकलीन ने अपना चेहरा काले मास्क से ढका हुआ था और सफेद सलवार कमीज पहनी हुई थी। वह कार से उतरीं और अस्पताल के अंदर जाती हुई नजर आईं। हालांकि, अभिनेत्री की मां के स्वास्थ्य को लेकर खबर है कि अब वह पहले से ठीक हो रही हैं।

### आईपीएल में परफॉर्म नहीं कर पाईं जैकलीन

इससे पहले खबर आई थी कि जैकलीन को पिछले सप्ताह आईपीएल समारोह में प्रस्तुति देनी थी, लेकिन अपनी मां के पास रहने के लिए उन्होंने कार्यक्रम छोड़ दिया। उन्हें 26 मार्च को राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच गुवाहाटी में होने वाले आईपीएल मैच में भाग लेना था। रिपोर्ट्स के अनुसार, जैकलीन की मां अभी भी आईसीयू में हैं और ठीक हो रही हैं। परिवार डॉक्टरों से आगे की जानकारी का इंतजार कर रहा है। इस चुनौतीपूर्ण समय में जैकलीन ने अपनी मां के साथ रहने का फैसला किया और वह आईपीएल समारोह में प्रस्तुति नहीं दे पाईं।

## करीना कपूर की बोटॉक्स से तौबा

### खुद को फिट और खूबसूरत रखने के लिए करती हैं ये काम



फिल्म इंडस्ट्री में सर्जरी करवाकर जवान और खूबसूरत दिखना अब आम सी बात हो गई है। कई सारी अभिनेत्रियों ने अपनी सर्जरी करवाई है और कईयों को लेकर अफवाह भी है। हालांकि, कुछ अभिनेत्रियां इससे खुद को दूर ही रखती हैं। उनमें से एक हैं करीना कपूर। अभिनेत्री के पास बोटॉक्स से दूर रहने के अपने तरीके और तरकीबें हैं।

**बोटॉक्स से दूर करीना कपूर**

बुधवार को करीना कपूर ने एक इवेंट में हिस्सा लिया। इवेंट में अभिनेत्री ने अपनी उम्र को स्वीकार करने और ऐसी प्रक्रियाओं पर निर्भर हुए बिना अपनी त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाए रखने के लिए अपनी खुद की रणनीतियों के बारे में बात की। अपने जीवन के अंतिम वर्षों में अभिनेत्री ने फिट और स्वस्थ रहने की बात करते हुए कहा, ₹इसके लिए मुझे मार्गदर्शन के अनुसार सही खाना चाहिए। मेरे लिए उम्र बढ़ना और जीवन यही है। मुझे यह पसंद है। मैं इसे अपना रही हूं, लेकिन मैं ये सभी खास चीजें कर रही हूं, जैसे घी खाना, खिचड़ी खाना, मांसपेशियों की मजबूती के लिए थोड़ी वेट ट्रेनिंग करना, थोड़ा टहलना, सूर्य नमस्कार करना, त्वचा उपचार और बोटोक्स के बजाय खुद पर थोड़ा काम करना।

## चंकी पांडे को बेटी अनन्या पांडे पर है गर्व

**हाल ही में मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुंबई में आईपीएल मैच हुआ। मैच की ओपनिंग सेरेमनी के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री और चंकी पांडे की बेटी अनन्या ने अपनी दमदार परफॉर्मेंस से वहां पर मौजूद सभी लोगों का दिल जीत लिया। अनन्या की इस परफॉर्मेंस के बाद उनके पिता चंकी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए अपनी खुशी जाहिर की है।**



### चंकी का इंस्टाग्राम पोस्ट

चंकी पांडे ने इंस्टाग्राम पर अपनी बेटी और बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे की कई तस्वीरों को मिलाकर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें आईपीएल के दौरान अनन्या की कई शानदार तस्वीरें नजर आईं। इस खास वीडियो के साथ चंकी ने कैप्शन में लिखा, 'IPL हमेशा ही सेलिब्रेशन से भरा रहा है। मुझे तुम पर गर्व है अनन्या पांडे।'

### सेलेब्स ने भी चंकी की पोस्ट पर दी अपनी प्रतिक्रिया

चंकी पांडे ने जैसे ही अनन्या के साथ अपनी इस पोस्ट को इंस्टाग्राम पर शेयर किया, वैसे ही कई बॉलीवुड सेलेब्स के कमेंट की बारिश होने लगी। चंकी की इस पोस्ट पर बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने लाल दिल वाले इमोजी बनाकर अपना प्यार जताया। वहीं चंकी की इस पोस्ट पर उर्मिला मातोंडकर ने फायर और स्माइल हार्ट इमोजी बनाई है। इन दोनों के अलावा अनन्या की मां और चंकी की पत्नी भावना पांडे ने अपनी बेटी के इस गर्व भरे पोस्ट पर दो दिल वाले इमोजी बनाए हैं। इन सभी के अलावा 'द फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स' सीरीज की अभिनेत्री महिप कपूर और सीमा सव्देह ने भी लाल दिल वाले इमोजी बनाए हैं।

### 'चांद मेरा दिल' में नजर आएंगी अनन्या

पिछले साल नवंबर में फिल्म निर्माता करण जौहर ने खुलासा किया था कि अनन्या रोमांटिक ड्रामा 'चांद मेरा दिल' में 'किल' अभिनेता लक्ष्य लालवानी के साथ नजर आएंगी। विवेक सोनी के निर्देशन में बनी रोमांटिक-कॉमेडी साल 2025 में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के अलावा अनन्या 'केसरी चैप्टर 2' में भी नजर आएंगी।

## अनुप्रिया ने बताया इंटीमेट सीन के दौरान बेकाबू हो गया था एक्टर

**कई सालों से मीडिया में इस तरह की खबरें आती हैं कि इंटीमेट सीन शूट के दौरान अभिनेत्रियों के साथ सही बर्ताव नहीं होता और वो असहज महसूस करने लगती हैं। अब कई एक्ट्रेसेज इस बारे में खुलकर बोलने लगी हैं। हाल में आश्रम एक्ट्रेस अनुप्रिया गोयनका ने इस बारे में खुलकर बात की।**

### आपा पार गया था एक्टर

अनुप्रिया गोयनका ने उस भयावह घटना के बारे में बात क। एक्ट्रेस ने बताया कि इंटीमेट सीन शूट करते समय एक एक्टर बेकाबू हो गया था और उन्हें शूट के दौरान बहुत अपमानित महसूस हुआ था। एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें लग रहा था कि को-स्टार समझदारी से काम लेगा, लेकिन उन्हें निराशा हुई कि वह हद से आगे निकल गया और उन्हें गलत तरीके से छूने लगा।


### किसिंग सीन के दौरान असहज हुईं एक्ट्रेस

इंटरव्यू में पूछा गया कि क्या अनुप्रिया से पूछा गया कि क्या किसी अभिनेता ने उनका फायदा उठाने की कोशिश की? इस पर अनुप्रिया ने कहा, मैं यह नहीं कहूंगी कि वह व्यक्ति मेरा फायदा उठा रहा था,लेकिन वो काफी ज्यादा एक्साइटेड था। मैं देख सकती थी कि वह उत्तेजित हो रहा था, जोकि नहीं होना चाहिए था। तब आप थोड़ा अपमानित और असहज महसूस करते हैं। ये सब किसिंग सीन के दौरान हुआ। एक अन्य सीन के दौरान मैंने ऐसे कपड़े पहने हुए थे जो आरामदायक नहीं थे। मुझे उम्मीद थी कि वह, एक पुरुष होने के नाते ये समझेगा कि एक महिला को कमर से पकड़ना आसान होता है , लेकिन वो अपने हाथ मेरे बट पर ले गया, जिसकी आवश्यकता नहीं थी। वह अपना हाथ मेरी कमर पर रख सकता था। मुझे लगा कि यह सही नहीं है।



## 'स्टार किड्स को भी नहीं मिलते मौके अगर वो...'

### राशा के साथ काम करने पर बोले 'आजाद' के अभिनेता



मोहित मलिक पिछले 30 सालों से टीवी की दुनिया में एक्टिव हैं। वह 'कुल्फी कुमार बाजेवाला' और 'साइबर वार' जैसे टीवी शो में नजर आ चुके हैं। हाल ही में मोहित मलिक 'आजाद' फिल्म में नजर आए। फिल्म में उन्होंने तेज बहादुर का किरदार निभाया है। हाल ही में स्क्रीन के साथ बातचीत में उन्होंने बताया कि अपनी कला के प्रति अविश्वास की वजह से वह फिल्मों से दूर रहे। इसी वजह से उन्हें लंबा इंतिजार करना पड़ा।

**फिल्मों में काम करने को लेकर नहीं था आत्मविश्वास**

मोहित मलिक ने बताया ₹साल 2016 में मेरे अंदर इतना आत्मविश्वास नहीं था कि मैं फिल्मों में काम करूं। मुझे अपनी कला पर भरोसा नहीं था। आत्मविश्वास आने के बाद मैंने 2017-18 में फिल्मों में हाथ आजमाया। टीवी सीरियल में काम करने के दौरान मैं अक्सर टाइम निकाल कर फिल्मों के ऑडिशन के लिए जाया करता था। अभिषेक कपूर को मेरा ऑडिशन अच्छा लगा और उन्होंने मुझे फोन किया। मैंने दूसरा टेस्ट दिया और मैं इसमें पास हो गया।

## शिखर पहाड़िया का बर्थडे मनाने निकली कपूर फैमिली ?

**जान्हवी कपूर, उनकी बहन खुशी कपूर और उनके पिता बोनी कपूर कथित तौर पर अभिनेत्री के रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया का जन्मदिन मनाने के लिए जामनगर रवाना हुए। खुशी कपूर के साथ उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड अभिनेता वेदांग रैना भी नजर आए। कपूर परिवार को जामनगर एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया।**

### कपूर फैमिली साथ नजर आई

एक वीडियो में जान्हवी कपूर और बोनी कपूर को मुंबई के एक निजी एयरपोर्ट पर देखा गया। वहीं, एक अन्य वीडियो में खुशी कपूर को वेदांग के साथ देखा गया। खुशी अपने पालतू कुत्ते को भी गोद में लिए हुए थीं। खुशी की बेस्ट फ्रेंड मुस्कान चनाना को भी उनके साथ देखा गया।





## रिया की दोस्त का दावा

# सुशांत के निधन से टूट गए थे अभिनेत्री के पेरेंट्स, मां ने खो दी आवाज

**अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती और उनके भाई शोविक पर गंभीर आरोप लगे थे। हालांकि, सीबीआई ने इस केस की क्लोजर रिपोर्ट पेश कर दी है और रिया को क्लीनचिट मिल चुकी है। इसके बाद हाल ही में अभिनेत्री की एक करीबी दोस्त ने खुलासा किया है कि सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद रिया का परिवार बुरी तरह टूट गया था। उनके पेरेंट्स ने बोलना तक बंद कर दिया था।**



### बुरी तरह टूट गए थे रिया के माता-पिता

सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट में कहा गया कि सुशांत सिंह राजपूत ने सुसाइड किया था। रिया चक्रवर्ती को इस मामले में क्लीनचिट मिल चुकी है। सीबीआई के क्लोजर रिपोर्ट के बाद हाल ही में रिया की करीबी दोस्त निधि हिरानंदानी ने इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में कहा कि सुशांत के निधन के बाद रिया का परिवार काफी भावनात्मक उथल-पुथल से गुजरा। उन्हें ठीक से दुख मनाने का वक्त भी नहीं मिला। सुशांत के निधन की खबर से वे पहले ही टूट गए थे, फिर रिया और उनके भाई पर लगे आरोपों ने उन्हें बुरी तरह तोड़ दिया।

### घंटों मंदिर में खड़ी रहा करतीं अभिनेत्री की मां

निधि ने आगे कहा कि उस मुश्किल वक्त में रिया की मां की आवाज चली गई। माता-पिता दोनों ने बोलना बंद कर दिया। अभिनेत्री की मां घंटों हाथ जोड़कर मंदिर में खड़ी रहा करती थीं। निधि ने खुलासा किया कि जब नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने रिया को ड्रग से संबंधित मामले में गिरफ्तार किया तो रिया के माता-पिता बुरी तरह टूट गए। बता दें कि रिया चक्रवर्ती, सुशांत सिंह राजपूत की गर्लफ्रेंड रहीं। एक्टर के निधन के बाद उन्हें कई आरोपों में जांच से गुजरना पड़ा। उनका मीडिया ट्रायल हुआ। वे कानूनी लड़ाई से गुजरीं।

### 'हर तरफ सिर्फ नफरत की लहर थी'



निधि ने इंटरव्यू के दौरान कहा कि रिया को बलि का बकरा बनाया गया। निधि ने आगे कहा कि रिया के माता-पिता सुशांत को परिवार की तरह मानते थे। एक्टर के निधन से उन्हें सदमा लगा। निधि ने कहा, 'मैंने देखा कि वे कैसे टूट गए। उनकी मानसिक सेहत पहले से ही खराब थी। रिया ने जो कुछ भी सहा वह भुलाया नहीं जा सकता। मैं उनकी जिंदगी को बिखरता देख असहाय महसूस कर रही थी। रिया और परिवार के खिलाफ नफरत की लहर थी और हर कोई उस पर सवार था। कोई भी सच नहीं जानना चाह रहा था'।